नई दिल्ली

बुधवार 2 सितंबर 2026

भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष,
षष्ठी वर्ष : 30, अंक : 135
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 32.0°C
न्यून. 26.0°C

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

11 टी20 कॅरियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू

पहली तिमाही में 7.8% जीडीपी ग्रोथ पर जताई खुशी

आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराने की नागरिकों से अपील की

पीएम ने देशवासियों से फिर स्वदेशी अपनाने, विदेश यात्रा और अनावश्यक सोना खरीदने से बचने का आग्रह किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 7.8% की शानदार जीडीपी ग्रोथ के लिए बधाई देते हुए एक बार फिर नागरिकों से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराने की अपील की।

सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में प्रधानमंत्री ने मंगलवार सुबह कहा कि देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई। 7.8% की विकास दर ने देश में खुशी का माहौल बना दिया है। मैं देशवासियों को उनके संकल्प और कड़ी मेहनत के लिए बधाई देता हूं। यह हमारी सामूहिक शक्ति का प्रमाण है। दुनिया युद्ध में डूबी हुई है। चारों तरफ युद्ध की खबरें हैं। दुनिया संकटों से घिरी हुई है। सप्लाई चेन पूरी तरह से गड़बड़ा गई है। 2020 में कोविड के दौर से लेकर आज तक कहीं भी स्थिरता नजर नहीं आ रही है। इसके बावजूद भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने नागरिकों से अपील की कि वे खरीदारी या यात्रा करते समय स्वदेशी चीजों को प्राथमिकता दें। मिडिल ईस्ट में चल रहे संघर्ष के बीच कुछ महीने पहले की गई अपनी अपील को दोहराते हुए उन्होंने एक बार फिर लोगों से कहा कि वे विदेश यात्रा न करें और गैर-जरूरी सोना खरीदने से बचें, ताकि भारत को युद्ध से जुड़े झटकों से निपटने में मदद मिल सके।

❛ ताकि भारत को युद्ध से जुड़े झटकों से निपटने में मदद मिल सके

'वेड इन इंडिया' का मंत्र अपनाएं

पीएम ने अपने संदेश में कहा कि पर्यटन के लिए विदेशों की यात्रा न करें। विदेशों में डेस्टिनेशन वेडिंग आयोजित करने से बचें। हमें 'वेड इन इंडिया' के मंत्र को अपनाना चाहिए। जरूरी न हो तो सोना खरीदने से बचें। उन्होंने कहा कि हम जितना ज्यादा स्थानीय उत्पादों और सेवाओं को अपनाएंगे भारत उतनी ही ज्यादा तरक्की करेगा। अगर हम आत्मनिर्भरता पर जोर देते रहे तो मुझे पूरा भरोसा है कि जब हम आजादी के 100 साल पूरे करेंगे तब हम युवाओं को एक विकसित भारत सौंपेंगे।

विकसित भारत की दिशा में कड़ी मेहनत जरूरी

देशवासियों से भारत की तरक्की का जश्न मनाने को कहते हुए पीएम मोदी ने देश से विकसित भारत की दिशा में कड़ी मेहनत करने का भी आह्वान किया। पीएम मोदी ने कहा कि हम अपनी कड़ी मेहनत ▶▶ शेष पेज 7 पर

नीट यूजी प्रदर्शन: जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

अदालत ने अनुच्छेद 142 के तहत विशेष शक्तियों का इस्तेमाल कर दिया आदेश

जंतर-मंतर प्रोटेस्ट की सभी एफआईआर रद्द कीं, नई एफआईआर भी दर्ज नहीं होंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट-यूजी पेपर लीक मामले में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर रद्द करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 5 सितंबर को प्रस्तावित अपना इंडिया गेट मार्च रद्द कर दिया है। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। पीठ ने सीजेपी द्वारा मार्च वापस लेने के कदम की सराहना की। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी की कि यदि दोनों पक्ष परस्पर विश्वास दिखाएं, तो बातचीत के माध्यम से हर समस्या का समाधान संभव है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच सकारात्मक माहौल ▶▶ शेष पेज 7 पर

❛ तोड़फोड़ और हिंसा में आरोपी बनाए गए 2,873 लोगों के खिलाफ दर्ज जांच जारी रहेगी

केंद्र सरकार 90 दिन में पीड़ितों परिवारों को मुआवजा देगी

अधिवक्ताओं के साथ सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास और रत्ना सिंह खुशी व्यक्त करते हुए

» **कॉकरोच** जनता पार्टी ने 5 सितंबर का मार्च लिया वापस

» **सीजेआई बोले** दोनों पक्ष परस्पर विश्वास दिखाएं चर्चा से समाधान संभव

» **कोर्ट ने** केंद्र सरकार को पूरे देश में मुआवजा भुगतान के लिए एक नीति बनाने का आदेश दिया

चार राज्यों में छात्रों को मिलेगी राहत : सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से दिल्ली, असम, पश्चिम बंगाल और बिहार में प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज मामले खत्म हो जाएंगे। इसके साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि इस विरोध-प्रदर्शन को लेकर छात्रों के खिलाफ कोई नई एफआईआर दर्ज नहीं की जाएगी। हालांकि, दिल्ली पुलिस द्वारा प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ और हिंसा में आरोपी बनाए गए 2,873 लोगों के खिलाफ दर्ज जांच जारी रहेगी।

दीपके ने जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों से माफी मांगते हुए इसे सरकार की नाकामी बताया

एफआईआर रद्द होने पर बोले नड्डा, छात्रों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

▪ सरकार सुप्रीम कोर्ट के सामने कहे कि सम्मानजनक राशि का मुआवजा 90 दिनों के भीतर दिया जाएगा : सौरव दास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को कहा कि छात्रों का भविष्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई न करने का वादा पूरा किया जा रहा है। नड्डा ने कहा कि छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लेने का अपना वादा पूरा किया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद नीट विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में प्रदर्शनकारी छात्रों पर दर्ज एफआईआर वापस लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरी तरफ, सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने नीट की तैयारी के दौरान जान गंवाने वाले छात्रों के परिवारों से माफी मांगते हुए इसे सरकार की नाकामी बताया।

दीपके ने नीट की तैयारी के दौरान जान गंवाने वाले छात्रों के परिजनों से माफी मांगते हुए कहा कि सरकार की नाकामी के कारण बच्चों को जान गंवानी पड़ी।

नड्डा ने कहा, छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए हमने भारत सरकार की ओर से भरोसा दिलाया था कि प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ दर्ज मामले वापस ले लिए जाएंगे और भविष्य में उनके ▶▶ शेष पेज 7 पर

एससीओ समिट 2026: बिश्केक में दिग्गज जुटे

पीएम मोदी पुतिन-जिनपिंग से गर्मजोशी से मिले वैश्विक मंच से आतंकवाद पर पाकिस्तान को घेरा

एजेंसी ▶▶ बिश्केक (किर्गिस्तान)

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित 26वें शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान भारत की ओर से बड़ा कूटनीतिक और सुरक्षा संदेश सामने आया है। सम्मेलन के दूसरे दिन एक तरफ जहां पीएम नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गर्मजोशी भरी मुलाकात और बातचीत देखने को मिली, वहीं दूसरी तरफ आतंकवाद के मुद्दे पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया। सम्मेलन के दौरान ग्रुप फोटोग्राफी के समय वैश्विक मंच पर एक खास नजारा देखने को मिला। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग खुद आगे बढ़कर पीएम मोदी की तरफ बढ़े और हाथ मिलाकर गर्मजोशी से बातचीत की। जब तीनों वैश्विक नेता आपस में ▶▶ शेष पेज 7 पर

पाक पीएम की मौजूदगी में मोदी का संदेश आतंकवाद किसी भी राष्ट्र के लिए नहीं हो सकता रणनीतिक संपत्ति

नरेंद्र मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग

एससीओ ग्रुप फोटो से पीएम मोदी को हटाने पर घिर गया पाकिस्तान

सोशल मीडिया पर फजीहत के बाद पोस्ट की पूरी तस्वीर

एससीओ शिखर सम्मेलन से एक नया कूटनीतिक विवाद सामने आया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सम्मेलन के बाद राष्ट्रध्यक्षों की एक ग्रुप फोटो सोशल मीडिया पर साझा की, जिसमें से भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुछ अन्य नेताओं को तस्वीर से क्रॉप करके (काटकर) हटा दिया गया था। हालांकि ▶▶ शेष पेज 7 पर

एलआईसी की बीमा प्लेटिनम जीवन सुरक्षा, गारंटीड एडिशन्स और अन्य कई लाभ प्रदान करती है, साथ ही आपके भविष्य को और समृद्ध बनाती है.

प्रस्तुत है
एलआईसी की बीमा प्लेटिनम
यूआईएन: 512N397V01 | प्लान नं.: 770
नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

ऑनलाइन भी उपलब्ध

मुख्य विशेषताएँ:
- गारंटीड एडिशन्स - प्रत्येक ₹1,000/- के कुल वार्षिकीकृत प्रीमियम पर ₹70/- की दर से प्रतिवर्ष प्रीमियम भुगतान अवधि (Premium Paying Term-PPT) के दौरान अर्जित होंगे
- बूस्टर इनकम बेनिफिट - PPT के बाद 5वें वर्ष के अंत में मूल बीमा राशि का 70%
- नियमित आय लाभ - भुगतान अवधि (Policy Term minus PPT) के दौरान मूल बीमा राशि का 10% प्रतिवर्ष समाप्ति पर
- मौजूदा एलआईसी पॉलिसीधारकों तथा दिवंगत पॉलिसीधारकों के नामितों/लाभार्थियों के लिए रिबेट
- राइडर लाभों के माध्यम से बीमा सुरक्षा बढ़ाने का विकल्प

क्यूआर कोड स्कैन करें और My LIC App डाउनलोड करें | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC/R1/2026-27/17/Hin

उनका कल सुरक्षित करें, और खुशियों को यूँ ही खिलने दें.

प्रस्तुत है
एलआईसी की जीवन रक्षा
यूआईएन: 512N368V01 | प्लान नं.: 894
नॉन-पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, शुद्ध जोखिम योजना

ऑनलाइन भी उपलब्ध

मुख्य विशेषताएँ:
- पॉलिसी अवधि के दौरान बीमित व्यक्ति की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु होने की स्थिति में परिवार को वित्तीय सहायता का प्रावधान
- ₹5 लाख की न्यूनतम बीमा राशि
- प्रीमियम भुगतान की विभिन्न अवधियों में से चुनने की सुविधा
- महिलाओं के लिए विशेष दरें
- आकर्षक उच्च बीमा राशि रिबेट का लाभ
- राइडर विकल्प उपलब्ध

क्यूआर कोड स्कैन करें और My LIC App डाउनलोड करें | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ

अधिक जानकारी के लिए, अपने बीमा एजेन्ट/अपनी निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें/www.licindia.in पर जाएं
हमें यहाँ फ़ॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

LIC/R1/2026-27/18/Hin

अब भविष्य को दिजिए
इलेक्ट्रिक रफ्तार !
सुरक्षा, सुविधा, सेविंग्स
Tunwal
Chal Tu Befikar!
450+ Dealers
Pan India
प्रतीकात्मक मानचित्र
आपकी फैमिली का एक नया सदस्य
Tunwal E-Scooters
SCAN QR
12 साल से आपके भरोसे की सवारी..........
Term & Condition Applied
HARYANA TUNWAL AUTO ELECTRIC
Jind Hisar Road, Sukhpura Chowk, Rohtak (Haryana) 124001
Contact for Dealership: +91 9255551240, +91 7404607572

खबर संक्षेप

मास्टर प्लान-2047 से हर क्षेत्र में संतुलन पैदा होगाः बिधूड़ी

नई दिल्ली। दिल्ली मास्टर प्लान-2047 से हर क्षेत्र में संतुलन पैदा होगा। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मंगलवार को डीडीए द्वारा मास्टर प्लान-2047 पर विचार के लिए दिल्ली के सांसदों और विधायकों की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सांसदों ने मास्टर प्लान में और कुछ विषयों को भी शामिल करने का सुझाव दिया। उन्होंने मास्टर प्लान को दिल्ली के भविष्य का रोडमैप बताया। सांसद ने बताया कि भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों के साथ-साथ विपक्ष के विधायकों ने भी सुझावों का समर्थन किया। बैठक में भाजपा सांसद मनोज तिवारी व प्रवीण खंडेलवाल और डीडीए के सदस्य विधायक ओमप्रकाश शर्मा व करतार तंवर भी उपस्थित रहे। सांसद बिधूड़ी ने बताया कि बैठक में डीडीए के उपाध्यक्ष डॉ. एन. सरवन कुमार का इन सभी विषयों को लेकर बहुत ही सकारात्मक रुख रहा। सांसद बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली मास्टर प्लान-2047 दिल्ली को आधुनिक, हरा-भरा और भविष्य का शहर बनाने का एक दीर्घकालिक रोडमैप है।

भाजपा की नाकामी से दिल्ली बन चुकी है रेप कैपिटल : पुष्पा

नई दिल्ली। बस में 16 वर्षीय लड़की के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना के बाद मंगलवार को दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली रेप कैपिटल बन चुकी है। उन्होंने कहा कि इस घटना ने एक बार फिर निर्भया कांड की भयावह यादों को ताजा कर दिया है। भाजपा की देश और दिल्ली की सरकारों ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ बेटी बचाओ के महिला सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करने के बावजूद राजधानी में बलात्कार, छेड़छाड़, हिंसा, अपहरण, छीनाझपटी सहित महिलाओं के साथ गंभीर अपराधों की घटनाएं कम होने की बजाय हर दिन बढ़ रही हैं। प्रैसवार्ता में पुष्पा सिंह के साथ निगम में कांग्रेस दल की नेता नाजिया दानिश, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस महासचिव नीतू वर्मा सहित अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की दिल्ली प्रभारी नीता सेहरावत भी मौजूद रहीं।

बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त सोलर पैनल उपलब्ध कराएगी दिल्ली सरकारः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार दिल्ली में औसतन 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाले घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त सोलर पैनल उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दिल्ली सोलर एनर्जी पॉलिसी-2023 (दूसरा संशोधन) के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि दिल्ली के ऊर्जा परिदृश्य में बदलाव की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने सौर ऊर्जा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए दिल्ली सौर ऊर्जा नीति का नया संस्करण (दूसरा संशोधन) पेश किया है। प्रेस वार्ता के दौरान दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई पॉलिसी के तहत,

वित्त वर्ष 2025-26 में औसतन 400 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाले घरेलू ग्राहकों के लिए 3 किलोवाट तक के रूफटॉप सोलर सिस्टम बिना किसी शुरुआती खर्च के लगाए जाएंगे। विशेष बात यह है कि 200 यूनिट तक बिजली इस्तेमाल करने वाले ग्राहक सोलर सिस्टम लगाने के बाद न सिर्फ सब्सिडी का फायदा पाते रहेंगे, बल्कि बचाई गई बिजली के बदले उन्हें एनर्जी-सेविंग इंसेंटिव भी मिलेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना' के विजन को दिल्ली में और मजबूत करते हुए सरकार ने ऐसी व्यवस्था तैयार की है, जिसमें आम परिवार के लिए सोलर सिस्टम लगाना आसान और लगभग बिना वित्तीय बोझ के होगा। इस नीति से दिल्ली के लोग बिजली इस्तेमाल करने के साथ-साथ बिजली भी पैदा कर सकेंगे।

दिल्ली कैबिनेट में लिया है यह महत्वपूर्ण निर्णय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन 'विकसित भारत' का है और विकसित भारत का रास्ता निश्चित रूप से 'विकसित दिल्ली' से होकर जाता है। इसी सोच के अनुरूप दिल्ली सरकार ने सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। दिल्ली में सौर ऊर्जा की संभावनाएं बहुत अधिक हैं और सरकार का लक्ष्य केवल बिजली बिल कम करना नहीं, बल्कि दिल्ली के घरों को बिजली पैदा करने वाला घर बनाना है।

दिल्ली को फ्री सोलर की दिशा में आगे लेकर जाना है

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'पीएम सूर्य घर' के विजन को जमीन पर तेजी से लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस और उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दिल्ली की जनता को इस नीति का लाभ जल्द से जल्द मिले, इसके लिए सरकार तत्काल कार्रवाई शुरू करेगी। दिल्ली को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने और हर घर को ऊर्जा उत्पादन में भागीदार बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम है। सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली में सौर ऊर्जा सस्ती हो, सरल हो और हर योग्य परिवार की पहुंच में हो। हमें फ्री बिजली के साथ दिल्ली को फ्री सौर ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाना है।

मुफ्त बिजली को अगले 25 वर्षों के लिए सुरक्षित कियाः सूद

दिल्ली के ऊर्जा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि हमने न केवल मुफ्त बिजली की व्यवस्था को जारी रखा है, बल्कि इसे अगले 25 वर्षों के लिए सुरक्षित और संस्थागत भी किया है। दिल्ली सोलर एनर्जी पॉलिसी-2023 के दूसरे संशोधन को मंजूरी देने का ऐतिहासिक निर्णय इसी दिशा में एक बड़ा कदम है। इसके तहत 2 लाख 30 हजार उपभोक्ताओं की छतों पर बिना अग्रिम लागत के सोलर सिस्टम लगाए जाएंगे। यह निर्णय दिल्ली के हर घर को बिजली का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि बिजली उत्पादन में भी भागीदार बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

दिल्ली में 35 रुपये किलो की दर पर मिलेगा प्याजः रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

■ केंद्र सरकार ने 1000 मीट्रिक टन प्याज उपलब्ध कराने का लिया निर्णय

दिल्ली सरकार राजधानी में प्याज का संकट पैदा नहीं होने देगी और इसे देखते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली में प्याज 35 रुपये प्रति किलो की दर से बेचने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को स्पष्ट किया है कि राजधानी में प्याज की कीमतों और उपलब्धता को लेकर बन रहे दबाव के बीच दिल्ली सरकार ने लोगों को बड़ी राहत देने की पहल की है। केंद्र सरकार ने दिल्ली के लिए 1000 मीट्रिक टन प्याज उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसे उचित दर दुकानों के माध्यम से 35 रुपये प्रति किलो की दर से उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाएगा। रेखा गुप्ता ने कहा कि सरकार का उद्देश्य दिल्लीवासियों को आवश्यक खाद्य वस्तुओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें उचित और सस्ती दरों पर प्याज उपलब्ध कराना है। सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि प्याज जैसी आवश्यक खाद्य वस्तु आम लोगों की पहुंच से बाहर न हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि उचित दर दुकानों के साथ-साथ दिल्ली के सभी 13 जिलों में एक-एक वैन के माध्यम से भी प्याज की बिक्री की जाएगी। ये वैन राजधानी के अलग-अलग इलाकों में जाकर लोगों को 35 रुपये प्रति किलो की दर से प्याज उपलब्ध कराएंगी। वैन के माध्यम से बिक्री का उद्देश्य उन क्षेत्रों तक भी सस्ता प्याज पहुंचाना है, जहां लोगों को उचित दर दुकानों तक पहुंचने में कठिनाई हो सकती है। इससे राजधानी के विभिन्न इलाकों में प्याज की उपलब्धता बढ़ेगी और अधिक संख्या में दिल्लीवासियों को इसका लाभ मिल सकेगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि दिल्ली सरकार प्याज की उपलब्धता और कीमतों पर लगातार नजर रख रही है। सरकार का प्रयास है कि राजधानी में किसी भी स्थिति में प्याज का संकट पैदा न हो और लोगों को उचित दर पर आवश्यक खाद्य सामग्री उपलब्ध होती रहे। दिल्ली सरकार आम लोगों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्याज की सस्ती और पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगी। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लिए 1000 मीट्रिक टन प्याज उपलब्ध कराने का निर्णय भी इसी दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग है।

दिल्ली विधानसभा परिसर में बनेगा नया संग्रहालय : विजेंद्र

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा परिसर में शीघ्र ही एक आधुनिक एवं अत्याधुनिक संग्रहालय स्थापित किया जाएगा, जो दिल्लीवासियों को इस ऐतिहासिक स्थल के समृद्ध इतिहास, संवैधानिक विरासत और स्थापत्य धरोहर को जानने-समझने का अवसर प्रदान करेगा। यह बात मंगलवार को दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। युवा संपर्क कार्यक्रम के तहत छात्रों से संवाद करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने परिसर को आम जनता के लिए एक शैक्षिक गंतव्य के रूप में विकसित करने की योजनाओं की जानकारी दी। प्रस्तावित संग्रहालय में दुर्लभ ऐतिहासिक कलाकृतियों, अभिलेखीय दस्तावेजों और आजादी से पूर्व एवं आजादी के बाद विधानसभा के विकास क्रम को दर्शाने वाली संवादात्मक प्रदर्शनियों को प्रदर्शित किया जाएगा।

आप प्रतिनिधिमंडल एलजी से मिला
दवा, चावल और साइकिल घोटाले में जांच की मांग

नई दिल्ली। आप पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को उपराज्यपाल से मुलाकात कर तथाकथित दवा, चावल, साइकिल घोटाले की जांच की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में आप प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज, विधायक संजीव झा, कुलदीप कुमार, जरनैल सिंह, मुकेश अहलावत, चौधरी जुबैर अहमद, वीर सिंह धिंगान शामिल रहे। इस बारे में सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमने एलजी के सामने साक्ष्य व तथ्य पेश करते हुए एसीबी और विजिलेंस से सभी मामलों की जांच करवा कर एफआईआर कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम अब सीएम रेखा गुप्ता से भी मिलकर बताना चाहते हैं कि उनके मंत्रियों के मंत्रालय में करोड़ों का भ्रष्टाचार हो रहा है। भारद्वाज ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एलजी अपने दिए गए आश्वासन को पूरा करेंगे और सभी घोटालों की जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

रेखा सरकार ने डेढ़ साल में बनाया घोटाले का रिकॉर्डः भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि रेखा गुप्ता सरकार ने डेढ़ साल में घोटाले का रिकॉर्ड बना दिया है। उन्होंने कहा कि दवा घोटाले के बाद अब चावल घोटाला में भी एफआईआर दर्ज हुई जिसमें मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा का भी जिक्र है। भारद्वाज ने मांग की है क इस मामले में सीबीआई को चाहिए कि वह मंत्री सिरसा से पूछताछ करे कि नेरमैक निगम से कौन लोग सचिवालय में आए और किन -किन लोगों से मिले। इस मामले में निलंबित एडिशन कमिश्नर ने भी नोटिस के जवाब में कहा है कि मंत्री से चर्चा और निर्देश के बाद एफसीआई से पत्राचार किया गया था। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गरीबों का 50 हजार मीट्रिक टन चावल लूटा गया और हरियाणा की एक कंपनी को बेच दिया गया। इस मामले में सवाल है कि आखिरकार मंत्री सिरसा ने अपने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के कमिश्नर के बजाय स्पेशल कमिश्नर को पत्र क्यों भेजा था। उन्होंने कहा कि यह चावल सिर्फ राज्य सरकार को ही मिल सकती थी, इसलिए दिल्ली सरकार ने एफसीआई को एनओसी दिया था। यह एफआईआर चावल चोरी के मामले में सीबीआई ने 27 अगस्त 2026 को क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी, चीटिंग और अन्य अलग-अलग मामलों में दर्ज की है। कुछ दिनों पहले आम आदमी पार्टी कहा था कि दिल्ली के गरीब लोगों के लिए फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से जो चावल चला था, वह दिल्ली में एक किलो भी नहीं बंटा। यह चावल 31,000 मीट्रिक टन नहीं, बल्कि इससे भी ज्यादा था। असल में 50,645 मीट्रिक टन चावल की लूट हुई है। भारद्वाज ने कहा कि सीबीआई ने बताया है कि 7 जनवरी 2026 को आई इस चिट्ठी को कई महीनों बाद 8 अप्रैल 2026 को फॉरवर्ड किया गया। मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने इस पत्र को अपने कमिश्नर को भेजने के बजाय, दो पोस्ट नीचे एडिशनल कमिश्नर को भेज दिया और लिखा कि मैं इसे स्पेशल कमिश्नर को भेज रहा हूं। आखिर कमिश्नर को क्यों नहीं भेजा गया, यह मंत्री से हमारा सवाल है। मैं पहले भी कह रहा था कि सिर्फ चिट्ठी फॉरवर्ड करने से किसी को हजारों मीट्रिक टन चावल नहीं मिल जाता।

न्यायालय द्वारा प्रवेश वर्मा को स्कूल मामले पर की गई पोस्ट नहीं हटाने के आदेश का स्वागतः भारद्वाज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय द्वारा मंत्री प्रवेश वर्मा द्वारा अपने सोशल मीडिया मंचों पर की गई पोस्ट को नहीं हटाने के आदेश का आप पार्टी स्वागत करती है। उन्होंने कहा कि न्यायालय ने मंत्री प्रवेश वर्मा और उनके सहयोगियों को उन सोशल मीडिया पोस्ट को न हटाने का आदेश दिया, इनमें एसएस मोता सिंह स्कूल के ट्रस्टी अमरजीत सिंह बब्बू के साथ उनके संबंध दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि मंत्री वर्मा के अधिवक्ताओं ने सोशल मीडिया पोस्ट्स को संरक्षित रखने की अर्जी का विरोध किया, लेकिन न्यायालय ने अस्वीकार करते हुए निर्देश दिया है इन्हें न हटाया जाए। वहीं न्यायालय के समक्ष मंत्री प्रवेश वर्मा पहले ही अमरजीत सिंह बब्बू के साथ किसी भी संबंध से इनकार कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि मेरे अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कई तस्वीरें और वीडियो प्रस्तुत किए, जो प्रवेश वर्मा और उनके सहयोगियों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट किए गए थे।

स्थायी समिति में उठे मच्छर जनित बीमारियों व स्कूलों में बच्चों के साथ हो रही घटनाओं के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थायी समिति की बैठक में पक्ष एवं विपक्ष दोनों तरफ के पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित समस्याएं, मुद्दे उठाए और कई सुझाव भी रखे। पार्षदों ने स्कूलों में बच्चों के साथ मारपीट का मुद्दा उठाया। इसके अलावा मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम, स्वाइन फ्लू, अवैध प्ले स्कूल, सड़कों पर अवैध अतिक्रमण,बेसहारा पशुओं की समस्या, पार्कों के रखरखाव, प्रदूषण तथा स्वच्छता व्यवस्था सहित विभिन्न जनहित के विषय प्रमुखता से उठाए गए। बैठक में विपक्षी पार्षदों ने जाफराबाद के एक निजी स्कूल में बच्चे के साथ हुई शारीरिक मारपीट व मानसिक रूप से परेशान किए जाने की घटना पर सवाल उठाते हुए सत्ता पक्ष को घेरा। विपक्षी पार्षदों ने दिल्ली में फैल रहे एन1एच1, डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों को लेकर सत्ता पक्ष को खरी खोटी सुनाई। विपक्ष ने अवैध प्ले स्कूलों के विरुद्ध , अवैध खाने के ठेलों एवं सड़कों पर तंदूर के इस्तेमाल पर रोक, आवारा पशुओं की समस्या के समाधान सहित साफ सफाई का मुद्दा उठाया। वहीं स्थायी समिति अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को पारित किया और पक्ष विपक्ष के पार्षदों को भरोसा दिया कि सभी मुद्दों पर गंभीरता से कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में सभी पार्षदों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम संबंधी

सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे है और अधिकारियों को परवाह नहीं बरतने के लिए कड़े दिशा निर्देश दे दिए गए है। अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग कराने के साथ-साथ व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाने, संबंधित पार्षदों को सक्रिय रूप से शामिल करने के लिए भी कहा है। सत्या शर्मा ने दिल्ली में स्वाइन फ्लू के मामलों को लेकर संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों को स्वाइन फ्लू से बचाव एवं सावधानियों के संबंध में जागरूक करने के लिए व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शर्मा ने दिल्ली में संचालित किए जा रहे अवैध प्ले स्कूलों पर कहा कि संबंधित अधिकारियों को ऐसे संस्थानों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई करने तथा बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए है। सड़कों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से संचालित हो रहे खाने के ठेलों तथा खुले में तंदूर आदि पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है।

'पेट की बीमारी को हल्के में लेना पड़ सकता है भारी'

■ मामूली दिखने वाले लक्षणों को नजरअंदाज न करें : एम्स

नई दिल्ली। बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतों और संक्रमणों के कारण देश में पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों का बोझ लगातार बढ़ रहा है। 'फैटी लिवर, कोलोरेक्टल कैंसर, एच. पाइलोरी संक्रमण और कृमि संक्रमण' जैसी समस्याएं अब केवल कुछ लोगों तक सीमित नहीं रह गई हैं। मंगलवार को एम्स के विशेषज्ञों ने कहा कि पेट से जुड़ी छोटी-सी परेशानी को भी लंबे समय तक नजरअंदाज करना गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। ऐसे में शुरुआती लक्षणों की पहचान, समय पर जांच और बचाव बेहद जरूरी है। मंगलवार को एम्स नई दिल्ली में 'वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी 2026' के आयोजन को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता में विशेषज्ञों ने देश में बदलते गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल रोगों के परिदृश्य पर चिंता जताई। विशेषज्ञों ने बताया कि 'वर्ल्ड कांग्रेस ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी 2026 का आयोजन 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक नई दिल्ली में होगा।' भारत में पहली बार आयोजित होने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में दुनिया भर के विशेषज्ञ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी से जुड़ी बीमारियों, उनके बचाव, आधुनिक उपचार और नई तकनीकों पर विचार-विमर्श करेंगे।

राहुल पर एफआईआर के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस ने सभी जिलों में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

■ एफआईआर दर्ज करना भाजपा में पनप रहे डर और उनकी जातिवादी मानसिकता को करता है उजागर : देवेंद्र यादव

उत्तराखंड पुलिस द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर एफआईआर दर्ज होने के खिलाफ मंगलवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दिल्ली के सभी जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने मांग की है कि उत्तराखंड पुलिस भाजपा-आरएसएस के उन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे जिन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के उत्तराखंड में रैली स्थल का शुद्धिकरण करके उनका जातिवादी भेदभाव, छुआछूत और अपमान किया है। प्रदर्शनकारियों में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव संगठन एवं पूर्व विधायक अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता और सुरेन्द्र कुमार आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। यादव ने कहा कि उत्तरखंड पुलिस ने भाजपा-आरएसएस के गुंडों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय एक निजी व्यक्ति की शिकायत पर राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करना भाजपा में पनप रहे डर, उनकी जातिवादी मानसिकता को उजागर करता

है। यादव ने कहा कि यह चिंताजनक है कि राहुल गांधी द्वारा प्रैसवार्ता को संबोधित करके मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा एक रैली को संबोधित करने वाले कार्यक्रम स्थल का शुद्धिकरण करने वाले भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्रवाई की मांग के तुरंत बाद उत्तराखंड पुलिस ने शुद्धिकरण करके अपमान करने में शामिल दोषियों को दंडित करने के बजाय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की, जो संवैधानिक मानदंडों का उल्लंघन था। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में दलितों जो सामाजिक समानता और न्याय के जो अधिकार दिए थे, भाजपा उन्हें खत्म करना चाहती है, आज वक्त है पूरा देश भाजपा के खिलाफ एकजुट होकर संविधान को बचाने के लिए खड़ा हो। यादव ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता तब तक अपना विरोध खत्म नहीं करेंगे जब तक शुद्धिकरण प्रकरण के दोषियों को दंडित नहीं किया जाता। राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर का तर्क न्याय की आवाज को दबाने के लिए भाजपा का प्रयास है, लेकिन कांग्रेस भाजपा के इस तरह के घृणित कार्यवाही से डरने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की ओछी राजनीति का प्रतीक है जिसे पूरी दुनिया देख रही है। यादव ने कहा कि भाजपा-आरएसएस दलितों पर अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर हमला करने के लिए राज्य की पूरी ताकत लगाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान में निहित सामाजिक न्याय के मूल्यों पर हमला किया है और कांग्रेस इस हमले के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि हम सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी के साथ खड़े हैं और तब तक चैन से नहीं बैठेंगे जब तक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अपमान के दोषियों को दंडित नहीं किया जाता।

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

SIR 2026
विशेष गहन पुनरीक्षण
हरियाणा

CHIEF ELECTORAL OFFICER, HARYANA

हरियाणा में दावे एवं आपत्तियों की अवधि बढ़ा दी गई है 30 सितंबर, 2026 तक

फॉर्म-6
नए मतदाता के लिए
यदि आप 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और आपका नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो फॉर्म-6 भरें
नया नाम जोड़ने हेतु

फॉर्म-7
नाम हटाने के लिए
यदि किसी का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसकी मृत्यु हो गई है या स्थान परिवर्तन किया है, तो फॉर्म-7 भरें।
नाम हटाने हेतु

फॉर्म-8
विवरण सुधारने के लिए
यदि आपके नाम, आयु, पता, फोटो या अन्य विवरण में कोई गलती है, या फिर स्थान परिवर्तन किया है, तो फॉर्म 8 भरें
विवरण सुधारने हेतु

कृपया फॉर्म 6 व 8 के साथ आवश्यक दस्तावेज एवं घोषणा-पत्र अवश्य संलग्न करें।

फॉर्म के साथ आवश्यक दस्तावेज जमा करने के विकल्प
ऑनलाइन voters.eci.gov.in के माध्यम से
या
अपने क्षेत्र के ERO / AERO कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से

अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1950
ECINET ऐप डाउनलोड करें नवीनतम जानकारी पाएं
मतदाता सूची देखें voters.eci.gov.in

एलएनजेपी चौकी के पास युवक की चाकू से वार कर हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

आईपी एस्टेट थाने की एलएनजेपी चौकी क्षेत्र में धोबी घाट पर आपसी विवाद के दौरान 23 वर्षीय युवक ने अपने दोस्त की चाकू से वार कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी शिवम चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार रात करीब 11:40 बजे धोबी घाट पर हुई। मृतक की पहचान धोबी घाट निवासी शिवम माथुर (25) के रूप में हुई है। पीड़ित और आरोपी दोस्त थे, लेकिन पिछले कुछ दिनों से उनके बीच विवाद चल रहा था। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि मृतक आरोपी शिवम चौहान (23) और दोस्त शिव कुमार गौतम एक साथ समय बिताने के लिए इकट्ठा हुए थे। माथुर और चौहान का पुराना विवाद अचानक बढ़ गया, जिस दौरान आरोपी चौहान ने चाकू से माथुर के सीने और पेट पर कई वार किए। घटना के बाद गौतम घायल माथुर को एलएनजेपी अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के आधार पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना के चश्मदीद गौतम के बयान के आधार पर आरोपी की पहचान की गई। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में आईपी एस्टेट थाने में मामला दर्ज किया गया है। धोबी घाट निवासी आरोपी शिवम चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है और अपराध में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है।

निजी बैंक के डिप्टी मैनेजर सहित तीन गिरफ्तार

शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले की साइबर पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 20 लाख 72 हजार की धोखाधड़ी के केस में निजी बैंक के डिप्टी मैनेजर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि डिप्टी मैनेजर ने दो प्रतिशत कमीशन के बदले साइबर ठगों को बैंक खातों की सुविधा उपलब्ध कराई थी। अपराध में इस्तेमाल चार मोबाइल फोन भी बरामद किये गये हैं। पकड़े गये लोगों के नाम कन्हैया दास, राहुल टेलर और डिप्टी मैनेजर आरिफ हुसैन मंसूरी के रूप में हुई है।

डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार नितिन अरोड़ा की ओर से साइबर धोखाधड़ी के संबंध में ऑनलाइन शिकायत प्राप्त हुई थी। ठगों ने उनसे शेयर बाजार में निवेश पर मोटे रिटर्न का झांसा देकर 20 लाख 72 हजार रुपये ठग लिये थे। इस संबंध में गत वर्ष 27 फरवरी को केस दर्ज किया गया था। जांच टीम ने मनी ट्रेल, बैंक खातों के रिकॉर्ड, मोबाइल नंबर आदि का

विवरण प्राप्त किया। जांच के दौरान पाया गया कि ठगी की रकम बैंक खातों में घुमाने के बाद चैक से निकाली गई थी। लेनदेन के पैटर्न और तकनीकी निगरानी के विश्लेषण से राजस्थान के उदयपुर जिले के मावली में आरोपी के ऑपरेशनल बेस का पता चला। फील्ड इंटेलिजेंस के जरिये कन्हैया दास और राहुल टेलर की पहचान की गई और बाद में उन्हें इस साल 23 मई को मावली, उदयपुर से गिरफ्तार किया गया था। जांच के दौरान पता चला कि कन्हैया दास वह खाताधारक था जिसके बैंक खाते का इस्तेमाल धोखाधड़ी से हासिल रकम को प्राप्त करने के लिए किया गया था, जबकि राहुल टेलर ने खुद के चेक के जरिए नकद निकासी में मदद की थी। कन्हैया दास टैक्सी ड्राइवर के तौर पर काम कर रहा था, जबकि राहुल टेलर मनी ट्रांसफर के काम में शामिल था। आगे की जांच से पता चला कि राहुल टेलर अपने मनी ट्रांसफर के काम और नकद की जरूरत के दौरान एक प्राइवेट बैंक के डिप्टी मैनेजर के संपर्क में आया था। इसके बाद राहुल उस बैंक अधिकारी से जुड़ा, जिसने कन्हैया दास के बैंक खाते की व्यवस्था करने में मदद की थी। मोबाइल फोन की जांच के दौरान मंसूरी की संलिप्तता साबित हुई। इसके बाद आरिफ हुसैन को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया। जांच में यह भी पता चला कि आरिफ अप्रैल 2024 से संबंधित ब्रांच में काम कर रहा था और उसने ठगों का साथ देने के लिये दो प्रतिशत कमीशन लिया था।

अगवा तीन साल का बच्चा बिहार से बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी जिले की ख्याला पुलिस ने इलाके से अगवा तीन साल के बच्चे को बिहार के मुंगेर से बरामद कर लिया है। एक हजार किलोमीटर से ज्यादा की खोजबीन के बाद बच्चा बरामद हुआ। इस वारदात में शामिल महिला को भी पकड़ लिया गया।

पुलिस के अनुसार बच्चा गुरु गोविंद सिंह अस्पताल से अगवा हुआ था। अस्पताल से बिहार तक बच्चे की आवाजाही का पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी निगरानी और स्थानीय खुफिया जानकारी का इस्तेमाल किया गया।☞ ख्याला पुलिस स्टेशन की एक टीम ने बच्चे की सुरक्षित बरामदगी सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली और बिहार में तेजी से खोजबीन की और उसे सुरक्षित दिल्ली वापस लाई। पुलिस के अनुसार यह घटना 27 अगस्त को दोपहर लगभग 12 बजकर 7 मिनट पर रिपोर्ट हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि जब वह दवा लेने के लिए अस्पताल गई थी, तो उसका तीन साल का बेटा पास में खेलते समय लापता हो गया। आसपास के इलाके में खोजने के बावजूद बच्चा नहीं मिला, जिसके बाद पीसीआर कॉल की गई। कैमरा फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया गया जिसमें एक अज्ञात महिला बच्चे को अस्पताल से बाहर ले जाती हुई दिखाई दी। उसकी आगे की गतिविधियों को ट्रैक किया गया, जिसमें वह ई-रिक्शा से मादीपुर गांव की ओर जाती हुई दिखी। महिला की पहचान की गई तो पता चला कि वह मादीपुर में अस्थायी रूप से रह रही थी। स्थानीय पूछताछ से पता चला कि वह पहले ही बिहार में अपने पैतृक गांव के लिए निकल चुकी थी। टीम बिहार के मुंगेर जिले पहुंची और छापेमारी के बाद अगवा बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह छह बेटियों की मां है और मेडिकल दिक्कतों के कारण वह और बच्चा पैदा नहीं कर सकती थी। उसने आगे बताया कि उसने बच्चे को अस्पताल से इस इरादे से लिया था कि वह उसे अपने बेटे की तरह पालेगी।

होटल अग्निकांड: मालिक समेत तीन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने तीन जून को मालवीय नगर के एक होटल में लगी आग के मामले में होटल के मालिक लवकेश बजाज समेत तीन आरोपियों के खिलाफ साकेत कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और इस मामले में पूरक आरोप पत्र दाखिल किया जा सकता है। गौरतलब है कि बी एंड बी होटल में लगी आग में 13 विदेशी नागरिकों सहित कुल 22 लोगों की मौत हो गई थी।

आप ने चुनाव आयोग पर लगाए गलत तरीके से वोट काटने के आरोप, संजीव झा ने उठाया बुराड़ी का मामला

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और बुराड़ी से विधायक संजीव झा ने एसआईआर के तहत जारी पहली प्रारूप वोटर लिस्ट से बड़े पैमाने पर लोगों के नाम काटने पर कड़ी आपत्ति जताई हैं। संजीव झा ने अपनी सीट बुराड़ी विधानसभा का मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने बुराड़ी विधानसभा में करीब 39.4 फीसद वोट काट दिए है। इन वोटों को काटने का मुख्य कारण शिफ्टेड दिखाया गया है। संजीव झा ने कहा कि बुराड़ी विधानसभा में जहां पहले 4,26,451 मतदाता थे, अब 2,52,189 मतदाता ही रह गए है। चुनाव आयोग ने यहां से करीब 1,67,885 लोगों के नाम हटा दिए हैं। उन्होंने पूछा कि क्या इतने बड़े पैमाने पर नाम काट कर किराएदारों और प्रवासी नागरिकों का वोटिंग अधिकार छीना जा रहा है। संजीव झा ने कहा कि जिनके नाम काटे गए हैं, उन्हें चुनाव आयोग दोबारा से अपना नाम जुड़वाने के लिए पूरी जानकारी प्रदान करे। एमएलए ने बताया कि आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला था। पार्टी ने चुनाव आयोग को सुझाव दिया था कि जिन लोगों को शिफ्टेड दिखाया गया है, उनका डेटा साझा किया जाए ताकि हम खुद कॉल करके उसकी प्रामाणिकता की जांच कर सकें। साथ ही यह भी कहा गया था कि कई जगहों पर बीएलओ ठीक से नहीं पहुंचे हैं और जहां 50 फीसद से कम काम हुआ है, वहां बैठक करके कारणों का पता लगाया जाए। लेकिन चुनाव आयोग ने धोखा दिया क्योंकि उनकी मंशा कुछ और थी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अपनी मूल जिम्मेदारी पर खरा नहीं उतरा है। जिनका नाम वोटर लिस्ट से कट गया है, वे क्लेम कैसे करें, इसको लेकर कोई स्पष्टता नहीं है और न ही चुनाव आयोग इसका कोई प्रचार-प्रसार कर रहा है, जिससे जनता पूरी तरह अनजान है।

सीजेपी के प्रस्तावित मार्च से पहले सुरक्षा बढ़ी

नई दिल्ली। सीजेपी के पांच सितंबर को इंडिया गेट से पुलिस मुख्यालय तक मार्च निकालने की घोषणा के मद्देनजर नई दिल्ली जिले में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि प्रस्तावित मार्च से पहले एहतियाती कदम के तौर पर दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की है। अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ बैरिकेड भी लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार प्रस्तावित मार्च के लिए अभी तक कोई अनुमति नहीं दी गई है। विरोध प्रदर्शन की अनुमति के लिए सीजेपी की ओर से पुलिस को अब तक कोई अनुरोध या अनुमति पत्र भी नहीं मिला है। प्रस्तावित प्रदर्शन ऐसे समय हो रहा है जब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के मद्देनजर राजधानी में उच्च सुरक्षा संबंधी आवश्यकताएं हैं। शिखर सम्मेलन के मद्देनजर केवल नई दिल्ली जिले में ही नहीं, बल्कि मध्य दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। कई महत्वपूर्ण सरकारी कार्यालयों के पास स्थित और प्रदर्शनों के लिए निर्धारित स्थल जंतर-मंतर इलाके में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिसकर्मियों को रणनीतिक स्थानों पर तैनात किया गया है और व्यवस्था के तहत संवेदनशील इलाकों में आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

झुग्गी पर फायरिंग करने वाले तीन अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम दिल्ली में एक झुग्गी पर गोलीबारी करने के मामले में तीन बदमाशों को स्पेशल स्टाफ ने गिरफ्तार किया है। इनमें वारदात का मुख्य साजिशकर्ता भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि घटना की वजह एक लड़की को लेकर पुरानी दुश्मनी सामने आई है।

डीसीपी आकांक्षा यादव के अनुसार आरोपियों के नाम राजेश उर्फ काना (30), रोहित उर्फ समोसा (23) और नितिन हैं। काना एवं समोसा आदतन अपराधी हैं तथा हत्या, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट के कुल पांच मामलों में संलिप्त रहे हैं। राजेश का शिकायतकर्ता देव उर्फ काके के भाई अर्जुन के साथ उसी इलाके में रहने वाली एक लड़की को लेकर विवाद था। राजेश ने कथित तौर पर देव और उसके भाई को धमकी दी थी।

सोमवार को राजेश के तीन सहयोगी सत्संग कॉलोनी, वजीरपुर इंडसट्रियल एरिया में देव की झुग्गी पर पहुंचे और अर्जुन के बारे में पूछा। जब देव ने अर्जुन के बारे में जानकारी होने से इनकार किया तो उन्होंने झुग्गी पर दो गोलियां दाग दी और ईंटें व बोतले फेंकी। घटना में कोई जख्मी नहीं हुआ था। इस बाबत अशोक नगर थाने में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। लगातार तकनीकी निगरानी एवं मानवीय सूचना जुटाने के बाद आरोपियों को बुराड़ी के एक होटल से गिरफ्तार किया गया। वारदात में प्रयुक्त कार भी आरोपी राजेश की निशानदेही पर बरामद कर ली गई।

आईआरएस अधिकारी की बेटी की हत्या मामले में दुष्कर्म, हत्या और लूटपाट के आरोप तय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने दक्षिण दिल्ली में भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) के एक वरिष्ठ अधिकारी की 22 वर्षीय पुत्री की हत्या के आरोपी पूर्व घरेलू सहायक पर दुष्कर्म, हत्या और लूटपाट के आरोप तय किए हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंकित सिंगला ने आरोपी राहुल मीणा के खिलाफ आरोप तय किए और अभियोजन पक्ष के सबूत पेश करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सात सितंबर की तारीख तय की। इस तरह इस महीने इस मामले में मुकदमा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। विस्तृत आदेश का इंतजार है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, मीणा, जो पहले पीड़ित

परिवार के यहां घरेलू सहायक के तौर पर काम कर चुका था, 22 अप्रैल को कथित तौर पर उनके कैलाश हिल्स स्थित घर में एक छुपा कर रखी गयी चाबी का इस्तेमाल करके घुसा। उस समय लड़की के माता-पिता घर पर नहीं थे। आरोप है कि उसने युवती के साथ मारपीट और दुष्कर्म किया, फिर गला घोंटकर हत्या कर दी और नकदी, गहने तथा मोबाइल फोन लेकर भाग गया। बाइस साल की युवती ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी और यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। घर लौटने पर माता-पिता को वह बेहोश हालत में मिली। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस का आरोप है कि आरोपी ने दुष्कर्म के बाद मोबाइल फोन चार्जिंग केबल से उसका गला घोंट दिया।

घटना के दिन पुलिस की तलाश के बाद मीणा को द्वारका के एक होटल से गिरफ्तार किया गया था। मजिस्ट्रेट के सामने पहली बार पेशी के दौरान, उसने कथित तौर पर अदालत को बताया था कि उससे "गलती हो गई" और उसने पैसे के लिए यह अपराध किया। इसके बाद पुलिस ने मीणा के खिलाफ 493 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल किया जिसमें आरोप लगाया गया कि वह परिवार की दिनचर्या से वाकिफ था और जानता था कि सुबह जब माता-पिता बाहर जाएंगे तो लड़की घर पर अकेली होगी। जांचकर्ताओं का आरोप है कि मीणा करीब 40 मिनट तक घर के अंदर रहा और फिर पालम रेलवे स्टेशन की ओर भाग गया, जहां उसने कथित तौर पर दो मोबाइल फोन फेंक दिए। इस मामले में अमर कॉलोनी थाने में दर्ज प्राथमिकी में दुष्कर्म, हत्या और लूटपाट से संबंधित भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं को शामिल किया गया। अभियोजन पक्ष ने यह भी आरोप लगाया है कि कैलाश हिल्स की घटना से कुछ समय पहले मीणा राजस्थान के अलवर में यौन उत्पीड़न के एक अन्य मामले में शामिल था।

दोहरे हत्याकांड मामले में वांछित कुख्यात अपराधी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच की एजीएस टीम ने राजस्थान के भरतपुर जिले में हुए सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड मामले में वांछित एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया है। नवल किशोर (50) के खिलाफ स्थायी गैर जमानती वारंट जारी होने पर यह कार्रवाई की गई। दर्जनभर आपराधिक मामलों में वांछित यह अपराधी मोहन गार्डन थाने का बीसी है और दोहरे मर्डर केस में 2017 से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई 2017 को शिकायतकर्ता सुभान ने लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उसके पिता रामरतन ने आरोपी मंगल के पिता धाऊ और अन्य लोगों से दो बीघा और 8 बिस्वा कृषि भूमि खरीदी थी। वे लगातार उस जमीन पर कब्जा और खेती कर रहे थे। उक्त जमीन को लेकर दोनों पक्षों के बीच पहले से ही विवाद चल रहा था और आरोपी पक्ष पर स्टे ऑर्डर लागू था। 14 जुलाई को शाम लगभग 5 बजे, लगभग 30-40 आरोपी हथियार, कुल्हाड़ी, लोहे की छड़ और लाठियों से लैस होकर विवादित कृषि खेत में पहुंचे और शनि व सुंदर के ट्रैक्टरों का इस्तेमाल करके शिकायतकर्ता द्वारा बोई गई ज्वार की फसल को जोतना शुरू कर दिया। जब शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे, तो आरोपियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और शिकायतकर्ता पक्ष के सदस्यों पर बेरहमी से हमला किया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य लोग गोली लगने और अन्य चोटों से गंभीर रूप से घायल हो गए थे। केस की जांच पूरी होने के बाद अब तक लगभग 35 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की जा चुकी हैं। नवल किशोर को गिरफ्तार नहीं किया जा सका था, इसलिए उसके खिलाफ गिरफ्तारी के स्थायी वारंट जारी किए गए और सीआरपीसी की धारा 299 के प्रावधानों के तहत उसके खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्ज-शीट दाखिल की गई। लगभग नौ साल तक फरार रहने के बाद आरोपी को अब पकड़ लिया गया है।

इंदौर बना आदर्श, महापौर वाही ने चुनौतियों का किया जिक्र

एलजी ने एमसीडी के ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यशाला में दिया वेस्ट-टू-वेल्थ मॉडल अपनाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

उपराज्यपाल (एलजी) सरदार तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) एवं आईआईटी दिल्ली द्वारा आयोजित नगर निगम ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमें वेस्ट-टू-वेल्थ मॉडल अपनाना चाहिए। उन्होंने इंदौर के सफल मॉडल का आदर्श मानते हुए उसे अपनाने हुए निगम को अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं

दिल्ली के महापौर वाही ने राजधानी में कूड़े कचरे व ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की चुनौतियों का जिक्र किया। वहीं इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा पीएम मोदी के मार्गदर्शन में आज इंदौर सफाई के मामले पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। भार्गव ने कहा कि जब तक जनभागीदारी हमारे साथ नहीं होगी तब तक सफाई क्षेत्र में चुनौतियां समाप्त नहीं होगी। इस अवसर पर एलजी के अलावा दिल्ली के महापौर प्रवेश वाही, इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव, एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार, अपर आयुक्त अरुण कुमार मिश्रा, कई निगम पार्षद, आईआईटी दिल्ली एवं अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र के विशेषज्ञ, एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में मंगलवार को आयोजित

हुई कार्यशाला को संबोधित करते हुए एलजी संधु ने कहा कि इंदौर जैसे सफल मॉडलों की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने, सामूहिक जन-जिम्मेदारी तथा प्रौद्योगिकी एवं डिजिटल निगरानी के माध्यम से प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के द्वारा अपना लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान साझा करने से निरंतर बढ़ता है और दिल्ली की अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी चुनौतियों के समाधान के लिए देश और दुनिया भर की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों तथा सफल मॉडलों से हमें सीख लेनी चाहिए। उन्होंने इंदौर को देश का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए कहा कि अनुशासित और निरंतर प्रयासों से किस प्रकार उल्लेखनीय परिवर्तन लाया जा सकता है। इंदौर के सफल मॉडल का गहन अध्ययन कर दिल्ली के आकार, जनसंख्या घनत्व और स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप इसे अपनाने पर ध्यान देने की जरूरत है। एलजी ने कहा कि निगम के ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक और सतत प्रबंधन केवल स्वच्छता का विषय नहीं है। बल्कि यह जन स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और दिल्ली वालों के जीवन की गुणवत्ता से भी सीधे जुड़ा हुआ है। दिल्ली जैसे शहर में रोज लगभग 13,000 मीट्रिक टन अपशिष्ट उत्पन्न होता है, जिसके प्रभावी प्रबंधन के लिए आधुनिक, टिकाऊ और व्यावहारिक समाधानों को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल कचरा संग्रहण तक सीमित रहने के बजाय अपशिष्ट को कम करने, पुनः उपयोग करने, पुनर्चक्रण करने तथा इसे मूल्यवान संसाधनों में परिवर्तित करने पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इसके माध्यम से वेस्ट-टू-लैंडफिल की अवधारणा के बजाय वेस्ट-टू-वेल्थ मॉडल को अपनाया जा सकता है। एलजी ने स्रोत पर कचरे के पृथक्करण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीले कचरे, सूखे कचरे, सैनिटरी अपशिष्ट तथा घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का स्रोत पर ही उचित पृथक्करण वैज्ञानिक प्रसंस्करण और पुनर्चक्रण को काफी बेहतर बना सकता है। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन को अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी, डिजिटल निगरानी, प्रभावी डेटा प्रबंधन और उन्नत अपशिष्ट प्रसंस्करण प्रणालियों की भूमिका पर भी जोर दिया। सफल मॉडलों को अपनाने की आवश्यकता को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि इंदौर सहित भारत और विश्व के विभिन्न शहरों की सफल कार्यप्रणालियां दिल्ली के लिए महत्वपूर्ण सीख प्रदान करती हैं। इनका अध्ययन कर दिल्ली की स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप अपनाया और लागू किया जाना चाहिए। एलजी ने कहा कि प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और सक्रिय जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है। नगर निकायों, जनप्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए, बाजार संघों, उद्योगों, संस्थानों, विशेषज्ञों और नागरिकों को मिलकर स्थायी बदलाव लाने के लिए कार्य करना होगा।

दिल्ली की स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी: महापौर

महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली की स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है और स्वच्छ, स्वस्थ एवं बेहतर शहर के निर्माण के लिए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। महापौर वाही ने चुनौतियों का किया जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली को अपने स्वच्छता लक्ष्यों को प्राप्त करने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन सुधार की अपार संभावनाएं भी मौजूद हैं। केंद्रित प्रयासों, प्रभावी निगरानी, जनभागीदारी और सामूहिक जिम्मेदारी के माध्यम से इन चुनौतियों पर विजय प्राप्त कर पूरे शहर में स्पष्ट और स्थायी सुधार लाया जा सकता है। इंदौर के महापौर मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान ने देश में स्वच्छता और सफाई के प्रयासों को एक मजबूत दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि इंदौर एक अग्रणी उदाहरण के रूप में उभरा है, जिसने यह प्रदर्शित किया है कि निरंतर और केंद्रित प्रयासों से किसी शहर में व्यापक परिवर्तन लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता आज शहरी विकास और जीवन की गुणवत्ता का एक महत्वपूर्ण मानक बन चुकी है। भार्गव ने कहा कि नगर निकायों को उत्तरदायी प्रशासन और शिकायतों के समयबद्ध निवारण के माध्यम से नागरिकों का विश्वास अर्जित करना चाहिए। उन्होंने व्यवहार परिवर्तन और विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने जीरो वेस्ट वार्ड, जीरो वेस्ट कॉलोनी और जीरो वेस्ट रोड जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय निवासियों और समुदायों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया। एमसीडी आयुक्त श्री संजीव खिरवार ने कहा कि स्रोत स्तर पर कचरे का पृथक्करण, वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रसंस्करण और संसाधन पुनर्प्राप्ति एमसीडी की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि गीले, सूखे, सैनिटरी और घरेलू खतरनाक अपशिष्ट का स्रोत पर ही पृथक्करण करने से पुनर्चक्रण, संसाधन पुनर्प्राप्ति और वैज्ञानिक प्रसंस्करण में सुधार होगा तथा लैंडफिल स्थलों पर भेजे जाने वाले कचरे की मात्रा में कमी आएगी।

राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, रोहतक
(विशेष जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए)
(सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग, हरियाणा सरकार)
State Institute for Rehabilitation, Training and Research (SIRTAR) Rohtak
(For persons with special needs)
(Social Justice & Empowerment Department, Govt. of Haryana)

दाखिला सूचना

सार्वजनिक रूप से सूचित किया जाता है कि सत्र 2026-27 के लिए राज्य पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (सिरतार), गाँधी नगर, रोहतक में बौद्धिक अक्षमता वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षण/प्रशिक्षण, आवासीय सुविधा एवं मानव संसाधन व अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने हेतु प्रवेश हेतु दाखिला खुला है। प्रवेश प्रकिया संस्थान के नियमानुसार मुल्यांकन/चयन के आधार पर किया जाता है। अधिक जानकारी हेतु अभिभावक कार्य दिवसों में संस्थान के कार्यालय में आकर एवं फोन न०: 9350010162, 7206073900, 01262-282065, 282211 व विभाग की Website: www.sirtarrohtak.com पर चैक कर सकते है।

-Sd/-निदेशक
सिरतार, रोहतक

पीआरडीएच-1104/11/40/2027/48827/88/7 दि. 01.09.2026

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर अध्यापन सहायता सहित माइक्रोस्कोप कैमरा तथा माइक्रोस्कोप प्रचालन के लिए ऑपरेटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए निविदा आमंत्रण सूचना	01.09.2026 22.09.2026	2,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर आईओएल मास्टर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	01.09.2026 22.09.2026	5,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48820/I/88/7 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार

"भारत के ऊर्जा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार जनता को सशक्त बना रही है।"
- नरेन्द्र मोदी

ऊर्जा से सुनहरा भविष्य सुनिश्चित

अक्तूबर, 2014 के बाद एच.वी.पी.एन.एल. ने 83 नए सब-स्टेशन चालू किए। इसके अतिरिक्त, वर्तमान सब-स्टेशनों में 719 ट्रांसफार्मर स्थापित, 3027.80 किलोमीटर की प्रसारण लाइनें बिछाई गईं। इन प्रसारण कार्यों पर कुल 6466.92 करोड़ रुपये की राशि खर्च।

बिजली आपूर्ति प्रणाली में सुधार लाने तथा बिजली चोरी रोकने के लिए 'फीडर सैनिटेशन प्रोग्राम' शुरू।

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी अविद्युतिकृत घरों को विद्युतिकृत किया गया।

घरों के ऊपर से गुजरने वाली बिजली की तारों को निगम द्वारा निःशुल्क हटाया जा रहा है।

विभिन्न शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए गुरुग्राम में 'स्मार्ट इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड' स्थापित करने का निर्णय।

बिजली वितरण निगम के तकनीकी कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों की सुरक्षा किट उपलब्ध।

कृषि क्षेत्र में लोड बढ़ाने हेतु 'स्वैच्छिक घोषणा' योजना -2025 के तहत 18,407 किसानों ने 117.71 मेगावाट अनाधिकृत लोड घोषित।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों पर सोलर रूफटॉप लगवाने के लिए सभी घरेलू उपभोक्ताओं को केन्द्र सरकार द्वारा 1 किलोवॉट पर 30,000 रुपये, 2 किलोवॉट पर 60,000 रुपये तथा 3 किलोवॉट पर 78,000 रुपये की सब्सिडी।

प्रदेश में एक लाख बी.पी.एल. परिवारों को सौर ऊर्जा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार द्वारा अधिकतम 1.10 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जा रही है। पी.एम. सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब तक 1,28,961 सोलर रूफटॉप लगाए गए।



सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

मोदी के 25 वर्ष सेवा-समर्पण की यात्रा अनुकरणीय व प्रेरणादायी

सेवा के विजन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र व समाज के विकास को दी नई दिशा: बराला

भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यलिय अटल कमल में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के संबंध के बारे में जानकारी के साथ दिशा निर्देश दिए...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के निमित जिला कार्यशाला को संबोधित करते हुए राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 से गुजरात के मुख्यमंत्री और 2014 में देश के प्रधानमंत्री के रूप में शुरू हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा और समर्पण की यात्रा के 25 वर्ष अनुकरणीय और प्रेरणादायी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा के विजन के साथ राष्ट्र और समाज के विकास को नई दिशा देने का कार्य किया है। उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य जनसेवा की भावना को और मजबूत करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का संगठन केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि सेवा और समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन भी पूरी निष्ठा के साथ करता है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोडऩे तथा आमजन के बीच सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने का कार्य करेंगे। भाजपा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा एवं तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल में जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बराला उपस्थित रहे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में प्रशिक्षण देने के साथ दिशा-निर्देश भी दिए।

सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा जिला कार्यशाला संपन्न

12 अलग-अलग सेवा अभियानों का आयोजन

बराला ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 12 विभिन्न सेवा अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इनमें आशीर्वाद का दीया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतु अभियान, रंगोली राष्ट्र, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज और जनसेवक महाकुंभ शामिल हैं। जिला कार्यशाला में इन सभी कार्यक्रमों की रूपरेखा सांझा की गई। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पूरी ऊर्जा, सेवा और समर्पण भाव के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसेवक के रूप में अपने जीवन के 25 वर्ष सेवा और समर्पण को समर्पित किए हैं। प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 12 वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने देश के आर्थिक विकास को नई गति देने के साथ.साथ वैश्विक मंच पर भारत के सम्मान, प्रभाव और प्रतिष्ठा को भी मजबूत किया है।

खबर संक्षेप

घरेलू ईवी और बैटरी निर्माण से रोजगार आएगा

गुरुग्राम। भारत में ईवी और बैटरी निर्माण को बढ़ावा देने से रोजगार के बड़े अवसर पैदा हो सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ परिवहन परिषद और आईआईएम बेंगलुरु के अध्ययन के अनुसार घरेलू बैटरी सेल निर्माण से 2040 तक ईवी क्षेत्र में प्रत्यक्ष रोजगार 43 लाख से बढ़कर 72 लाख तक पहुंच सकता है। अध्ययन इंडिया क्लीन ट्रांसपोर्टेशन समिट रिपोर्ट जारी किया गया।

गुर्जर रत्न सम्मान से नवाजे गए रूप सिंह नागर

फरीदाबाद। गुर्जर कल्याण परिषद पलवल द्वारा कुसलीपुर में आयोजित सामाजिक समारोह में समाज सेवा, समाज के उत्थान और एकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बाबूजी रूप सिंह नागर को प्रतिष्ठित गुर्जर रत्न से सम्मानित किया गया। परिषद की ओर से जारी उपाधि पत्र में कहा गया है कि चौधरी रूप सिंह नागर का सामाजिक एवं जनकल्याण के क्षेत्र में योगदान अनुकरणीय है।

घरेलू विवाद में साले ने मारी बहनोई को गोली

गाजियाबाद। थाना ट्रोनिका सिटी के इलायचीपुर रोड पर दिल्ली निवासी युवक को गोली मारकर घायल कर दिया दिया गया। आरोपी घायल युवक के साले हैं। बहन के साथ घरेलू उत्पीड़न को लेकर के इनमें कहासुनी के बढ़े विवाद में गोली चलाई गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। सहायक पुलिस आयुक्त लोनी अमरदीप मौर्य ने बताया कि थाना ट्रोनिका सिटी के इलायचीपुर रोड पर फायरिंग की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस व उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। पूछताछ में पता चला कि तरुण नाम के व्यक्ति को पैर में गोली लगी है, जो दिल्ली का रहने वाला है। घायल को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए तत्काल भर्ती करा दिया गया। पूछताछ में गोली चलाने वाले व्यक्तियों में आकाश और विकास दो भाईयों का नाम प्रकाश में आये हैं। जिस व्यक्ति को गोली लगी है तथा गोली चलाने वाले आपस में साले एवं बहनोई हैं।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर बोले-

विकसित भारत के निर्माण अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएं देश के युवा

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने युवा संसद को विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक सोच, संवाद, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

केन्द्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने मंगलवार को एनआईटी-3 स्थित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में केंद्रीय विद्यालय संगठन गुरुग्राम संभाग द्वारा आयोजित 37वीं संभागीय युवा संसद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने युवा संसद को विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक सोच, संवाद, नेतृत्व क्षमता और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम बताया।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल बड़ी-बड़ी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि छोटी-छोटी जिम्मेदारियों के निर्वहन से भी होता है। स्वच्छ भारत केवल सरकार का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। इसी प्रकार मिशन लाइफ हमें पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने का संदेश देता है। पानी और बिजली बचाना, प्लास्टिक का कम उपयोग करना, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना, स्वच्छता बनाए रखना तथा प्रकृति के प्रति संवेदनशील रहना भी राष्ट्र निर्माण के कार्य हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना मजबूत राष्ट्र की आधारशिला हैं। खेलों के माध्यम से भी युवाओं में इन गुणों का विकास होता है।

खास बातें

- बड़ी उपलब्धियों से ही नहीं, छोटी-छोटी जिम्मेदारियों के निर्वहन से भी होता है राष्ट्र निर्माण
- पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाएं
- खेलों के माध्यम से भी युवाओं में गुणों का विकास संभव

जिम्मेदार नागरिक बनकर स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाएं

उन्होंने कहा कि चौथा संकल्प स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और जिम्मेदार नागरिकता को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का होना चाहिए, जबकि पांचवां संकल्प विकसित भारत के निर्माण में अपनी क्षमता और प्रतिभा के अनुरूप सक्रिय भूमिका निभाने का होना चाहिए। इस अवसर पर फरीदाबाद महापौर प्रवीण बत्रा जोशी, डीसी आयुष सिन्हा, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, केवीएस गुरुग्राम रीजन उपायुक्त चन्द्र शेखर आजाद, केवीएस गुरुग्राम रीजन सहायक आयुक्त अनिल कुमार, प्रधानाचार्य गिरीश चन्द एवं प्रधानाचार्य केवीएस एनआईटी-3 भारती कुक्कल मौजूद रहे।

विद्यार्थियों से 5 संकल्प लेने का आह्वान किया

केंद्रीय राज्यमंत्री ने विद्यार्थियों से पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पहला संकल्प मेहनत करने, निरंतर सीखने और जीवन में श्रेष्ठता प्राप्त करने का प्रयास करने का होना चाहिए। दूसरा संकल्प भारत की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करने का होना चाहिए। तीसरे संकल्प के रूप में विद्यार्थियों से टेक्नोलॉजी और इनोवेशन का उपयोग स्वयं के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्र की प्रगति के लिए करने का आह्वान किया।

60% बिजली आवश्यकता पूरी करेगी

नमो भारत कॉरिडोर पर 110 मेगावाट के कैप्टिव सोलर प्लांट से होगी बिजली आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

एनसीआरटीसी ने एनएनआरएल के साथ 110 मेगावाट के कैप्टिव सोलर पावर प्लांट के लिए पावर परचेज़ एग्रीमेंट (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए। इस प्लांट को एनएनआरएल द्वारा विकसित किया जाएगा।

एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक शलभ गोयल, एनआईआरएल के निदेशक, वित्त एवं सीएमडी डेज़िगनेट, डॉ. प्रसन्ना कुमार आचार्य, एनसीआरटीसी की निदेशक, वित्त, श्रीमती नमिता मेहरोत्रा, एनसीआरटीसी के निदेशक, इलेक्ट्रिकल्स एंड रोलिंग स्टॉक, महेंद्र कुमार और एनसीआरटीसी एवं एनआईआरएल के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि देश के आरआरटीएस और मेट्रो परिवहन प्रणाली के लिए यह पहली कैप्टिव सोलर पावर परियोजना है, जो शहरी परिवहन में नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण की दिशा में एक बैंचमार्क स्थापित कर रही है। अनुमानित है कि इसके माध्यम से दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर की कुल बिजली आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत हिस्सा पूरा किया जा सकेगा।

सोलर प्लांट की अनुमानित लागत लगभग 450 करोड़ इस सोलर प्लांट की अनुमानित लागत लगभग 450 करोड़ रुपए है।

हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	पुराना संदर्भ / एनआईटी सं.	शुद्धिपत्र की प्रकृति	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	दि रोहतक सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि., रोहतक	2026_HBC_539417_1	तिथि 07.09.2026 अप. 16:00 बजे तक बढ़ाई गई खुलना 08.09.2026 पूर्वा. 11:30 बजे।	vitaindia@gmail.com	9896401185 vitarohtak@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48801/I/88/7 दि. 01.09.26

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर ऑटोमेटेड पैरीमीटर की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	20,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
2	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर स्ट्रीक रेटिनोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	2,00,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com
3	हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड	आवश्यकता की अनुसूची में मद के तहत वर्णित अनुसार 2 वर्षीय दर अनुबंध पर डायरेक्ट ऑप्थैल्मोस्कोप की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना।	31.08.2026 21.09.2026	11,50,000/-	www.hmscl.org.in	8929299829 equipmentdgm2020@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/48803/I/88/7 दि. 01.09.26

डीपीजी डिग्री कॉलेज को एमडीयू की मंजूरी

गुरुग्राम के कॉलेज में पहली बार शुरू होंगे पीएचडी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

उच्च शिक्षा और शोध के क्षेत्र में गुरुग्राम को बड़ी उपलब्धि मिली है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक से संबद्ध डीपीजी डिग्री कॉलेज को पीएचडी कार्यक्रम संचालित करने की मंजूरी मिल गई है। इसके साथ कॉलेज में शोध एवं उच्चस्तरीय अकादमिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। पीएचडी कार्यक्रमों के लिए कॉलेज की शैक्षणिक एवं शोध सुविधाओं का निरीक्षण करने एमडीयू की उच्चस्तरीय टीम पहुंची।

टीम में डीन अकादमिक्स प्रो. ए. एस. मान, डीन रिसर्च डॉ. हरीश दुरेजा, डीन ऑफ कॉलेजेज डॉ. राजेश पूनिया, डीन ऑफ मैनेजमेंट डॉ. प्रदीप अहलावत, डीन ऑफ फिजिकल साइंसेज डॉ. सपना गर्ग और डीन ऑफ आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज सेवा सिंह दहिया शामिल रहे। टीम ने कॉलेज के पुस्तकालय, प्रयोगशालाओं, शोध संसाधनों, आधारभूत ढांचे और शोधार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का

जायजा लिया। निरीक्षण के बाद पीएचडी कार्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति दी गई। कॉलेज के चेयरमैन राजेंद्र गहलोत ने इसे शैक्षणिक विकास और शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत ने कहा कि पीएचडी कार्यक्रम शुरू होने से विद्यार्थियों को अनुसंधान, नवाचार और नए ज्ञान के क्षेत्रों से जुडऩे के अवसर मिलेंगे। प्राचार्य एस. एस. बोकन ने इसे कॉलेज की अकादमिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव बताते हुए कहा कि पीएचडी कार्यक्रमों से शोधार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शोध का बेहतर अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे कॉलेज में शोध की संस्कृति मजबूत होगी और शोध परियोजनाओं, शोध-पत्र लेखन, सेमिनार व सम्मेलन जैसी गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए चयनित ऋषभ पाल को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विद्यासागर इंटरनेशनल स्कूल घरौंडा ब्रांच के कक्षा 12वीं के होनहार छात्र ऋषभ पाल का विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की जूनियर कैटेगरी के लिए चयन होने पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने ऋषभ पाल और उनके माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि युवा खिलाड़ियों की ऐसी उपलब्धियां प्रदेश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने ऋषभ को भविष्य में भी इसी तरह निरंतर मेहनत करते हुए देश और प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। ऋषभ पाल इससे पहले भी अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर चुका है। चीन में आयोजित एशिया पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप की सब-जूनियर कैटेगरी में ऋषभ ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 180 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।

ऋषभ को देश-प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं

☛ रेलयात्री कृपया ध्यान दें! ☚

जन्माष्टमी विशेष रेलगाड़ियाँ

जन्माष्टमी त्यौहार के अवसर पर रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्न विशेष रेलगाडियाँ निम्नलिखित समय-सारणी के अनुसार संचालित करने का निर्णय लिया गया है:-

04410/04409 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – मथुरा जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (06 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 04410 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04410 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04409 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04409 प्रस्थान
----	10:30	हज़रत निज़ामुद्दीन जं.	16:45	----
13:05	----	मथुरा जं.	----	13:35

चलने के दिन : 04410 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. से एवं **04409 मथुरा जं.** से दिनांक 03.09.2026, 04.09.2026 एवं 05.09.2026 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलाँ, छाता, अझई, वृन्दावन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

04412/04411 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – मथुरा जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (06 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 04412 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04412 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04411 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04411 प्रस्थान
----	09:45	हज़रत निज़ामुद्दीन जं.	16:30	----
12:20	----	मथुरा जं.	----	12:50

चलने के दिन : 04412 हज़रत निज़ामुद्दीन जं. से एवं **04411 मथुरा जं.** से दिनांक 03.09.2026, 04.09.2026 एवं 05.09.2026 को।
ठहराव: ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, रूँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलाँ, छाता, अझई, वृन्दावन रोड और भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

04415/04416 दिल्ली जं. – रींगस जं.– दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (06 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 04415 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04415 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04416 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04416 प्रस्थान
----	18:50	दिल्ली जं.	07:00	----
00:40	----	रींगस जं.	----	02:00

चलने के दिन : 04415 दिल्ली जं. से 03.09.2026, 04.09.2026 एवं 05.09.2026 को एवं **04416 रींगस जं.** से दिनांक 04.09.2026, 05.09.2026 एवं 06.09.2026 को।
ठहराव: दिल्ली सराय रोहिल्ला, दिल्ली कैंट, गुड़गांव, पटौदी रोड, रेवाड़ी जं., नारनौल और नीम का थाना स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

04413/04414 दिल्ली जं. – हरिद्वार जं. – दिल्ली जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (06 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 04413 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04413 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04414 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04414 प्रस्थान
----	23:00	दिल्ली जं.	22:00	----
04:55	----	हरिद्वार जं.	----	17:00

चलने के दिन : 04413 दिल्ली जं. से 03.09.2026, 04.09.2026 एवं 05.09.2026 को एवं **04414 हरिद्वार जं.** से दिनांक 04.09.2026, 05.09.2026 एवं 06.09.2026 को।
ठहराव: गाजियाबाद जं., मेरठ सिटी जं., मुजफ्फरनगर, देवबन्द और रूड़की स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

01941/01942 आगरा कैंट जं. – पलवल – आगरा कैंट एमईएमयू अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (10 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 01941 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 01941 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 01942 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 01942 प्रस्थान
----	06:30	आगरा कैंट जं.	13:00	----
09:45	----	पलवल	----	10:00

चलने के दिन : 01941 आगरा कैंट जं. से एवं **01942 पलवल** से दिनांक 02.09.2026 से 06.09.2026 तक।
ठहराव: रुनकुता, बाद, मथुरा जं., छाता, कोसी कलां और होडल स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

01943/01944 आगरा कैंट जं. – हज़रत निज़ामुद्दीन जं. – आगरा कैंट एमईएमयू अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी (10 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 01943 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 01943 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 01944 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 01944 प्रस्थान
----	16:00	आगरा कैंट जं.	01:50	----
20:25	----	हज़रत निज़ामुद्दीन जं.	----	20:35

चलने के दिन : 01943 आगरा कैंट जं. से एवं **01944 हज़रत निज़ामुद्दीन जं.** से दिनांक 02.09.2026 से 06.09.2026 तक।
ठहराव: रुनकुता, बाद, मथुरा जं., छाता, कोसी कलां, होडल और पलवल स्टेशन।
स्थान: सामान्य श्रेणी।

04446/04445 दिल्ली जं. – वाराणसी जं.– दिल्ली जं. विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (04 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 04446 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04446 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 04445 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 04445 प्रस्थान
----	21:10	दिल्ली जं.	11:45	----
15:00	----	वाराणसी जं.	----	20:15

चलने के दिन : 04446 दिल्ली जं. से दिनांक 03.09.2026 एवं 05.09.2026 को एवं **04445 वाराणसी जं.** से दिनांक 04.09.2026 एवं 06.09.2026 को।
ठहराव: नई दिल्ली, गाज़ियाबाद, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर जं., हरदोई, आलमनगर, लखनऊ, अयोध्या कैंट और जौनपुर जं. स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

02416/02415 नई दिल्ली – सूबेदार गंज – नई दिल्ली सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी (06 फेरे)

रेलगाड़ी सं.: 02416 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 02416 प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	रेलगाड़ी सं.: 02415 आगमन	रेलगाड़ी सं.: 02415 प्रस्थान
----	23:00	दिल्ली जं.	23:30	----
09:45	----	सूबेदार गंज	----	12:10

चलने के दिन : 02416 नई दिल्ली से दिनांक 03.09.26, 04.09.26 एवं 05.09.26 को एवं **02415 सूबेदार गंज** से दिनांक 04.09.26, 05.09.26 एवं 06.09.26 को।
ठहराव: गाज़ियाबाद जं., अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी और फतेहपुर स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

सफाई कर्मियों ने मंत्री के कार्यालय पर किया प्रदर्शन

13 मई के समझौते को लागू कर शहरी निकाय व अग्निशमन कर्मियों की हड़ताल खत्म करवाएं सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शहरी स्थानीय निकाय व अग्निशमन विभाग के कर्मियों की 27 दिन से चल रही हड़ताल के समर्थन और सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ मंगलवार को विभिन्न विभागों के सैकड़ों कर्मचारियों को मंत्री विपुल गोयल के कार्यलय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन से पूर्व कर्मचारियों ने सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के महासचिव कृष्ण कुमार नैन की अध्यक्षता में सेक्टर 16 में सभा का आयोजन किया। जिसमें 13 मई के समझौते को लागू कर हड़ताल समाप्त करवाने की मांग की।

अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, सर्व कर्मचारी संघ के महासचिव कृष्ण कुमार नैन व एएचपीसी वर्कर यूनियन के राज्य प्रधान सुरेश राठी ने कहा कि सरकार को कर्मचारियों के साथ किए गए समझौतों और दिए गए आश्वासनों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब सरकार स्वयं बातचीत की मेज पर बैठकर समझौते करती है और बाद में उन्हें लागू नहीं करतीए तो इससे कर्मचारियों में भारी रोष पैदा होना स्वाभाविक है।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने हठधर्मिता जारी रखी और कर्मचारियों की मांगों की अनदेखी की तो प्रदेश के विभिन्न विभागों के कर्मचारी हड़ताल के समर्थन में एकजुट होकर आंदोलन को और व्यापक बनाने के लिए मजबूर होंगे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के प्रधान नरेश कुमार शास्त्री व कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार की वादाखिलाफी अब कर्मचारियों के लिए असहनीय होती जा रही है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों के साथ हुए समझौतों को लागू करना सरकार की जिम्मेदारी है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी से भागने की बजाय तत्काल सकारात्मक कदम उठाने चाहिए।

वादा खिलाफी और दमनात्मक कार्रवाई के खिलाफ आंदोलन होगा तेज

हंगामे के बीच बीता विस सत्र का अंतिम दिन, माननीयों ने लांघी शब्दों की मर्यादा

खबर संक्षेप

पीसीबी में नवचयनित अधिकारी सीएम से मिले

लखनऊ। यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में समूह 'ख' के नवचयनित 40 अधिकारी सीएम योगी से भेंट की। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि लंबे अंतराल के बाद हुई भर्ती से बोर्ड की कार्यक्षमता मजबूत होगी और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को नई गति मिलेगी। कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य सरकारी सेवाओं में ऐसी चयन व्यवस्था को मजबूत करना है।

बिहार के भ्रष्ट बीडीओ को रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोचा

बांका। बिहार विजिलेंस की टीम को बांका जिले में बड़ी कामयाबी मिली है। यहां निगरानी विभाग की टीम ने एक बीडीओ को घूस लेते रंगेहाथ दबोच लिया है। बीडीओ को 75,000 रुपए घूस लेते पकड़ा गया है। बांका के फुलीडूमर के बीडीओ अमित प्रताप सिंह पर निगरानी विभाग ने यह कार्रवाई की है। टीम ने मंगलवार सुबह बीडीओ के बांका स्थित आवास पर अचानक रेड डाल दी।

4.46 लाख वोटरों को नोटिस भेजेगा चुनाव आयोग

रांची। झारखंड में एसआईआर को लेकर मैपिंग का काम खत्म होने के बाद प्रारूप वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया। प्रारूप मतदाता सूची में शामिल 16,52,203 वोटरों में से 4,45,901 वोटरों के नाम, उम्र, पिता के नाम समेत अन्य तरह की विसंगतियां पाई गई हैं। अब इन वोटरों को जिला निर्वाचन विभाग की ओर से नोटिस भेजा जा रहा है।

चला आरोप-प्रत्यारोप का दौर; जातीय टिप्पणी और राहुल पर बयान को लेकर हंगामा

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे और अंतिम दिन मंगलवार को सदन में जमकर हंगामा और आरोप-प्रत्यारोप देखने को मिला। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य कई मौकों पर एक-दूसरे पर तीखे हमले करते नजर आए। बहस के दौरान कुछ सदस्यों ने शब्दों की मर्यादा भी लांघी, जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण को बार-बार हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने कई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटवाया और सदस्यों को असंसदीय भाषा से बचने की चेतावनी दी। सफाई कर्मियों की हड़ताल को लेकर मंत्री कृष्ण बेदी अकेले ही विपक्षी विधायकों से भिड़ गए और उन पर सियासत करने के आरोप लगाए व कहा कि 12 मांगें मान ली गई हैं। एक दशक तक राज करने वाले नेता विपक्ष हुड्डा, बीबी बतरा व गीता भुक्कल पर उन्होंने मामले में सियासत करने व समाज को तोड़ने के आरोप लगाए। वहीं, गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व पर सामाजिक समरसता का संकल्प लेकर आए सीएम ने इस बारे में विस्तार से सदन को जानकारी दी।

सीएम ने गुरु रविदास के 650वें प्रकाश पर्व को लेकर सरकारी संकल्प पेश किया

स्पीकर हरविंद्र कल्याण को कई बार करना पड़ा दखल

कई टिप्पणियों को कार्यवाही से हटवाया गया

सदस्यों को असंसदीय भाषा से बचने की चेतावनी दी

रामकुमार गौतम की टिप्पणी पर हंगामा

रामकुमार गौतम अपने चिर परीचित अंदाज ने केंद्रीय नेता विपक्ष राहुल गांधी पर वंदेमातरम को लेकर टिप्पणी की, तो हंगामा खड़ा हो गया। इस पर नेता विपक्ष, कांग्रेस के विधायक भड़क गए। सदन की कार्यवाही के अंतिम चरण में 11 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा संत गुरु रविदास को लेकर भाजपा की ओर से चलाए जा रहे कार्यक्रमों को लेकर भी कांग्रेस ने आपत्ति उठाई साथ ही सियासत करने के आरोप लगाए।

भुक्कल ने एक दोहे पर गरमाया सदन

सदन में उस वक्त हंगामा हो गया, जब कांग्रेस की विधायक गीता भुक्कल ने एक दोहा पढ़ते हुए ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी कर डाली। उन्होंने तैश में चिल्लाकर भाजपा विधायक रामकुमार गौतम पर जात पात की राजनीति करने के आरोप लगाए। भुक्कल की टिप्पणी को लेकर भाजपा की ओर से सारे मंत्री और विधायक खड़े हो गए, हंगामा होने पर भुक्कल की ओर से अशोक अरोड़ा खेद व्यक्त करते व माफी मांगते हुए नजर आए लेकिन भुक्कल ने माफी नहीं मांगी। भुक्कल की टिप्पणी के बाद में खड़े हुए मंत्री और विधायकों को विस अध्यक्ष ने यह कहकर बैठा दिया कि उन्होंने कार्यवाही से शब्द हटवा दिए हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने विधानसभा में 'संत शिरोमणि गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान' को लेकर सरकारी संकल्प पेश किया।

मेरे समाज को बदनाम कर रहे : कृष्ण बेदी

सफाई कर्मियों की हड़ताल को लेकर हालात पर विस्तार से बात रख रहे मंत्री विपुल गोयल को विपक्ष ने बात नहीं रखने दी, टोकाटाकी और शोरगुल चलता रहा। बाद में खड़े हुए बेदी ने कहा कि यह लोग मेरे समाज को बदनाम करने, भाईचारा खराब करने की साजिश रच रहे हैं, उन्होंने कांग्रेस की बेंचों की ओर इशारा करते हुए कहा कि दस साल सत्ता में रहे, उस वक्त इस समाज की याद नहीं आई। बेदी ने बताया कि एक ही मांग बाकी है, जिसको लेकर कानूनी पहलू भी देखना पड़ता है। अपने कार्यकाल में यह लोग दस साल की नीति जबकि इनेलो के शासनकाल में पांच साल की नीति का प्रस्ताव रखते थे।

नौनिहालों की सेहत को योगी सरकार का पोषण कवच

यूपी में हॉट कुक्ड मील योजना से आंगनबाड़ी केंद्रों में बदली पोषण

32.88 लाख बच्चों को नियमित मिल रहा गर्म व पौष्टिक भोजन

टी एन मिश्र ▶▶ लखनऊ

योगी सरकार की 'हॉट कुक्ड मील' योजना उत्तर प्रदेश के 1.89 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष के 32.88 लाख से अधिक बच्चों को प्रतिदिन ताजा, गर्म और संतुलित भोजन प्रदान कर रही है। यह पहल बच्चों में स्वस्थ आहार की आदत डालने के साथ-साथ राज्य में शिशु स्वास्थ्य मानकों को भी मजबूत कर रही है, जिसमें गुणवत्ता और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है...

प्रदेश में बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और मजबूत पोषण की दिशा में योगी सरकार की ओर से लगातार किए जा रहे प्रयासों का असर आंगनबाड़ी केंद्रों पर दिखाई दे रहा है। सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण-2.0 की गाइडलाइन के तहत संचालित हॉट कुक्ड मील योजना के जरिए 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों को नियमित रूप से ताजा, गर्म और पौष्टिक पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

यूपी में करीब 1.45 लाख को-लोकेटेड और 0.44 लाख नॉन को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले लगभग 32.88 लाख बच्चे नियमित लाभान्वित हो रहे हैं। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार, बच्चों को अलग-अलग दिनों में रोटी-सब्जी, चावल-दाल, मौसमी सब्जियों से तैयार तहरी और अन्य पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से छोटे बच्चों को नियमित गर्म भोजन उपलब्ध कराकर सरकार एक ओर उनके पोषण स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास कर रही है, वहीं दूसरी ओर कम उम्र से ही संतुलित आहार की आदत विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही है।

परोसने से पहले दो वयस्क करते हैं भोजन की जांच

भोजन बच्चों को परोसने से पहले कम से कम दो वयस्क व्यक्तियों जैसे शिक्षक, रसोइया या माता समिति के सदस्य द्वारा रोस्टर के आधार पर भोजन की जांच की जाती है। इसमें भोजन के स्वाद और गुणवत्ता को परखा जाता है। विभागीय व्यवस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों तक पहुंचने वाला भोजन पौष्टिक होने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भी हो।

भोजन की गुणवत्ता पर खास नजर, स्वच्छता के मानकों का पालन अनिवार्य

योगी सरकार ने बच्चों के भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर भी स्पष्ट मानक तय किए हैं। कोटेदार से मिलने वाला खाद्यान्न उत्तम गुणवत्ता का होना अनिवार्य है। भोजन तैयार करने से पहले अनाज की अच्छी तरह सफाई और हरी सब्जियों को दो से तीन बार पानी से धोने की व्यवस्था है। इससे बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है।

32.88 लाख बच्चों को मिल रहा पौष्टिक आहार

अपर मुख्य सचिव (महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग) लीना जौहरी ने बताया कि इसके जरिए नियमित 32.88 लाख बच्चों को गर्म और पौष्टिक आहार मिल रहा है। प्रत्येक बच्चे को प्रतिदिन 70 ग्राम खाद्यान्न से तैयार भोजन दिया जाता है। को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर भोजन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित पीएम पोषण योजना की रसोई और संसाधनों का उपयोग कर तैयार किया जाता है।

मछली खाने के आरोप से आहत अजय राय पहुंचे कोर्ट

सीएम योगी के खिलाफ दायर किया 'मानहानि' का मुकदमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। अजय राय का आरोप है कि अयोध्या में उनके मछली खाने को लेकर मुख्यमंत्री की ओर से लगाए गए आरोप झूठे और आपत्तिजनक हैं। इससे आहत होकर उन्होंने मंगलवार को लखनऊ की सिविल कोर्ट में मानहानि का दावा दाखिल किया। अजय राय का कहना है कि उनके खिलाफ गलत तथ्य प्रस्तुत कर उनकी सार्वजनिक छवि और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया। इसी को आधार बनाकर उन्होंने न्यायालय का रुख किया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति के बारे में गलत और तथ्यहीन आरोप लगाना गंभीर विषय है। उन्होंने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को गलत बताते हुए न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से जवाब देने की बात कही है।

कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए

अजय राय ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है और बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों का बजट बिगाड़ दिया है। उन्होंने प्रदेश में बढ़ते अपराध को लेकर भी सरकार की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाए।

लोगों ने अपनी समस्याएं और सुझाव भी साझा किए

अजय राय ने दिव्या मित्तल के इस्तीफे और राहुल गांधी से जुड़े मुद्दों को लेकर भी सरकार को घेरा तथा उसकी नीतियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि 'लोक हुंकार' का उद्देश्य जनता की आवाज को मंच प्रदान करना और आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान के लिए संघर्ष करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कई वरिष्ठ नेता और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से उमड़ा जनसैलाब नेता राकेश टिकैत ने संभाला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मेरठ

मेरठ में किसानों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की ओर से मंगलवार को मेरठ कमिश्नरी पर किसान-मजदूर महापंचायत का आयोजन किया गया। महापंचायत में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से बड़ी संख्या में किसान सैकड़ो ट्रैक्टर-ट्रॉलियों लेकर पहुंचे।

किसानों की भीड़ और ट्रैक्टरों के काफिले से कमिश्नरी क्षेत्र में माहौल पूरी तरह किसान आंदोलन के रंग में नजर आया। महापंचायत में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत भी पहुंचे। उन्होंने मंच से किसानों को संबोधित करते हुए उनकी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाया। इस दौरान किसान नेताओं ने सरकार और प्रशासन से मांगों के जल्द समाधान की मांग की। महापंचायत में आगे की आंदोलन की रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई भाकियू की ओर से किसानों की कई प्रमुख समस्याओं को महापंचायत में उठाया गया। इनमें गन्ने का रेट 500 रुपए प्रति क्विंटल किए जाने, गन्ने के बकाया भुगतान को जल्द दिलाने और चीनी के बढ़े हुए दाम का लाभ किसानों को बोनस या लाभांश के रूप में दिए जाने की मांग शामिल है।

पेज एक का शेष

विकसित भारत की...

से आज अपने युवाओं के सपनों को साकार करेंगे। हमारी नीति सही है। हमारा इरादा साफ है और आज 140 करोड़ देशवासियों की एकजुट ताकत देश को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। इससे पहले इस साल मई में प्रधानमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संघर्षों से जुड़ी सप्लाई चेन में रुकावटों, बढ़ती कीमतों और वैश्विक अनिश्चितता से निपटने में भारत की मदद के लिए सामूहिक भागीदारी की अपील की थी।

जंतर-मंतर प्रोटेस्ट ...

में बातचीत हुई है। सरकार ने एफआईआर वापसी, नई एफआईआर न दर्ज करने और मुआवजे के आश्वासन को अदालत के समक्ष रखा है।

सीजेआई ने की सौरव दास की तारीफः सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सरकार के आश्वासन के बाद सीजेपी के सौरव दास ने कहा कि हम इस कोर्ट और सभी वकीलों को धन्यवाद देते हैं। 5 सितंबर के मार्च का आह्वान वापस लिया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने उनके इस फैसले की तारीफ की। कोर्ट ने केंद्र सरकार को पूरे देश में मुआवजा भुगतान के लिए एक नीति बनाने का आदेश दिया है। इस नीति को सभी संबंधित राज्य सरकारों और लागू करने वाले प्राधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि इसे मुआवजा देने के लिए एक व्यवस्था बनाई जा सके।

केंद्र ने 3 महीने का वक्त मांगाः सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार प्रदर्शनकारियों से बातचीत में दिए गए भरोसे पर कायम है। उन्होंने बताया कि नीट प्रदर्शन के दौरान आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। केंद्र ने इसके लिए तीन महीने का समय मांगा है। मुआवजे का तरीका तय करने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारों और संबंधित पक्षों से बातचीत की जाएगी।

एफआईआर रद्द होने पर ...

खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की जाएगी। इसी क्रम में, हमने भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों की सरकारों से भी बातचीत की और अब हम उस वादे को पूरा कर रहे हैं। हम सीजेपी के प्रवक्ता द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस में 5 सितंबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन को वापस लेने के फैसले का स्वागत करते हैं। युवाओं की प्रगति और विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

कुख्यात अपराधी सच में वहां मौजूद थे, तो वे समाज में खुलेआम क्यों घूम रहे थे : कॉकरोच जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरव दास ने प्रदर्शन स्थल पर कथित अपराधियों की मौजूदगी और मुआवजे को लेकर सरकार के साथ हुई बातचीत के बारे में कहा, दिल्ली पुलिस को फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी से शक हुआ था कि विरोध वाली जगह पर लगभग 2,800 कथित कुख्यात अपराधी मौजूद थे। हमने सरकार के साथ बातचीत में तर्क दिया कि अगर ये 2,800 कुख्यात अपराधी सच में वहां मौजूद थे, तो पहला सवाल यह है कि वे समाज में खुलेआम क्यों घूम रहे थे। सीजेपी प्रवक्ता ने आगे कहा कि दूसरी बात, अगर उन्होंने विरोध वाली जगह पर कोई गंभीर अपराध किया है, जैसे रेप, हत्या या कोई और गंभीर अपराध, तो उन पर मुकदमा चलना चाहिए, जांच होनी चाहिए और उन्हें जेल भेजा जाना चाहिए। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि दिल्ली में पहचाने गए लगभग 2,800 कुख्यात अपराधियों की जांच के लिए एक अलग, नई एफआईआर दर्ज की जाए। वह मामला अब सुलझ गया है...हमने सरकार से आग्रह किया कि वह सुप्रीम कोर्ट के सामने कहे कि सम्मानजनक राशि का मुआवज़ा 90 दिनों के भीतर दिया जाएगा। यह पैसा सीधे परिवारों के बैंक खातों में जमा किया जाएगा। सरकार ने आज सुप्रीम कोर्ट को यह भरोसा दिलाया और कोर्ट ने इसे स्वीकार करते हुए अपने आदेश में शामिल करके इसे कानूनी मान्यता दी।

सरकार की नाकामी के कारण बच्चों को जान गंवानी पड़ीः सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने नीट की तैयारी कर रहे छात्रों की मौत को लेकर उनके परिवारों से माफी मांगी। उन्होंने कहा, नीट की तैयारी कर रहे जिन बच्चों की जान गई, उनके परिवारों से सबसे पहले माफी मांगना चाहता हूं। आप लोगों के बच्चों को हम बचा नहीं सके। यह कमी कभी पूरी नहीं की जा सकती। आप लोगों के बच्चों के साथ ऐसा नहीं होना चाहिए था। जो भी हुआ, गलत हुआ। मैं आकांक्षा, प्रदीप, रिया के पिता से मिला हूं। हमें अफसोस है कि आपने अपने बच्चों को खो दिया। इन बच्चों ने काफी मेहनत की, ईमानदारी से पढ़ाई की। सरकार की नाकामी थी, जिस वजह से आपके बच्चों को जान गंवानी पड़ी।

पीएम मोदी पुतिन...

संवाद कर रहे थे, उस दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ कुछ ही दूरी पर खड़े होकर यह नजारा देख रहे थे। हालांकि, पीएम मोदी और शहबाज शरीफ के बीच कोई बातचीत नहीं हुई।

आतंकवाद का ईकोसिस्टम ध्वस्त करने की मांगः पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मौजूदगी में पीएम मोदी ने आतंकवाद को लेकर बेहद सख्त रुख अपनाया और किसी भी तरह के दोहरे मापदंड को खारिज कर दिया। पीएम मोदी ने स्पष्ट कहा कि जो देश आतंकवाद को अपनी नीतियों का हथियार बनाते हैं और आतंकियों को पनाह देते हैं, उन्हें कड़ा संदेश दिया जाना चाहिए। आतंकवाद किसी भी राष्ट्र के लिए रणनीतिक संपत्ति नहीं बन सकता। भारत ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई सिर्फ आतंकियों पर कार्रवाई तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसकी फंडिंग, आतंकियों की भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित ठिकानों के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करना होगा।

सोशल मीडिया पर ...

विवाद बढ़ने और सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद पाकिस्तान को अपनी गलती सुधारनी पड़ी। इसके विपरीत, भारतीय प्रधानमंत्री कार्यालय और पीएम मोदी के आधिकारिक अकाउंट से सभी राष्ट्रध्यक्षों की मूल और पूरी ग्रुप फोटो शेयर की गई, जिसमें शहबाज शरीफ समेत सभी वैश्विक नेता मौजूद थे। दोनों तस्वीरों की तुलना सामने आते ही सोशल मीडिया यूजर्स ने पाकिस्तान के इस कदम को अकुटनीतिक और बचकाना बताते हुए तीखी आलोचना शुरू कर दी। फजीहत बढ़ती देख पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने खुद पूरी तस्वीर पोस्ट की। इसके बाद पाकिस्तान पीएमओ ने भी पुरानी एडिटेड फोटो डिलीट कर दी और सभी नेताओं वाली पूरी तस्वीर के साथ नया पोस्ट डाला।

काठमांडू में भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने स्कूल के प्रधानाचार्य से मुलाकात में दिया आश्वासन

नेपाल की बाढ़ में बह गए 1600 बच्चों वाले स्कूल के पुनर्निर्माण में मदद करेगा भारत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नेपाल में बीते दिनों आई भीषण बाढ़ अपने पीछे से प्रभावित इलाकों में सिर्फ और सिर्फ तबाही के डरावने निशान छोड़ गई है। एक ओर रोते बिलखते लोग हैं, जिनका घर-बार पूरी तरह से इस प्राकृतिक आपदा की चपेट में आकर तहस नहस हो गया है। तो वहीं दूसरी ओर कुछ ऐसे भी हैं, जो अपनों की तलाश में दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। इन सबके बीच अपने निकट पड़ोसी मित्र देश की मदद के लिए भारत ने खुले दिल से मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। जिसके तहत पूर्व में भेजी गई 60 टन राहत सामग्री की खेप के बाद अब नई दिल्ली ने इस महा-जलप्रलय में सबसे ज्यादा प्रभावित रसुवा जिले में बह गए कुल करीब 1600 बच्चों की संख्या वाले एक स्कूल (त्रिभुवन त्रिशूली माध्यमिक विद्यालय, बिदुर-नुवाकोट) के पुनर्निर्माण में मदद करने का भरोसा दिया है। यह जानकारी नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने एक्स पर की गई अपनी एक पोस्ट के जरिए दी है।

फाइल फोटो

1950 में भारतीय इंजीनियर ने बनाया डिजाइन

इस स्कूल की एक बेहद खास बात यह है कि इसे वर्ष 1950 के दशक में भारत की मदद से स्थापित किया गया था। जिसका डिजाइन त्रिशुली जलविद्युत संयंत्र के निर्माण में शामिल इंजीनियर ने किया था। स्कूल की नई इमारत को एक बार फिर से भारत ने जरूरी मदद प्रदान कर वर्ष 2022 में बनाया। इसके बाद अब पुनः स्कूल के पुनर्निर्माण में भारत की ओर से सहायता की जाएगी।

प्रधानाचार्य ने बचाई 1600 बच्चों की जान

भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने अपनी एक्स पोस्ट में बताया कि स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र दवादी से मंगलवार को उनकी मुलाकात हुई है। जिसमें उन्होंने बताया कि रसुवा में आई बाढ़ में स्कूल के बहने से ठीक पहले उन्होंने कुल 1600 से ज्यादा बच्चों की जान बचाई। इस मुलाकात के दौरान मैंने उन्हें यह भरोसा दिलाया कि भारत पुनः इस स्कूल के पुनर्निर्माण में अपना समर्थन प्रदान करेगा। दवादी ने कहा कि त्रिशुली जलविद्युत संयंत्र के निर्माण में शामिल रहे एक भारतीय इंजीनियर ने 1950 के दशक में इस स्कूल के स्थापना के वक्त इसका डिजाइन तैयार किया था।

सुरंग सहायता, फॉरेंसिक टीमों से शुरू किया काम

श्रीवास्तव ने बताया कि बाढ़ प्रभावित चिलिमे, लंगटांग जिले में भारत की सेना की तकनीकी सुरंग सहायता टीम ने नेपाल की सेना के साथ मिलकर सुरंग सहायता अभियान की शुरुआत कर दी है। चिलिमे में बेहद छोटी जगह और जमीन के दलदली होने के बावजूद दोनों सेनाओं ने सुरंग के अंदर जाकर खोज करने के लिए फ्लोट्स (फिसल पट्टियों) का इस्तेमाल किया। पूर्व में इसके लिए सुरंग के अंदर रस्सियां लगाई गई थी। जिसके जरिए सुरंग के अंदर फंसे हुए लोगों को जान बचाई जा सकेगी। इसके अलावा 19 सदस्यीय भारतीय फॉरेंसिक टीम ने नेपाल पुलिस सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी और नेशनल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी, खुमलटार (काठमांडू) अपने नेपाली समकक्षों के साथ समन्वय के माध्यम से डीएनए नमूनों का विश्लेषण करना शुरू कर दिया है। यह दल रसुवा बाढ़ प्रभावितों के लिए डीएनए नमूनों की जांच प्रक्रिया में तेजी लाने का प्रयास कर रहा है। उक्त नमूनों की जांच के बाद ही यह पूरी तरह से साफ हो सकेगा कि नेपाल की इस बाढ़ में भारत के कितने लोगों की जान गई है।

---

4 सितम्बर तक पीएम आवास योजना में 100% पंजीकरण

सितंबर में 10 हजार शेष ग्रामीण आवास पूरे करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : केशव मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनऊ

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत शेष आवासों के निर्माण को प्राथमिकता पर पूरा कराने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर योजना की निर्माण एवं पंजीकरण प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि 04 सितम्बर तक शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए और लगभग 10 हजार शेष आवासों को सितम्बर माह के अंत तक पूरा कराया जाए। उपमुख्यमंत्री ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्रता सूची की जानकारी संबंधित लाभार्थियों तक अनिवार्य रूप से पहुंचाई जाए। साथ ही मोबाइल एप के माध्यम से लाभार्थियों को अपनी सूची और आवेदन संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि पारदर्शिता बढ़े और ग्रामीणों को कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। केशव मौर्य ने पंजीकरण, सत्यापन और अन्य प्रक्रियाओं में आ रही तकनीकी खामियों का जनपदों एवं विभागीय मुख्यालय के बीच समन्वय स्थापित कर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी कारणों से किसी पात्र परिवार को योजना का लाभ मिलने में देरी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य जरूरतमंद ग्रामीण परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। किसी भी स्तर पर शिथिलता, लापरवाही अथवा अनावश्यक विलम्ब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

चिंतन

बच्चों के हित में सुप्रीम फैसला

बच्चों के हित में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इससे नीट-यूजी विवाद में उलझे हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में सभी प्राथमिकी रद्द करने और इसी अवधि के प्रदर्शनों के संबंध में नई प्राथमिकी दर्ज न करने का आदेश यह बताता है कि कानून के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी जरूरी है। प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका से पहले ही विद्यार्थियों का भरोसा डगमगाता है, ऐसे में विरोध करने वाले युवाओं पर मुकदमों का बोझ डालना उनके भविष्य को और संकट में डाल सकता है। अब सरकार की असली जिम्मेदारी परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करने की है। न्यायिक राहत तभी सार्थक होगी, जब नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। नीट कोई सामान्य परीक्षा नहीं है। इसके लिए विद्यार्थी वर्षों तक दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में प्रश्नपत्र लीक होने या परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी की खबर विद्यार्थी के लिए सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि उसकी वर्षों की मेहनत पर सीधा आघात होती है। जब व्यवस्था पर भरोसा टूटता है तो आक्रोश स्वाभाविक है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध इसी आक्रोश को व्यक्त करने का संवैधानिक रास्ता है। हालांकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2,873 लोगों के खिलाफ नए मामले दर्ज करने की अनुमति देकर अदालत ने यह संदेश दिया है कि आंदोलन की आड़ में कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। लोकतांत्रिक अधिकार अराजकता का लाइसेंस नहीं हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसा, तोड़फोड़ अथवा गंभीर आपराधिक कृत्य के बीच फर्क करना जरूरी है। कानून का शासन तभी मजबूत होगा, जब अधिकार और जिम्मेदारी दोनों साथ चलेंगे। इस पूरे प्रकरण में सरकार और प्रशासन को भी आत्ममंथन करना चाहिए। जब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और दिल्ली पुलिस के साथ महाराष्ट्र, असम, बिहार तथा पश्चिम बंगाल की ओर से प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई, तो सवाल उठता है कि यह समाधान पहले क्यों नहीं खोजा गया? किसी विद्यार्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना उसके लिए वर्षों तक चलने वाला मानसिक दबाव बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आत्महत्या करने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए देशव्यापी मुआवजा नीति बनाने का निर्देश इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। सरकार की यह जिम्मेदारी जरूर है कि ऐसी त्रासदियों को केवल आंकड़ों में बदलने के बजाय उनके पीछे छिपे दर्द को समझे। प्राथमिकी रद्द होना तत्काल राहत है, लेकिन नीट की विश्वसनीयता बहाल करना असली चुनौती है। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें विद्यार्थी को न्याय के लिए आंदोलन का सहारा लेने की नौबत ही न आए। परीक्षा व्यवस्था जितनी पारदर्शी होगी, उतना ही विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा मजबूत होगा। इस फैसले के बाद 5 सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लिया जाना भी सकारात्मक संकेत है। इसका अर्थ है कि टकराव के बीच भी संवाद का रास्ता खुला रह सकता है। असहमति लोकतंत्र का संकट नहीं है; असहमति को सुनने से इनकार करना संकट जरूर बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने विद्यार्थियों को मुकदमों के बोझ से राहत देकर एक जरूरी संदेश दिया है। युवा केवल परीक्षा देने वाले चेहरे नहीं, देश का भविष्य हैं। उनकी मेहनत पर सवाल उठे तो व्यवस्था को जवाब देना होगा। न्याय की सबसे बड़ी कसौटी यही है कि देश का हर विद्यार्थी यह भरोसा लेकर परीक्षा दे कि उसकी मेहनत सुरक्षित है और व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।

मुद्दा
अवधेश कुमार

भागवत के अमेरिकी कार्यक्रम के फलितार्थ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है। यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने अमेरिकी सरकार से संघ के सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने और भारत में कथित धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों को लेकर मोहन भागवत का वीज़ा रद्द करने तक पर विचार करने का आग्रह कर दिया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत आयोग की टिप्पणियों को ख़ारिज करते हुए इसे पक्षपाती और विश्वसनीयता से रहित संस्था बताया था। वॉशिंगटन स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने ऐसा वैन निकाला जिसमें वीडियो स्क्रीन लगा था और जो मैनहैटन की सड़कों पर घूमकर कार्यक्रम के विरुद्ध प्रचार कर रहा था। हालांकि इसका परिणाम हुआ कि अमेरिकी मीडिया में इस कार्यक्रम को बिना कोशिश के लगातार कवरेज प्राप्त हो गया। ऐसा नहीं था कि सब कुछ एकपक्षीय था। उदाहरण के लिए अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मदनानी और विरोधियों की आलोचना की। ऐसी प्रतिक्रिया देने वाले और भी कई अमेरिकी प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे। वस्तुतः इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन 'हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' फोरम ने किया था। संगठन ने बयान जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम 200 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका आधार वसुधैव कुटुम्बकम है। विरोध अभियानों के विपरीत आयोजक की एक प्रवक्ता ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इसका मतलब है कि हमारे बीच गहरे मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन फिर भी हम संवाद, सम्मान और अपनी साझा मानवता को चुन सकते हैं। यह एक बयान ही दोनों पक्षों के चरित्र में गुणात्मक अंतर को दर्शाने वाला था। अब जरा कार्यक्रम की ओर आयें। संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है और इसके तहत देश और विदेश दोनों जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। इसका विषय क्या था? यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन यानी 'एक विश्व - एक मानवता उत्सव'। आप सोचिए, आज विश्व के संदर्भ में संपूर्ण विश्व की विविधताओं के बीच एकता के उत्सव से बड़ा विश्व कल्याण की दृष्टि से प्रासंगिक कार्यक्रम क्या हो सकता था? संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने अधिकृत बयान में स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का आयोजन खुले संवाद की भावना से किया गया है।

सरसंघचालक अलग-अलग संस्कृतियों और धर्मों से जुड़े लोगों के सामने अपनी बात रखेंगे। यह कार्यक्रम खुले संवाद और एक-दूसरे के सम्मान की भावना से आयोजित किया गया है जो भारतीय' विचार को दर्शाता है। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ - साथ 30 देशों के, 16 विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि 180 से अधिक

आध्यात्मिक / धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख लोग भी थे। वास्तव में भागवत ने अपने संबोधन में उसी भाव को सामने रखा जो कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। यहां उनमें विस्तार से नहीं जा सकते किंतु कुछ पंक्तियों का उल्लेख आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाइयां नहीं एक दायित्व का निर्वाह करते हैं। भारत का दायित्व है कि वह विविधता में एकता के इस सत्य का साक्षात्कार करे और समय-समय पर संसार को भी इस सत्य का साक्षात्कार कराए। वननेस क्या है, इसका उत्तर देते हुए भागवत ने कहा कि भौतिक सुख स्थायी सुख या समाधान नहीं हैं। सच है कि केवल भौतिक सुख और उपलब्धियों के कारण ही व्यक्ति, समाज , राष्ट्रों के बीच समस्याएं बढ़ीं हैं। मैं आप में हूं, और आप मेरे में हैं, हम सब एक दूसरे में समाये हैं, यही वननेस है। भारतीय होने के नाते हमें संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ इस विचार को अपने आचरण से फैलाना है।

आप सोचिए, इस तरह के संबोधन में किस पहलू का विरोध हो सकता है? अमेरिका की धरती पर उन्होंने यह भी कहा कि विश्व में दो प्रकार के लोग हैं। एक कहते हैं, 'जियो और जीने दो'। दूसरे कहते हैं कि 'मात्र उन्हीं को जीने का अधिकार हैं, जो हमारी बात मानते हैं। हम उन्ही की रक्षा करेंगे, जो हमारे मत को मानेगा'। हिंदुत्व या हिंदू विचार या भारतीय विचार किसी को भी तीखा बोलकर विरोधी बनाने या चोट पहुंचाने की बात नहीं करता बल्कि सकारात्मक बातों से उसकी सोच बदलने का रास्ता दिखाता है। यही उन्होंने अमेरिका की भूमि से संदेश दिया। सभी धर्म के प्रति सम्मान के साथ कोई यह सोचे या चाहे कि दूसरे पंथ के लोग उसके देश में वह हिंदू नहीं हो सकता। कोई भारत में पैदा हुआ या मूल रूप से भारतीय है वह अमेरिका में रहता है तो वह कैसा व्यवहार करें? उन्होंने कहा कि जो लोग भारत से बाहर दूसरे देशों में बसे हैं, वह देश उनकी कर्मभूमि हैं। अगर हम अमेरिका में हैं तो अमेरिका का ही हिस्सा हुए। हमें अपनी कर्मभूमि के प्रति पूरी तरह प्रामाणिक रहना चाहिए। किंतु क्योंकि आप भारतवंशी है, वह आपके पुरखों की जन्मभूमि हैं। इसलिए भारत के लिए कुछ करना संभव है तो अवश्य करें, किंतु आपकी जन्मभूमि आपसे अपेक्षा करती है कि जिन मूल्यों को लेकर आपका, आपके पुरखों का जीवन बना है, उन मूल्यों के साथ आप अपनी कर्मभूमि में कार्य करें। सच कहें तो संघ, हिंदुत्व, हिंदू और भारत के वास्तविक व्यापक दृष्टिकोण को रखकर भावगत में विरोधियों को निःशब्द किया। किंतु जिन्हें कुछ मानना ही नहीं है और जिनके अंदर रोग के स्तर पर संघ का विरोध है, वह न पहले माने हैं न आगे मानेंगे। वे जो कुछ बोलते हैं, प्रचारित करते हैं, लिखते हैं, वह सब झूठ पर आधारित होता है। सीमाओं के बाहर कोई भी व्यक्ति भले किसी संगठन और विचार का हो अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। इस रूप में भागवत का उद्बोधन संघ संगठन की सीमाओं तक सीमित न होकर भारतीय विचार और भारत के पक्ष को सही संदर्भ में रखने वाला माना जाएगा, तो हम इसे ही संघ का चरित्र और ध्येय क्यों नहीं माने।

वस्तुतः कोई माने या ना माने, संघ के शीर्ष पदाधिकारी हमेशा इसी विचार को आगे बढ़ने का वक्तव्य देते और आचरण करते दिखते हैं। इसीलिए आप देखेंगे कि इतने विरोध और निंदा के बावजूद सामान्यतः वे इनका उत्तर देने या खंडन करने का व्यवहार नहीं अपनाते। भारत में संघ का अभी तक यही चरित्र रहा है और विश्व के कार्यक्रमों के संदर्भ में भी किसी विरोध के प्रत्युत्तर की कोई कोशिश तक नहीं हुई। यह ऐसा व्यवहार है जिससे देश और विदेश के विरोधियों को सीखना चाहिए। इसी से संघ का समर्थन लगातार बढ़ता है। अमेरिका में उस तरह का कार्यक्रम स्वयं उन संगठनों के वश की बात नहीं जो विरोध का झंडा उठाए हुए थे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विमर्श
प्रो आर.सी. कुहाड़



मेरी बोली : मेरा अभिमान

भारत की आज़ादी के अस्सी वर्ष पूरे होने को हैं। ये अस्सी वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता-संघर्ष, राष्ट्र-निर्माण और विकास-यात्रा के गहरे पड़ाव हैं। इन वर्षों में हमने क्या खोया, क्या पाया और कहां से कहां पहुंचे, इसका निष्पक्ष मूल्यांकन ही हमारी आजादी की यात्रा को समझने में सहायक हो सकता है। साथ ही यह प्रश्न भी हमारे सामने है कि हमें कहां जाना है और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा भारत रचने का संकल्प लेना है। स्वतंत्रता का यह अवसर हमें अपनी संस्कृति, परम्पराओं, मूल्यों और भाषायी विरासत का स्मरण कराते हुए राष्ट्र के भविष्य-निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा देता है। आज़ादी का वास्तविक अर्थ क्या है, यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कभी था। संविधान की प्रस्तावना में निहित "हम भारत के लोग" जैसे शब्द लोकतंत्र, समानता, सहभागिता और सामूहिक उत्तरदायित्व के अनेक अर्थ अपने भीतर समेटे हुए हैं। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं कि हम आज़ादी का उत्सव कैसे मनाएं, बल्कि यह भी है कि हम उसके वास्तविक उद्देश्यों को अपने जीवन और समाज में किस प्रकार साकार करें। जब मैं आम आदमी की बात करता हूँ, तो मेरा ध्यान सहज ही उसकी बोली-वाणी की ओर चला जाता है,उस बोली की ओर जिसे हम अपना अभिमान और दूसरे शब्दों में अपना स्वाभिमान कह सकते है और आज के इस विमर्श का विषय "मेरी बोली : मेरा अभिमान" मनुष्य और सभ्यता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। 'मेरी बोली' से अभिप्राय उन सभी भाषाओं और बोलियों से है जो सबसे पहले हमें बोलना सिखाती हैं। बोली के बिना हमारी पहचान अधूरी रह जाती है। बोली है, इसलिए हम अपनी परम्पराओं से जुड़े रहते हैं। बोली के माध्यम से ही हम अपनी परम्पराएँ अगली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। जिस प्रकार वृक्ष अपनी जड़ों से पोषण पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य और समाज अपनी भाषा और बोली से सांस्कृतिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अपनी ही भाषा में शिक्षा अधिक सहज और प्रभावी होती है। जटिल विषयों को भी अपनी भाषा में सरलता से समझाया जा सकता है। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, ज्ञान को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त साधन भी है। भारत विविधताओं का देश है। "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी", यह कहावत हमारी भाषायी विविधता की सुंदरता को अभिव्यक्त करती है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1652 भाषाएं और बोलियां बोली जाती थीं। आज भी अनेक बोलियां अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। कुछ बोलियों में बोलने वालों की संख्या बहुत कम रह गई है। भाषा बहते जल के समान है। जो बोली समय और समाज के साथ संवाद बनाए नहीं रख पाएगी, उसके सामने धीरे-धीरे विलुप्त होने का खतरा बना रहता है। इन बोलियों का मूल स्वरूप, लोक-साहित्य, लोक-स्मृति और सांस्कृतिक खजाना तभी सुरक्षित रह सकता है, जब हम सामूहिक प्रयास करें। बोलियों के साहित्य और मौखिक परम्पराओं को नए माध्यमों से सामने लाना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के महत्व को उचित स्थान दिया गया है। त्रिभाषा सूत्र का मूल उद्देश्य भाषायी विविधता को समझना और विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। बोली और भाषा में सुरक्षित विशाल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा और बोली के संरक्षण, प्रयोग और विकास में भूमिका निभानी चाहिए। आज, जब हम स्वतंत्रता के अस्सीवें वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, "मेरी बोली : मेरा अभिमान" का विचार और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वैश्वीकरण, इंटरनेट, सोशल मीडिया, डिजिटल शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने संचार की सीमाएं लगभग समाप्त कर दी हैं। यह परिवर्तन चुनौती भी है और अवसर भी। यदि हमारी बोलियां डिजिटल दुनिया में दर्ज नहीं होंगी, यदि उनमें साहित्य, लोककथाएं, गीत, कहावतें और ज्ञान सुरक्षित नहीं किया जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक स्मृतियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित हो सकती हैं। अपनी बोली को बचाने का अर्थ केवल उसे बोलते रहना नहीं, बल्कि उसे लिखना, पढ़ना, शोध का विषय बनाना,संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। अपनी बोली से प्रेम करना किसी दूसरी भाषा का विरोध नहीं है। भारत की शक्ति उसकी भाषायी विविधता में निहित है। अंग्रेज़ी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करते हुए अपनी मातृबोली को भी सम्मान देना चाहिए। हम संकल्प लें कि अपनी बोली को केवल घर तक सीमित नहीं रखेंगे। उसे शिक्षा, साहित्य, शोध, तकनीक और डिजिटल संसार में भी सम्मानजनक स्थान दिलाएंगे। यही हमारी भाषायी विरासत के प्रति सच्चा सम्मान, हमारी स्वतंत्रता का सार्थक उत्सव और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी।

(लेखक एनआईआईएलएम कैथल के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव

संकलित
प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

अंतर्मन

आज की पाती

कौशल विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी स्वरोजगार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप को लेकर आई है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी, अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे। ऐसा करके वे या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। लेकिन सरकार की यह योजना तभी कामयाब होगी, जब कंपनियां सरकार की इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। - *सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

ट्रेंड

अभाविप को बधाई

पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर काउंसिल के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। लगातार दूसरी बार मिली यह जीत, 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा में युवा शक्ति के अटूट विश्वास का प्रमाण है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

जीडीपी ग्रोथ



वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8% जीडीपी ग्रोथ देश की आर्थिक मजबूती, मुश्किलों से उबरने की क्षमता और 140 करोड़ भारतीयों के अटूट जज़्बे का ज़बरदस्त सबूत है।
- **जगत प्रकाश नड्डा,** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

गैंगरेप की घटना शर्मनाक

नोएडा से दिल्ली जा रही बस में मैनपुरी की एक छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की घटना बेहद भयावह और शर्मनाक है। महिलाओं की सुरक्षा के दावों के बीच, ऐसी घटनाएं बीजेपी सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़े हैं।
- **डिंपल यादव,** सांसद, सपा

वोटों की चोरी

भाजपा द्वारा वोटों की चोरी करके भारतीय लोकतंत्र को खोखला करने की साजिश अब सबके सामने आ रही है। जहां भाजपा को फायदा होता है, वहां मतदाता जोड़े जाते हैं; जहां फायदा नहीं होता, वहां वोटों को बांटकर "वोटों की चोरी" की जाती है।
- **मल्लिकार्जुन खरगे,** अध्यक्ष, कांग्रेस

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

करंट अफेयर

ट्रंप ने 'लेक ओंटारियो' का नाम बदल 'लेक अमेरिका' करने कहा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल से अपने मानचित्र ऐप पर 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने को कहा है। अमेरिका के गृह मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही इस झील से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कनाडा के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच यह झील चर्चा में है। गृह मंत्री डग बर्गम ने फॉक्स के कार्यक्रम 'मॉर्निंग्स विद मारिया' में कहा कि ट्रंप ने 'एप्पल से सीधे संपर्क किया है।' उन्होंने भरोसा जताया कि एप्पल के मंच पर जल्द ही 'लेक अमेरिका' नाम दिखाई दे सकता है। एप्पल ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लंबे समय से लेक ओंटारियो के नाम से जानी जाने वाली यह झील अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के ओंटारियो प्रांत के बीच स्थित है। 'गूगल मैप्स' ने अमेरिका में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बीते सप्ताहांत ही इस झील का नया नाम दिखाना शुरू कर दिया था। कंपनी ने इसके लिए ट्रंप के हालिया आदेश और अमेरिकी भौगोलिक नाम सूचना प्रणाली (जीएनआईएस) द्वारा निर्धारित नामों का इस्तेमाल करने की अपनी पहले से जारी व्यवस्था का हवाला दिया।

ऑफ बीट

बच्चों को चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती है

शोध से यह बात अच्छी तरह सामने आई है कि बच्चों की चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती हैं। म्यूनिख स्थित 'इंटरनेशनल यूथ लाइब्रेरी' में एक शोधवृत्ति के दौरान मुझे यह अध्ययन करने का अवसर मिला कि चित्र वाली बहुभाषी पुस्तकों में अलग-अलग भाषाओं को किस तरह प्रस्तुत किया जाता है और उनका इस्तेमाल किसी समाज में उन भाषाओं की बदलती स्थिति को किस तरह प्रतिबिंबित कर सकता है। न्यूजीलैंड के संदर्भ में यह खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1970 के दशक से बच्चों की चित्र वाली पुस्तकों में 'ते रेओ माओरी' (माओरी लोगों की पारंपरिक और आधिकारिक भाषा) के इस्तेमाल में लगातार वृद्धि हुई है। यह भाषा को फिर से उसका स्थान दिलाने और उसके पुनर्जीवन की प्रक्रिया को दर्शाता है। मेरा मानना है कि चित्र वाली पुस्तकें भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। 'यूथ लाइब्रेरी' में अपने अध्ययन के दौरान मैंने चित्र वाली जिन पुस्तकों का विश्लेषण किया, उनमें एक ही पुस्तक में 11 तक भाषाएं शामिल थीं। ये पुस्तकें दक्षिण अफ्रीका, पोलैंड और नॉर्वे समेत कई देशों की थीं।

राहुल गांधी ने दिल्ली-यूपी पुलिस की जवाबदेही पर उठाए सवाल

चलती स्लीपर बस में नाबालिग से गैंगरेप 47 किमी तक दौड़ी बस, नियम कहां गए?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में चलती स्लीपर बस में 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा से कथित गैंगरेप की घटना ने सार्वजनिक परिवहन में महिलाओं की सुरक्षा और बसों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रेटर नोएडा के परी चौक से दिल्ली के कश्मीरी गेट तक करीब 47 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली बस में छात्रा के साथ कथित तौर पर ड्राइवर और कंडक्टर ने दुष्कर्म किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बस को जब्त कर लिया है। इस घटना को लेकर कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्र तथा उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए दिल्ली और नोएडा पुलिस की जवाबदेही पर सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि निर्भया कांड के बाद वर्षों बीत जाने और कई घटनाओं के बावजूद स्लीपर बसों की जांच और निगरानी से जुड़े नियमों का पालन क्यों नहीं हो रहा है।

राहुल बोले- मामले पर पर्दा डालने की कोशिश न हो

राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर महिलाओं के लिए इतना असुरक्षित हो चुका है कि एक नाबालिग बच्ची के साथ स्लीपर बस में 47 किलोमीटर तक गैंगरेप हुआ। उनका सवाल था कि पूरी दिल्ली या नोएडा पुलिस को इसकी भनक तक कैसे नहीं लगी। उन्होंने कहा कि बस नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे, दिल्ली के रिंग रोड और सीमा क्षेत्रों से होकर गुजरती रही, लेकिन उसे किसी भी चेकपोस्ट पर नहीं रोका गया। राहुल गांधी ने बस में लगे पर्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि सीटों पर पर्दे लगे थे, जिससे बाहर से अंदर की गतिविधियां दिखाई नहीं देती थीं। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि 2012 के निर्भया कांड के बाद बनाए गए सुरक्षा प्रावधानों और इतने वर्षों में हुई घटनाओं के बावजूद स्लीपर बसों की जांच और निगरानी के नियम लागू क्यों नहीं हो रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अधीन दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन यूपी पुलिस की जवाबदेही तय किए जाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि इस मामले पर भी कहीं 'पर्दा' डालने की कोशिश न हो।

यह घटना सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर परीक्षा है

राहुल गांधी ने कहा कि निर्भया कांड के बाद भी यदि ऐसी घटना चलती बस में हो सकती है और बस बिना किसी रोक-टोक के सीमा पार करती हुई राजधानी तक पहुंच सकती है तो यह सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर परीक्षा है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारों से सवाल किया कि आखिर कितनी महिलाओं और बच्चियों के साथ ऐसी घटनाएं होने के बाद व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अधीन दिल्ली पुलिस और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अधीन यूपी पुलिस की जवाबदेही तय की जाएगी।

सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा की चुनौती

इस घटना ने अंतरराज्यीय निजी बसों की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर बहस छेड़ दी है। खास तौर पर स्लीपर बसों में पर्दों, सीसीटीवी, चालक-कंडक्टर के सत्यापन, बसों की नियमित जांच और सीमा क्षेत्रों में निगरानी जैसे मुद्दे अब फिर केंद्र में हैं। यह मामला जांच का एक अहम हिस्सा यह भी होना चाहिए कि सुरक्षा नियमों की निगरानी के लिए जिम्मेदार परिवहन और पुलिस की ओर से कहां चूक हुई।

मुरादाबाद मंडल में 'कवच' को 170 करोड़ रुपए मंजूर

नई दिल्ली। उत्तर रेलवे ने मुरादाबाद मंडल के 712 किमी लंबे मार्ग पर 170 करोड़ की लागत से स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' लगाने को मंजूरी दी है। रेलवे ने कहा कि इसके लागू होने से सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी। इस स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली की तैनाती से सुरक्षा मजबूत होगी।

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

मु.न. 222 दिनांक 20.08.2026 धारा 127(6) बी.एन.एस थाना HSIIDC बड़ी जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान

नाम- मंदीप।
पिता का नाम-पालेराम।
पता - वासी BST कालोनी गन्नौर जिला सोनीपत।
उम्र - 37 वर्ष।
कद - 5 फुट 8 इंच।
हुलियाः- रंग सावला, सामान्य शरीर, गोल चेहरा, काले बाल, काली आँखे,।
पहनावा- काले रंग की टी-शर्ट व काले रंग की पेंट व सफेद रंगीन जूते पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.08.2026 को मंदीप पुत्र पालेराम BST कालोनी गन्नौर जिला सोनीपत, बिना किसी को बताए घर से कहीं चला गया है। अब तक वापिस नहीं आया हैं। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सूचित करें।

प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410541
अनुसंधानकर्ता मो0 न0 - 8708271078
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/5267/2027/48787/88/7 दि. 01.09.2026

कांग्रेस अध्यक्ष ने 'भाजपा की कुर्सी बचाओ आयोग' तक कह दिया

वोटचोरी के आरोपों पर फिर गरमाई सियासत खड़गे ने किया निर्वाचन आयोग पर हमला

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर भारतीय जनता पार्टी और निर्वाचन आयोग पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। खड़गे ने निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए उसे 'भाजपा की कुर्सी बचाओ आयोग' तक कह दिया।

खड़गे ने सोशल मीडिया पोस्ट में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में मतदाता सूची में हुए बदलावों का हवाला देते हुए दावा किया कि एक सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के नाम जोड़े और हटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश अब 'वोट चोरी' के खिलाफ एकजुट हो रहा है और लोकतंत्र को कमजोर करने की किसी भी कोशिश की सजा मिलनी चाहिए।

महाराष्ट्र में 40.81 लाख मतदाताओं की हुई थी शुद्ध वृद्धि

खड़गे के आरोपों की पृष्ठभूमि में महाराष्ट्र का मामला पहले से ही कांग्रेस और निर्वाचन आयोग के बीच विवाद का विषय रहा है। 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बीच मतदाताओं की संख्या में करीब 40.81 लाख की शुद्ध वृद्धि हुई थी। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, लोकसभा चुनाव के समय महाराष्ट्र में 9,29,43,890 मतदाता थे। विधानसभा चुनाव के समय तक 48,81,620 नए मतदाता जोड़े गए और 8,00,391 नाम हटाए गए। इस तरह शुद्ध वृद्धि 40,81,229 रही और विधानसभा चुनाव के दौरान कुल मतदाताओं की संख्या 9,70,25,119 हो गई। कांग्रेस ने इसी वृद्धि को लेकर सवाल उठाया था। पार्टी का तर्क था कि 2019 के विधानसभा चुनाव से 2024 के लोकसभा चुनाव तक पांच साल में करीब 32 लाख मतदाता जुड़े, जबकि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच महज कुछ महीनों में करीब 39-41 लाख की वृद्धि कैसे हो गई। हालांकि निर्वाचन आयोग ने इन आरोपों को असामान्य मतदाता वृद्धि का प्रमाण मानने से इनकार किया था।

पश्चिम बंगाल में 91 प्रतिशत अपीलों में नाम बहाल होने का दावा

खड़गे ने पश्चिम बंगाल में एसआईआर के दौरान हटाए गए नामों को लेकर भी सवाल उठाया है। यह मुद्दा अब अदालतों और निर्वाचन तंत्र के सामने भी चर्चा का विषय है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पश्चिम बंगाल में नाम हटाए जाने के खिलाफ अब तक निपटाई गई 82,782 अपीलों में 75,443 मामलों में मतदाताओं के नाम फिर से मतदाता सूची में शामिल किए गए, जबकि 7,339 मामलों में नाम हटाने का फैसला बरकरार रहा। यानी निपटाए गए मामलों में 91.13 प्रतिशत नाम बहाल किए गए।

सुप्रीम कोर्ट ने मांगा लंबित अपीलों का आंकड़ा

पश्चिम बंगाल का मामला अब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में भी आया है। अदालत ने हाल में निर्वाचन आयोग से एसआईआर के बाद मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने से संबंधित लंबित अपीलों का विस्तृत आंकड़ा मांगा है। इससे साफ है कि मतदाता सूची को लेकर उठे विवाद को

'वोट चोरी' पर कांग्रेस और निर्वाचन आयोग आमने-सामने

फिलहाल इतना स्पष्ट है कि एसआईआर ने मतदाता सूची की शुद्धता के साथ-साथ निर्वाचन आयोग की पारदर्शिता और राजनीतिक निष्पक्षता को लेकर बहस को भी राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में ला दिया है। कांग्रेस इसे 'वोट चोरी' का मामला बता रही है, जबकि निर्वाचन आयोग इसे मतदाता सूची को साफ और विश्वसनीय बनाने की संवैधानिक प्रक्रिया के रूप में देख रहा है।

एसआईआर की कानूनी वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का क्या कहना है?

इस पूरे विवाद में एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पहलू भी है। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मई 2026 को बिहार में निर्वाचन आयोग द्वारा कराए गए एसआईआर की वैधता को बरकरार रखा था। अदालत ने माना कि निर्वाचन आयोग को संविधान के अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 21(3) के तहत मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण करने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सही, पूर्ण और विश्वसनीय मतदाता सूची स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की बुनियादी आवश्यकता है और SIR का उद्देश्य इसी संवैधानिक आवश्यकता को पूरा करना है। अदालत ने यह भी माना कि आयोग पात्रता निर्धारित करने के लिए सीमित स्तर पर नागरिकता से संबंधित जांच कर सकता है। इस फैसले का अर्थ यह नहीं है कि एसआईआर के तहत किसी भी नाम को बिना प्रक्रिया के हटाया जा सकता है।

राहुल ने भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' बताया, 7.8 फीसद ग्रोथ ने उनके झूठे दावों की पोल खोलीः रविशंकर प्रसाद

न इकॉनमी डेड हुई, न सुनामी आई, राहुल गैर-जिम्मेदाराना बयानों पर मांगें देश से माफी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा ने मंगलवार को कहा कि अप्रैल-जून 2026 तिमाही में भारत की जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसद रही, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच मजबूत आर्थिक प्रबंधन को दर्शाती है। पार्टी ने राहुल गांधी के भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' बताने वाले बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की।

लोकसभा सांसद रविशंकर प्रसाद ने केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'फ्रैजाइल फाइव' से विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्था बन रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने राहुल गांधी के भारतीय अर्थव्यवस्था को 'डेड इकॉनमी' बताने वाले बयान की निंदा करते हुए उनसे माफी मांगने की मांग की।

प्रसाद ने कहा कि आज बहुत ही सुखद दिन है। अभी जो रिपोर्ट आई है, उसमें अप्रैल-जून 2023 की तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 7.8 फीसद रही है। इस 7.8 फीसद का विशेष संदर्भ है, क्योंकि अप्रैल से जून की जिस अवधि की बात की जा रही है, उससे पहले जनवरी-फरवरी में पूरा गल्फ क्राइसिस शुरू हुआ था। तेल की समस्या थी, सप्लाई चेन की समस्या थी और दुनिया में अनिश्चितता थी। इसके बावजूद भारत की इकॉनमी 7.8 फीसद रही है। इसी अवधि में कनाडा 1.5 फीसद, जर्मनी 1 फीसद, यूके 2.1 फीसद, मलेशिया 6 फीसद और साउथ कोरिया 3.7 फीसद पर है। अमेरिका भी लगभग 2 फीसद पर है। दुनिया में हर जगह गल्फ क्राइसिस, वॉर और हॉरमुज़ की समस्या के कारण परेशानी है और तेल का आवागमन बाधित है। इसके बावजूद भारत कहां है और बाकी लोग कहां हैं। आज हम भारत के इकनॉमिक मैनेजमेंट का बहुत अभिनंदन करते हैं।

प्रसाद ने कहा कि देश का जो मनोबल बढ़ रहा है, उसके बारे में हम थोड़ा और बताना चाहते हैं। 2013 में भारत की इकॉनमी 'फ्रैजाइल फाइव' में थी। उस समय पॉलिसी पैरालिसिस और भारत की इकॉनमी की स्थिति सभी के सामने थी। आज भारत 'फ्रैजाइल फाइव' से 7.8 फीसद की ग्रोथ रेट तक पहुंचा है। इसीलिए हमने तुलना की कि दुनिया में तनाव है, दुनिया में युद्ध है, सप्लाई चेन डिसरप्टेड है, फिर भी भारत का यह 7.8 फीसद ग्रोथ रेट है। यह तब होता है जब देश में एक स्टेबल लीडरशिप होती है। प्रसाद ने कहा कि जैसा देखा गया है, मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेड, कंस्ट्रक्शन और सर्विस सेक्टर, इन सभी ने इसमें योगदान किया है। केंद्र सरकार द्वारा जो नीतियां बनाई गई हैं, यह बहुत इम्पोर्टेंट है। मोदी सरकार ने धन का उपार्जन करने वालों से गाली-गलौज नहीं की, बल्कि उनसे कहा कि 'काम करो और देश को आगे बढ़ाओ।' यह उसी का नतीजा है। लघु उद्योग, बड़े उद्योग, मझोले उद्योग और बाकी जो हमारे कर्मयोगी हैं, कर्मकार हैं, इन सभी को इंस्पायर करना बहुत जरूरी है। आज के दिन यह बताना जरूरी है और यह भारत के लिए बहुत ही पॉजिटिव पॉइंट है। भारत अब एक असली और बड़ी ग्लोबल इकॉनमी के तौर पर उभर रहा है।

एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
सीआईएनः L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालयः 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली–110019
फोनः 011–42504954 / 4878, **फैक्सः** 28293822
ईमेल आईडीः sbecsystems@rediffmail.com **वेबसाइटः** www.sbecsystems.in

37वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी

प्रिय सदस्य(गण)

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के सदस्यों की 36वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को सुबह 11:30 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से, कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बने नियमों, और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ)नियम, 2015 ("सेबी लिस्टिंग रेगुलेशंस") के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पठित, के अनुसार एजीएम बुलाने की सूचना में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए आयोजित की जाएगी। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के प्रयोजन के लिए गिना जाएगा

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना केवल इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से कंपनी के उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी जिनके ईमेल पते कंपनी / रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) या डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास पंजीकृत हैं। उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in और बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड की वेबसाइट www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

सदस्य एजीएम के नोटिस में बताए गए कामकाज पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई–वोटिंग") के जरिए अपना वोट डाल सकते हैं। एजीएम के नोटिस में वोटिंग के तरीके के बारे में बताया गया है। इसमें डीमटेरियलाइज्ड फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्यों, फिज़िकल मोड से वोट करने वालों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं कराया है, उनके लिए रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई–वोटिंग") की सुविधा भी शामिल है। एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा ("इंस्टा पोल") भी उपलब्ध होगी और एजीएम में शामिल होने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के जरिए वोट नहीं दिया है, वे एजीएम में इंस्टा पोल के जरिए वोट कर सकेंगे।

ई–मेल पते के पंजीकरण / अद्यतन का तरीकाः

क. **डीमैट फॉर्म में रखे गए शेयरों के लिएः** कृपया अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ ईमेल पते और मोबाइल नंबर पंजीकृतध्अपडेट करें।

ख. **भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिएः** कृपया फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन फॉर्म) को उसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरकर सहायक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA), मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली – 110062 या ई–मेलः beetalrta@gmail.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट यानी www.sbecsystems.in और इसके RTA की वेबसाइट www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे 37वीं एजीएम के नोटिस में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में शामिल होने के निर्देश और रिमोट ई–वोटिंगध्एजीएम के दौरान ई–वोटिंग के जरिए वोट डालने का तरीका शामिल है। किसी भी सवाल के मामले में, सदस्य ऊपर बताए गए पते और ईमेल आईडी परआरटीए से संपर्क कर सकते हैं या उन्हें लिख सकते हैं, और इसकी एक कॉपी कंपनी को भी भेज सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
हिमानी मित्तल
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 01.09.2026

सलमान सोज बोले- जनता महंगाई, बेरोजगारी और गिरती आय समेत कई आर्थिक संकटों से जूझ रही

जीडीपी आंकड़े जमीनी हकीकत से दूर, मोदी सरकार बदहाल आर्थिक हकीकत छिपा रहीः कांग्रेस

> जयराम रमेश ने कहा- मोदी सरकार ईमानदारी से आकलन करती तो वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर का आंकड़ा बहुत कम होता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस ने कहा है कि मोदी सरकार बार-बार पद्धति का तरीका बदलकर जीडीपी के आंकड़ों को अपने हिसाब से सेट कर रही है और भारत की बदहाल आर्थिक हकीकत को छिपाया जा रहा है।

पार्टी ने तथ्यों के साथ बताया कि हालिया 7.8 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर का आंकड़ा जमीनी हकीकत से पूरी तरह दूर है और देश की जनता इस समय महंगाई, बेरोजगारी एवं गिरती आय समेत विभिन्न आर्थिक संकटों से बुरी तरह जूझ रही है। कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी नेता और अर्थशास्त्री सलमान सोज ने कहा कि देश के लोग इन आंकड़ों पर विश्वास नहीं करते। जनता पूछ रही है कि अगर अर्थव्यवस्था इतनी मजबूत है, तो उसका असर जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा? परिवारों को खर्च करने के लिए उधार क्यों लेना पड़ रहा है? निजी निवेश क्यों स्थिर है? जीडीपी के हिस्से के तौर पर नेट एफडीआई शून्य क्यों है? युवा बेरोजगारी 16 प्रतिशत पर क्यों है?

थोक महंगाई लगभग 10 प्रतिशत के स्तर पर

पार्टी के मीडिया पैनलिस्ट सोज ने बताया कि जीडीपी की असल वृद्धि को महंगाई के साथ समायोजित करना पड़ता है। सरकार ने इसके समायोजन के लिए 2.3 प्रतिशत की दर ली है, जो सच्चाई से दूर है। जबकि धरातल पर खुदरा महंगाई 3.9 प्रतिशत और थोक महंगाई लगभग 10 प्रतिशत के स्तर पर है।

जीडीपी के आंकड़े केवल बाजीगरीः रमेश

वहीं, एक्स पर पोस्ट करते हुए कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि जीडीपी के आंकड़े केवल आंकड़ों की बाजीगरी हैं। बार-बार पद्धति बदलकर, मोदी सरकार जीडीपी आंकड़ों को अपने अनुसार तय कर रही है और भारत की बदहाल आर्थिक सच्चाई को छिपा रही है। उन्होंने कहा कि नॉमिनल और वास्तविक जीडीपी के बीच का अंतर महंगाई को दर्शाता है और सरकार के अनुसार यह अंतर सिर्फ 2.3 प्रतिशत है।

एसबीईसी शुगर लिमिटेड
सीआईएनः L15421UP1991PLC019160
पंजीकृत ऑफः गांवः लोयन मलकपुर, तहः बड़ौत, बागपत, उत्तर प्रदेश–250611
फोनः 011–42504878 **ईमेल आईडीः** investors@sbecsugar.com,
वेबसाइटः www.sbecsugar.com

कंपनी की 32वीं वार्षिक आम बैठक के बारे में जानकारी

प्रिय सदस्य(गण)

एसबीईसी शुगर लिमिटेड के सदस्यों की 32वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **मंगलवार, 29 सितंबर, 2026 को दोपहर 3:30 बजे (आईएसटी)** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") और उसके तहत बनाए गए नियमों और सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सेबी लिस्टिंग विनियम") के सभी लागू प्रावधानों के अनुपालन में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("सेबी") द्वारा जारी सभी लागू परिपत्रों के साथ पढ़े जाने के अनुसार आयोजित की जाएगी। एजीएम बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय का संचालन करने के लिए वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के तहत कोरम के उद्देश्य के लिए गिना जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले अन्य दस्तावेजों के साथ एजीएम की सूचना कंपनी के उन सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जाएगी, जिनका ई–मेल पता कंपनी / बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट / डिपॉजिटरी प्रतिभागियों / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है। एजीएम की सूचना और उपरोक्त दस्तावेज कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध होंगे।

ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीकाः

सदस्य एजीएम के नोटिस में बताए गए कामकाज पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम ("ई–वोटिंग") के जरिए अपना वोट डाल सकते हैं। एजीएम के नोटिस में वोटिंग के तरीके के बारे में बताया गया है। इसमें डीमटेरियलाइज्ड फॉर्म में शेयर रखने वाले सदस्यों, फिजिकल मोड से वोट करने वालों और जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता रजिस्टर नहीं कराया है, उनके लिए रिमोटली वोटिंग ("रिमोट ई–वोटिंग") की सुविधा भी शामिल है। एजीएम में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम के जरिए वोटिंग की सुविधा ("इंस्टा पोल") भी उपलब्ध होगी और एजीएम में शामिल होने वाले सदस्य, जिन्होंने रिमोट ई–वोटिंग के जरिए वोट नहीं दिया है, वे एजीएम में इंस्टा पोल के जरिए वोट कर सकेंगे।

ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट करने का तरीकाः

क. इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखे गए शेयरों के लिएः सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों (डीपी) के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत / अपडेट करें, जहां वे अपने डीमैट खाते रखते हैं।

ख. भौतिक रूप में रखे गए शेयरों के लिएः कृपया फॉर्म ISR-1, फॉर्म ISR-2 और फॉर्म संख्या SH-13 (नामांकन फॉर्म) को उसमें बताए गए निर्देशों के अनुसार विधिवत भरा हुआ और सहायक दस्तावेजों के साथ कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (RTA) मेसर्स बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बीटल हाउस, तीसरी मंजिल, 99, मदनगीर, स्थानीय शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पीछे, दादा हरसुखदास मंदिर के पास, नई दिल्ली –110062 या ई–मेलः beetalrta@gmail.com पर उपलब्ध कराएं। उक्त फॉर्म कंपनी की वेबसाइट यानी www.sbecsugar.com और इसके RTA की वेबसाइट www.beetalfinancial.com पर उपलब्ध हैं।

सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स को ध्यान से पढ़ें, जिसमें एजीएम में शामिल होने के निर्देश और एजीएम के दौरान रिमोट ई–वोटिंग / ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने का तरीका शामिल है। कृपया किसी भी सहायता के लिए कंपनी को लिखें।

एसबीईसी शुगर लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
अनिल कुमार गोयल
मुख्य वित्तीय अधिकारी

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 01.09.2026

कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने 5 राज्यों के साथ की उच्चस्तरीय समीक्षा

चौहान ने राज्यों के कृषि मंत्रियों संग की बैठक योजनाओं की प्रगति को सराहा

5 राज्यों को कृषि विकास के लिए 1,183 करोड़ से अधिक की दूसरी 'मदर सैंक्शन' जारी, किसानों की आय बढ़ेगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को पांच राज्यों- उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु और त्रिपुरा के कृषि मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने किसानों की आय बढ़ाने, खेती की लागत घटाने और कृषि में आधुनिक तकनीकों के विस्तार के लिए 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना' (पीएम-आरकेवीआई) तथा 'कृषोन्नति योजना' (केवाई) के तहत कुल 1,183.11 करोड़ रुपए की द्वितीय मदर सैंक्शन जारी करने की मंजूरी दी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में चौहान ने कहा कि किसान हमारे देश की आत्मा और अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकारें मिलकर 'टीम इंडिया' के रूप में काम कर रही हैं ताकि हर खेत तक पानी, उन्नत बीज, यंत्रीकरण और आधुनिक डिजिटल सुविधाएं पहुंच सकें। उन्होंने राज्यों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन और फंड के सदुपयोग पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों के हित में किसी भी संसाधन या वित्तीय मदद की कमी नहीं आने दी जाएगी। बैठक में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव अतीश चंद्रा सहित संबंधित राज्यों के कृषि मंत्री और वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

राज्यों को जारी द्वितीय 'मदर सैंक्शन' का विवरण

- **आंध्र प्रदेश (409.40 करोड़ रुपए)**: आंध्र प्रदेश को पीएम-आरकेवीआई के तहत 296.09 करोड़ रुपए और कृषोन्नति योजना के तहत 113.31 करोड़ रुपए, कुल 409.40 करोड़ रुपए की दूसरी किस्त मंजूर की गई। बैठक में राज्य के कृषि मंत्री किंजरापु अच्चेन्नायडू उपस्थित रहे। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने राज्य में 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' और कृषि यंत्रीकरण में बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की।
- **तमिलनाडु (355.88 करोड़ रुपए)**: तमिलनाडु को कुल 355.88 करोड़ रुपए पीएम-आरकेवीआईः 251.79 करोड़ रुपए, कृषोन्नति योजनाः 104.09 करोड़ रुपए) की राशि जारी की गई। बैठक में तमिलनाडु के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री थिरु. आर. विनोथ शामिल हुए। राज्य में सूक्ष्म सिंचाई और तिलहन उत्पादन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों को रेखांकित किया गया।
- **ओडिशा (219.65 करोड़ रुपए)**: ओडिशा के लिए 219.65 करोड़ रुपए पीएम-आरकेवीआईः 117.94 करोड़ रुपए, कृषोन्नति योजनाः 101.71 करोड़ रुपए) की स्वीकृति दी गई। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने भाग लिया। राज्य द्वारा कृषि यंत्रीकरण और कृषि विस्तार में फंड के प्रभावी उपयोग को सराहा गया।
- **उत्तराखंड (106.67 करोड़ रुपए)**: पहाड़ी राज्य उत्तराखंड को कृषि अधोसंरचना और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा 106.67 करोड़ रुपए (पीएम-आरकेवीआईः 65.78 करोड़ रुपए, कृषोन्नति योजनाः 40.89 करोड़ रुपए) जारी किए गए। उत्तराखंड के कृषि मंत्री गणेश जोशी उपस्थित रहे। कृषि विकास योजना और बागवानी में उल्लेखनीय प्रगति साझा की।

किसानों को सीधे मिलेगा लाभ

इससे राज्यों में सूक्ष्म सिंचाई, पानी की बचत, पैदावार में वृद्धि के साथ ही कृषि यंत्रीकरण के अंतर्गत छोटे किसानों को सब्सिडी मिलेगी।

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	दि बल्लभगढ़ सह. दुग्ध उत्पादक संघ लि.	दुग्ध संयंत्र, बल्लभगढ़ में बॉयलर अनुभाग के सभी प्रकार से संचालन एवं रखरखाव का कार्य।	01.09.2026 10.09.2026	रु. 50,000/-	https://etenders.hry.nic.in www.vitaindia.org.in	9968604717 vitablb@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/40/48805/I/88/7 दि. 01.09.26

सरकार का उद्देश्य जमाखोरी और सट्टेबाजी पर रोक लगाना

केंद्र सरकार ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा घटाकर 2,000 क्विंटल की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने चीनी कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा को मंगलवार को और कड़ा करते हुए इसे 4,000 क्विंटल से घटाकर 2,000 क्विंटल कर दिया। यह सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक प्रभावी रहेगी। सरकार ने यह कदम चीनी की ऊंची खुदरा कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए उठाया है। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा कि एक अगस्त से लागू 4,000 क्विंटल की भंडारण सीमा कोलकाता और उसके आसपास शहरी व उपनगरीय इलाकों की '' क्षेत्र विशिष्ट बाजार जरूरतों को देखते हुए'' अपरिवर्तित रहेगी। मंत्रालय ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जमाखोरी एवं सट्टेबाजी पर रोक लगाना है।

- भंडारण सीमा 15 सितंबर से 30 नवंबर तक रहेगी

खास बातें

- पहले कारोबारियों के लिए भंडारण सीमा 4,000 क्विंटल तय थी
- कारोबारी 30 दिन से अधिक समय तक भंडार नहीं रख

2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडारण नहीं रखा जा सकेगा

संशोधित नियमों के तहत कोई कारोबारी चीनी प्राप्त होने की तारीख से 30 दिन से अधिक समय तक उसका भंडार नहीं रख सकता। साथ ही देश में किसी भी स्थान पर किसी भी समय 2,000 क्विंटल से अधिक चीनी का भंडार नहीं रखा जा सकता।

खुदरा चीनी की कीमतें अभी भी ऊंची बनी हुई

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब खुदरा चीनी की कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 31 अगस्त को चीनी का अखिल भारतीय औसत खुदरा मूल्य 63.28 रुपये प्रति किलोग्राम था जो एक साल पहले के 46.02 रुपये प्रति किलोग्राम से 37 प्रतिशत अधिक है। थोक कीमतें भी सालाना आधार पर 36.28 प्रतिशत बढ़कर 58.40 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं।

पूर्वी क्षेत्र उप्र व महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है

कोलकाता को दी गई छूट के बारे में मंत्रालय ने कहा कि यह क्षेत्र उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र से चीनी मंगाता है और फिर इसकी आपूर्ति देश के पूर्वी तथा पूर्वोत्तर हिस्सों में करता है। इसी वजह से वहां पहले की 4,000 क्विंटल की सीमा बरकरार रखी गई है।

महाराष्ट्र में चीनी की कीमत 30 फीसदी घटी

उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि मिल स्तर पर कीमतों में कुछ नरमी आई है। महाराष्ट्र में चीनी की कीमत मिल स्तर पर एक सितंबर को 30 प्रतिशत घटकर 45-46 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि 18 अगस्त को यह 67 रुपये प्रति किलोग्राम के उच्चतम स्तर पर था।

केंद्र ने मिलों पर कीमतें बढ़ाने का लगाया आरोप

केंद्र ने मिलों पर कीमतें ''बढ़ाने'' का आरोप लगाया और कहा कि देश में चीनी का पर्याप्त भंडार है। यह बात 2025-26 विपणन वर्ष (अक्टूबर-सितंबर) के लिए उत्पादन अनुमान पहले के 343 लाख टन से घटाकर 306 लाख टन किए जाने के बावजूद कही गई है। देश में वार्षिक चीनी की मांग करीब 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है।

सोना 2,700 रुपये और चांदी 5,000 रुपये टूटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच सोने की कीमतों में मंगलवार को लगातार पांचवें दिन गिरावट आई। राष्ट्रीय राजधानी में सोना 2,700 रुपये टूटकर 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गई, जबकि सोमवार को यह 1,60,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत में भी 5,000 रुपये की गिरावट आई और यह 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। सोमवार को यह 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही थी। सर्राफा पर दबाव इसलिए बना क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से कच्चे तेल की कीमत बढ़ गई, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर ध्यान केंद्रित हो गया। अमेरिका-ईरान के बीच हालिया तनाव और उसके कारण कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच घरेलू सोने की कीमतें दबाव में हैं।

अमन माहेश्वरी एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के बोर्ड आफ डायरेक्टर्स में शामिल

कोटा। नेक्स्ट-जेनरेशन लीडरशिप की दिशा में बदलाव को आगे बढ़ाते हुए एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड ने अमन माहेश्वरी को बोर्ड आफ डायरेक्टर्स (निदेशक मंडल) में नियुक्त किए जाने की घोषणा की है। इस नियुक्ति के साथ एलन के सभी चारों फाउंडर्स ने अगली पीढ़ी को जिम्मेदारियां सौंपने की प्रक्रिया पूरी कर ली है। यह बदलाव एलन के अगले 100 वर्षों के भविष्य के लिए तैयार दीर्घकालिक विजन को दर्शाता है।अमन माहेश्वरी निदेशक मंडल में नेक्स्ट-जेनरेशन के साथी डायरेक्टर्स अविरल माहेश्वरी, आनंद माहेश्वरी और केशव माहेश्वरी के साथ शामिल हुए हैं। वे एलन के ग्लोबल स्टडीज डिवीजन का नेतृत्व करने के अनुभव के साथ-साथ भारत, यूएई, यूनाइटेड किंगडम और यूरोप में शिक्षा एवं प्रोफेशनल अनुभव से विकसित अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण लेकर आए हैं। उनकी नियुक्ति एक सुनियोजित बदलाव के पूरा होने का प्रतीक है, जिसमें एलन के संस्थापक मूल्यों, प्रोफेशनल लीडरशिप के अनुभव और नेक्स्ट-जेनरेशन निदेशकों की ऊर्जा का समावेश है।इस बदलाव पर संस्थापक राजेश माहेश्वरी ने कहा कि अमन के बोर्ड में शामिल होने के साथ एलन की यात्रा का एक महत्वपूर्ण अध्याय पूरा हुआ है। हमारे प्रत्येक नेक्स्ट-जेनरेशन निदेशक की अपनी विशिष्ट क्षमता है और ग्लोबल एजुकेशन वर्टिकल के निर्माण में अमन का अनुभव बोर्ड के लिए महत्वपूर्ण दृष्टिकोण लेकर आएगा। मुझे विश्वास है कि यह सामूहिक नेतृत्व एलन के मिशन को आने वाली पीढ़ियों तक आगे बढ़ाएगा। अपने बड़े बेटे अमन माहेश्वरी के बोर्ड में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर ने कहा, बड़े बेटे अमन को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभालते हुए देखकर अत्यंत प्रसन्नता हो रही है।

बढ़ती तेल कीमतों के दबाव से बाजार में मामूली गिरावट

मुंबई (एजेंसी)। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और अमेरिका-ईरान के बीच तनाव बढ़ने से मंगलवार को निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई और घरेलू शेयर बाजार मामूली गिरावट के साथ बंद हुए। विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा मौद्रिक नीति को लंबे समय तक सख्त बनाए रखने की आशंका बढ़ने से भी दुनिया के उभरते बाजारों में जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हो रही है। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 12.99 अंक गिरकर 76,944.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 301.15 अंक गिरकर 76,656.12 अंक तक आ गया था। इसी तरह निफ्टी 24.60 अंक गिरकर 24,055.80 अंक पर बंद हुआ।

17 साल की आरना ने बनाया प्रदूषण रोकने वाला 'एयरोशील्ड' जाल

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली की 17 वर्षीय आरना गुप्ता ने निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों और आसपास रहने वाले लोगों को प्रदूषण से बचाने के लिए 'एयरोशील्ड' नामक एक प्रोटोटाइप तैयार किया है। उनके इस प्रयास की शुरुआत परिवार में प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्या के व्यक्तिगत अनुभव से हुई। कोविड-19 महामारी के दौरान दादा के फेफड़ों में घाव की समस्या के कारण अस्पताल के लगातार चक्कर लगाने पड़े। इसी दौरान आरना ने महसूस किया कि प्रदूषित हवा का असर सभी लोगों पर समान नहीं पड़ता। निर्माण श्रमिक लंबे समय तक धूल और मलबे के बीच काम करते हैं, जबकि आसपास रहने वाले बच्चे भी इसी हवा में सांस लेते हैं। आरना ने निर्माण स्थलों का दौरा कर श्रमिकों और बच्चों से बातचीत की। उन्होंने पाया कि वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य प्रभावित होने के साथ बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो सकती है। इसी समस्या के समाधान के लिए उन्होंने एयरोशील्ड तैयार किया। यह मौजूदा मचान जाल को प्रदूषण कम करने वाली सक्रिय परत में बदलने की कोशिश है।

भारत में नौकरी बाजार ने पकड़ी रफ्तार, जॉब पोस्टिंग सालाना 8.3 प्रतिशत बढ़ीं

नई देल्ली। जुलाई 2026 में इनडीड पर भारत में नौकरियों की पोस्टिंग 1.2 प्रतिशत बढ़ीं। इससे पहले लगातार तीन महीनों तक नौकरी के पोस्टिंग में गिरावट आई थी। इसके बावजूद, पिछले साल जुलाई के मुकाबले इस साल नौकरी के पोस्टिंग 8.3 प्रतिशत ज्यादा रहीं। हालांकि नौकरी के बाजार में अभी भी उतार-चढ़ाव है, लेकिन कंपनियां लगातार लोगों को नौकरी पर रख रही हैं। महामारी से पहले के मुकाबले भारत में नौकरी के पोस्टिंग अब भी 84 प्रतिशत ज्यादा हैं। इनडीड एपीएसी के सीनियर इकोनॉमिस्ट कैलम पिकरिंग ने बताया कि जुलाई में भारत में नौकरी के अवसरों में थोड़ी बढ़ोतरी हुई और लगातार तीन महीनों से जारी गिरावट रुक गई। यह बढ़ोतरी भले ही धीरे हुई है, लेकिन देश में नौकरी के अवसर अभी भी महामारी से पहले के समय की तुलना में काफी ज्यादा हैं। इनडीड के अनुसार, दूसरे देशों के मुकाबले भारत में नौकरियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे पता चलता है कि भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी अच्छी तरह आगे बढ़ रही है।

शाक्तिमान की यादें अब नए अंदाज़ में खास लॉन्च में शामिल हुए मुकेश खन्ना

नई देल्ली। 90 के दशक में बड़े हुए लोगों के लिए शाक्तिमान सिर्फ एक टीवी शो नहीं था। वह बचपन की उन यादों का हिस्सा था, जब रविवार की सुबह टीवी के सामने बैठना अपने आप में एक खास अनुभव हुआ करता था। शाक्तिमान ने बच्चों को मनोरंजन के साथ-साथ हिम्मत, जिम्मेदारी, अच्छाई और सही काम करने का संदेश भी दिया। अब वही यादें एक नए अंदाज़ में लोगों के सामने आने वाली हैं। भारत के लोकप्रिय अभिनेता मुकेश खन्ना, जिन्हें शाक्तिमान के किरदार के लिए आज भी खास तौर पर याद किया जाता है, 27 अगस्त 2026 को दिल्ली एनसीआर में खुश के विशेष शाक्तिमान कलेक्शन के लॉन्च में शामिल हुए।खुश अपने नए कलेक्शन के जरिए शाक्तिमान की पहचान को आज की फैशन और लाइफस्टाइल से जोड़ने की कोशिश कर रहा है। ब्रांड के लिए यह सिर्फ एक नया कलेक्शन लॉन्च करना नहीं है, बल्कि उस किरदार से जुड़ी पुरानी यादों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक तरीका भी है।

स्टेबल मनी ने गोल्डन वीक पहल के साथ केबीसी सीज़न 18 में की वापसी

बेंगलुरु। स्टेबल मनी ने आज अपनी नई पहल गोल्डन वीक की घोषणा की। इसे सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर प्रसारित होने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति के साथ लगातार दूसरे साल की साझेदारी के तहत शुरू किया गया है। गोल्डन वीक पहल स्टेबल मनी ऐप पर लाइव है। इसके तहत रोज़ाना ऐप पर केबीसी से जुड़ा एक सवाल लाइव किया जाएगा, जिससे यूज़र्स को इसमें भाग लेने का मौका मिलेगा। इनमें से 10 प्रतिभागियों को शो का हिस्सा बनने के लिए चुना जाएगा, जिन्हें अमिताभ बच्चन के साथ आइकॉनिक हॉटसीट के करीब पहुँचने का अवसर मिलेगा। यह पहल कौन बनेगा करोड़पति के साथ स्टेबल मनी की निरंतर साझेदारी का एक नया विस्तार है, जो टेलीविज़न से आगे बढ़कर यूज़र्स को शो के साथ जुड़ने का एक नया माध्यम प्रदान करती है। स्टेबल मनी के को-फाउंडर एंड सीईओ, सौरभ जैन ने कहा केबीसी पीढ़ियों से भारतीय परिवारों का हिस्सा रहा है, जो ज्ञान और आकांक्षाओं के ज़रिए लोगों को एक साथ लाता है।

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम: **धीरज, पुत्र: अमर चौधरी, निवासी: मकान नं. 6, 3वी मंजिल, सराय पीपल थाला, आदेश नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.797/2022 U/S 379/411/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **धीरज** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **धीरज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **FIR No.797/2022 U/S 379/411/34 IPC, थाना अलीपुर, बाहरी उत्तरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **धीरज** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **06.10.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, सुश्री प्रियंका राजपूत,
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर
कमरा नंबर 115, पहली मंज़िल,
रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली।

DP/12281/ON/2026
(अदालती मामला)

बीएचईएल ने भारत सरकार को 283.56 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश भुगतान किया

नई दिल्ली। भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने भारत सरकार को वर्ष 2025-26 के लिए 283.56 करोड़ रुपये का अंतिम लाभांश दिया है। इस संबंध में, भारत सरकार द्वारा धारित इक्विटी (58.17%) पर अंतिम लाभांश के लिए एक चेक, श्री एच.डी. कुमारस्वामी, माननीय केंद्रीय मंत्री (भारी उद्योग एवं इस्पात) को श्री के. सदाशिव मूर्ति, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीएचईएल द्वारा, श्री कामरान रिज़वी, सचिव (एचआई) की उपस्थिति में प्रदान किया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 283.56 करोड़ रुपये की लाभांश राशि, वित्तीय वर्ष 2024-25 की लाभांश राशि से ढाई गुने से भी अधिक है। इस अवसर पर बीएचईएल के निदेशक और भारी उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी के शेयरधारकों को दिया गया कुल लाभांश 487.49 करोड़ रुपये है।

उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन

नई दिल्ली। पंकज शर्मा, महाप्रबंधक-उत्तर पश्चिम रेलवे की अध्यक्षता में प्रधान कार्यालय में मंगलवार, दिनांक 01 सितम्बर 2026 को उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा एवं कार्य समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी विभागाध्यक्ष, चारों मंडलो के मंडल रेल प्रबन्धक (विडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से) एवं अन्य अधिकारीगण सम्मलित हुए। बैठक में संरक्षा ,यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षित रेल संचालन, आगामी त्यौहारों पर तैयारियों, ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता, इंफ्रास्ट्रक्चर, कार्य निष्पादन, निर्माण कार्य, पूंजीगत आय, रेलवे ट्रैक की फेंसिंग तथा आय बढ़ाने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। श्री पंकज शर्मा ने उपस्थित सभी अधिकारियों को कहा कि संरक्षित रेल संचालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। संरक्षा एवं यात्री सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए सामंजस्य और समन्वय के साथ सभी कार्यो को लक्ष्यानुसार समय पर पूरा करने पर ध्यान देना है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण परियोजनाओं और यात्री सुविधाओं के कार्यों को भी प्राथमिकता के साथ पूरा करना है। तथा कवच के कार्य को भी अतिशीघ्र पूरा किया जाए । ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान रखना है। इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों के निष्पादन को गति तथा संरक्षा को प्राथमिकता पर रखते हुए सतर्कता और सजगता से कार्य करने पर भी बल दिया। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री पंकज शर्मा ने आगामी त्यौहारों पर व्यापक तैयारियों हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। स्टेशनों पर साफ-सफाई, यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अतिरिक्त भीड़ के प्रबंधन तथा ट्रेनों के सुचारू संचालनपर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने और आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर जोर दिया।

जेयूआईटी ने ऑकलैंड हाउस स्कूल के विद्यार्थियों का किया स्वागत

नई दिल्ली। जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (जेयूआईटी), सोलन, हिमाचल प्रदेश के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग के ड्रोबोटिक्स लैब एवं टेक्नोवाटोरज क्लब, तथा आईईईई जेयूआईटी स्टूडेंट ब्रांच ने IEEE R10 EAC, IEEE India Council और IEEE Delhi Section के सहयोग से 25 अगस्त 2026 को शिमला स्थित ऑकलैंड हाउस स्कूल फॉर ब्वायज के 21 विद्यार्थियों का स्वागत किया। विद्यार्थियों के लिए आयोजित यह कार्यक्रम तनीकी ज्ञान, नवाचार और व्यावहारिक अनुभव से भरपूर रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को जेयूआईटी के शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों के साथ संवाद करने तथा एआई, रॉबोटिक्स, इंडस्ट्रीयल ऑटोमेशन, इंटरनेट ऑफ थींगस और आधुनिक इलेक्ट्रोनिक्स जैसे विभिन्न उभरते तकनीकी क्षेत्रों को समझने का अवसर मिला। विद्यार्थियों द्वारा विकसित विभिन्न परियोजनाओं के प्रदर्शन के माध्यम से युवा प्रतिभागियों को यह समझने में सहायता मिली कि उभरती हुई प्रौद्योगिकियों का उपयोग वास्तविक जीवन की समस्याओं के समाधान के लिए किस प्रकार किया जा रहा है। ईसीई विभाग की विभागाध्यक्ष, डॉ.श्वेता पंडित ने सभी युवा विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा उन्हें JUIT में नवाचार और प्रौद्योगिकी से संबंधित सीखने के विभिन्न अवसरों के लिए प्रेरित किया।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

ई–निविदा (ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

एन.आई.टी.	46, 49 & 52-2026-27-डब्ल्यू–5				
1. कार्य का नाम और उसका स्थान					
46	ADEN/HNZM के तहत विभिन्न बड़े और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृतिः किसी भी पुल का काम।**				
49	ADEN/DEE के अंतर्गत DLI-RE सेक्शन पर स्टेशनों में टैक्टाइल पाथ, स्टैंडर्ड साइन, पार्किंग, शौचालय और एंड रैंप प्रदान करके दिव्यजन सुविधाओं की व्यवस्था। **समान कार्य की प्रकृतिः ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल काम।**				
52	ADEN/DEE के तहत विभिन्न मुख्य और छोटे पुलों की वार्षिक मरम्मत। **समान कार्य की प्रकृतिः किसी भी पुल का काम।**				
2. काम की अनुमानित लागत (रुपये)					
46	₹ 69,99,975.40	49	₹ 4,42,32,342.49	52	₹ 64,99,994.45
3. अग्रिम राशि (रुपये)					
(यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोटः– रेलवे बोर्डों के पत्र संख्या 2015/सीई–आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा)।					
46	₹ 1,40,000.00	49	₹ 8,84,700.00	52	₹ 1,30,000.00
4. काम की समाप्ति अवधि					
46	12 महीने	49	12 महीने	52	12 महीने
5. निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय	24.09.2026 को 15:00 बजे तक तथा 24.09.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है।				
6. वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान, निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।				

सं.: 128-W/280/OET/2026-27/W-V/NIT-46, 49 & 52-2026-27
दिनांक: 01.09.2026 3012/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राशिफल

मेष – संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचने का प्रयास करें।

वृष – खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

मिथुन – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन–पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद–विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क – क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म–कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

सिंह – कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा।

कन्या – कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

तुला – लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन–सहन कष्टमय

वृश्चिक – संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

धनु – स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

मकर – आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ – क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन–पाठन में रुचि

मीन – किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

पावरग्रिड की 37वीं वार्षिक आम बैठक सम्पन्न



गुरुग्राम। पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन महारत्न सीपीएसयू की 37वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन दिनांक 20 अगस्त, 2026 को वर्चुअल माध्यम से किया गया। इस वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता श्री वम्सी राम मोहन बुर्रा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, ने की। इस अवसर पर डॉ. यतींद्र द्विवेदी, निदेशक (कार्मिक), श्री नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (प्रचालन), श्री अमोल टावरी, निदेशक (वित्त), श्री अभय बाकरे, सरकार द्वारा नामित निदेशक, तथा वर्चुअल माध्यम से शेयरधारक उपस्थित रहे। एजीएम के दौरान कंपनी की प्रमुख वित्तीय उपलब्धियां, परिचालन संबंधी सफलताएं, भावी विकास योजनाएं, तकनीकी नवाचार और पहलें प्रस्तुत की गईं तथा शेयरधारकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का प्रबंधन द्वारा उत्तर दिया गया। शेयरधारकों ने कंपनी के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की एवं कंपनी के निरंतर विकास के लिए शुभकामनाएं दीं। दिनांक 31 जुलाई 2026 तक पावरग्रिड 292 सब-स्टेशनों, 1,86,889 सर्किट किलोमीटर ट्रांसमिशन लाइनों और 6,37,016 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर संचालित कर रहा है।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	हारट्रोन	सीआरआईडी की ओर से हरियाणा राज्य डेटा केंद्र (एचएसडीसी) के लिए एंड प्वाइंट डिटेक्शन और रेस्पोंस (ईडीआर) सोल्यूशन सहित एंड प्वाइंट इनक्रिप्शन और डीएलपी (डेटा हानि बचाव) की आपूर्ति एवं स्थापना।	01.09.2026 21.09.2026	95 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1722923376 sandeep.hartron-hry@gov.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/48782/I/88/7 दि. 01.09.26

शब्द पहेली - 6335



बाएँ से दाएँ
1.राजीव गांधी की पत्नी का नाम–3,2
4.उदारता,बडप्पन–4
7.भोजन,खाद्य पदार्थ–2
8.प्रहरी,रक्षा करने वाला–3
9.अपशिष्ट पदार्थ–2
10.कामदेव,चंद्रमा–4
11.नाड़ी,नस–2
13.जबरन,जबरदस्ती–3
14.वायदा,वचन–2
15.भवन,आलय–3
17.आर्ट,हुनर–2
19.ख्वाबगाह, आरामगाह, सोने का कमरा–5
22.उद्देश्यहीनता–5
25.परिणाम–2
26.अंजन,नेत्रांजन–3
28.सांझ,संध्या–2
29.अधीन–3
30.निश्चित–2
32.निष्ठावान,सत्तानिष्ठ–4
34.बेइमान,सेंधमार–2
36.दाम,मूल्य–3
37.एक छोटी सवारी गाड़ी–2
38.मुस्लिम कैलेंडर का एक महीना–4
39.अश्रु,आंसू–5

ऊपर से नीचे
1.स्वर्ण,कनक–2
2.गुजर करना–3
3.धैर्यवान–3,2
4.राशिचक्र की एक राशि–3
5.आंशिक भीगा हुआ–2
6.सामंजस्य–4
7.यायावर,बंजारा–5
10.चुनाव,वोटिंग–4
12.दुख,कष्ट–2
16.यज्ञ,होम–3
17.कमरा,रूम–2
18.उम्मीद,आस–2
20.जुड़वा–3
21.प्याला–2
22.हृदय,हार्ट–2
23.निकृष्टतर–4
24.बलवान,दमदार–5
25.स्वदेशवासी–5
26.आलसी,निठल्ली–4
27.बुरी आदत–2
31.भरोसा,विश्वास–3
33.आंचल,पल्लू–3
35.अंग्रेजी शराब का एक प्रकार–2
37.समय, वक्त–2

शब्द पहेली -6334 का हल

	भ	स्मा	सु	र		दा	न	वी	र
नौ			ब	स		न	ग		
ज	प		ह	म	ला	व	र		म
वा	र				न				न
न	व	जा	त		त		अ	न	मो
	र		ह	रा	म	खो	र		ह
अ	दि	क्षी	त		ला		ज	मा	न
स	गा				म				सिं
मा	र		क	म	त	र	ता		ह
न			मा	ही		ज	ड़		
	म	स	ल	न		क	ना	ग	त



सबालेंका आगे बढ़ने में सफल अल्काराज की जीत के साथ वापसी

यूएस ओपन

एजेंसी ▸▸ न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चोट से उबरने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सीधे सेटों में जीत दर्ज करके दूसरे दौर में जगह बनाई जबकि महिला वर्ग में



पिछली दो बार की चैंपियन एरिना सबालेंका भी आगे बढ़ने में सफल रही। अल्काराज दाहिनी कलाई में चोट के कारण अप्रैल से ही बाहर थे तथा इस कारण फ्रेंच ओपन और विंबलडन में ही नहीं खेल पाए थे। स्पेन के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने रोमन सफिउलिन को 6-4, 6-4, 6-4 से हराकर खिताब बचाने के अपने अभियान का शानदार आगाज किया।

सबालेंका ने बढ़ाया खिताब की ओर कदम

महिला एकल में सबालेंका ने कैमिला ओसोरियो को 6-4, 6-4 से हराकर 2012-14 में सेरेना विलियम्स के बाद लगातार तीन यूएस ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनने की तरफ कदम बढ़ाए। वह वर्ष के अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में पिछले तीन अवसरों पर फाइनल में पहुंच चुकी हैं। सबालेंका ने 2023 में कोको गॉफ से मिली हार से उबरते हुए 2024 में जीत हासिल की और फिर पिछले साल अमांडा अनिसिमोवा को हराकर खिताब का बचाव किया।

वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर का अंत

यूएस ओपन में 2016 के चैंपियन स्टेन वावरिंका का ग्रैंड स्लैम कॅरियर पहले दौर में ही मैटियो बेरेटिनी से 7-6 (4), 7-6 (3), 6-0 से हार के साथ समाप्त हो गया। वावरिंका ने अपना आखिरी ग्रैंड स्लैम खिताब फ्लशिंग मीडोज (जहां यूएस ओपन खेला जाता है) में जीता था। उन्होंने 10 साल पहले फाइनल में नोवाक जोकोविच को हराया था। इस 41 साल के खिलाड़ी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि आप उनका आखिरी सत्र होगा।

अगले दौर में ओसाका

नाओमी ओसाका ने अनास्तासिया जखारोवा पर सीधे सेटों में जीत के साथ तीसरे यूएस ओपन क्राउन के लिए अपने सफर का आगाज किया। दुनिया की पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी को दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की करने से पहले दो निर्णायक टाईब्रेक में जाना पड़ा। ओसाका ने धैर्य बनाए रखा, मोमेंटम स्विंग्स को बचाने के बाद पहला ब्रेकर 8-6 से जीता और फिर दूसरा 7-3 से जीतकर मैच दो घंटे से थोड़ा ज्यादा समय में खत्म कर दिया। इस नतीजे ने ओसाका के शानदार ग्रैंड स्लैम सीजन को भी आगे बढ़ाया।

दलीप ट्रॉफी: फाइनल में 'ईस्ट जोन' 'सेंट्रल' को चार विकेट से दी शिकस्त

मुकेश कुमार ने लिए 7 विकेट, चुने गए 'प्लेयर ऑफ द मैच'

एजेंसी ▸▸ बेंगलुरु

ईस्ट जोन ने दलीप ट्रॉफी के 'सेमीफाइनल-1' में सेंट्रल जोन के खिलाफ मुकाबले के तीसरे दिन 4 विकेट से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। कुल 7 विकेट हासिल करने वाले मुकेश कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। अब फाइनल मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 6 सितंबर से शुरू होगा, जिसमें ईस्ट जोन की भिड़ंत सेमीफाइनल-2 की विजेता टीम से होगी।

पहली पारी में दोनों जोनों का स्कोर बराबर

टॉस गंवाकर बल्लेबाजी करने उतरी सेंट्रल जोन ने पहली पारी में 266 रन बनाए। इस पारी में रिंकू सिंह ने सर्वाधिक 60 रन जड़े, जबकि आर्यन जुयाल ने 46 रन टीम के खाते में जोड़े। इनके अलावा, यश ठाकुर ने नाबाद 30 रन की पारी खेली। विपक्षी खेमे से मुकेश कुमार (56/3) और अभिजीत सरकार ने 3-3 विकेट निकाले, जबकि मोहम्मद शमी और कौनेन कुरैशी ने 2-2 विकेट चटकाए। इसके जवाब में ईस्ट जोन भी अपनी पहली पारी में 266 रन ही बना सकी। सलामी जोड़ी के रूप में वैभव सूर्यवंशी ने अभिमन्यु ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 153 गेंदों में 162 रन की साझेदारी की। वैभव 81 गेंदों में 7 छक्कों और इतने ही चौकों के साथ 92 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिमन्यु ने 8 चौकों के साथ 69 रन की पारी खेली। इनके अलावा सुदीप कुमार ने 25 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से हर्ष दुबे ने 4 विकेट झटके। आर्यन पांडे और यश ठाकुर को 3-3 विकेट हाथ लगे।

39.3 ओवरों में जीता ईस्ट जोन

आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी ईस्ट जोन ने 39.3 ओवरों में जीत हासिल की। सूर्यवंशी ने ईश्वरन के साथ पहले विकेट के लिए 85 गेंदों में 61 रन जोड़कर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। वैभव 43 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 40 रन बनाकर आउट हुए। कुछ देर बाद ईश्वरन (24) भी चलते बने। टीम ने 65 रन तक 2 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद कुमार कुशाग्र ने मोर्चा संभाला। उन्होंने विराट सिंह (12) के साथ 28 रन और कप्तान ईशान किशन के साथ 31 रन की साझेदारी करते हुए टीम को 124 के स्कोर तक पहुंचाया। 32वें ओवर की तीसरी और चौथी गेंद पर क्रमशः कुशाग्र (22) और अनुकूल रॉय (0) के विकेट गिरे। हालांकि, कप्तान ईशान मैदान पर जमे रहे, जिन्होंने 41 गेंदों में 5 बाउंड्री के साथ नाबाद 39 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिलाई। हर्ष दुबे ने 53 रन देकर 4 विकेट चटकाए, जबकि सारांश जैन और यश ठाकुर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमटी

सेंट्रल जोन की दूसरी पारी 158 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 97 के स्कोर तक 8 विकेट गंवा दिए थे, जिसके बाद अरशद खान ने हर्ष दुबे के साथ 9वें विकेट के लिए 43 रन की साझेदारी करते हुए टीम को शर्मनाक स्थिति से बाहर निकालने की कोशिश की। हर्ष 3 चौकों के साथ 24 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद अरशद (25) ने यश ठाकुर (नाबाद 4) के साथ 18 रन जोड़े। इस पारी में मुकेश कुमार ने 44 रन देकर 4 विकेट निकाले। इनके अलावा, मोहम्मद शमी ने 3 शिकार किए। अभिजीत सरकार, अनुकूल रॉय और कौनेन कुरैशी ने 1-1 विकेट झटका।

मार्श और हेड की वनडे टीम में वापसी

सिडनी। मिशेल मार्श और उनके साथी सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड को इस महीने के आखिर में जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की 17 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को बाहर कर दिया गया है। मार्श और हेड इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान और बांग्लादेश में वनडे सीरीज में नहीं खेल पाए थे। ऑस्ट्रेलिया के लिए 15 सितंबर से शुरू होने वाला यह दौरा काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि अगले साल दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में वनडे विश्व कप खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया ने किसी को कप्तान नियुक्त किए बिना ही टीम की घोषणा की है। जिम्बाब्वे में तीन मैचों की वनडे सीरीज में मार्श का टीम की कप्तानी करना तय है, जिसके बाद नियमित वनडे और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका में कमान संभालेंगे।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज खेलेंगे संजू और वैभव

- अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम घोषित
- 13 सितंबर से दिल्ली में तीन मैचों की सीरीज
- बुमराह समेत 4 अनफिट खिलाड़ियों का चयन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीन मुकाबलों की टी20 सीरीज के लिए मंगलवार को 15-सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया। श्रेयस अय्यर टीम की कमान संभालेंगे, जबकि तिलक वर्मा को उप-कप्तानी सौंपी गई है। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक बार फिर से भारतीय टी20 टीम का हिस्सा हैं। वहीं संजू सैमसन की वापसी हुई है। हार्दिक पांड्या को टीम में जगह नहीं मिली है। टीम में नीतीश कुमार रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह और हर्षित राणा को फिटनेस के आधार पर शामिल किया गया है, लेकिन मध्यक्रम के विस्फोटक बल्लेबाज रिंकू सिंह को मौका नहीं मिला।

अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे तीनों मैच

अफगानिस्तान और भारत के बीच पहला मैच 13 सितंबर, दूसरा 15 सितंबर व सीरीज का तीसरा और अंतिम मैच 17 सितंबर को खेला जाना है। तीनों मुकाबले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे।

खबर संक्षेप

क्वीन्स पार्क ओवल में लगे ब्रावो, पोलार्ड और नारायण के स्टैंड

पोर्ट ऑफ स्पेन। त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सबसे प्रसिद्ध क्रिकेटरों में शामिल ड्वेन ब्रावो, कीरोन पोलार्ड और सुनील नारायण ने ऐतिहासिक क्वींस पार्क ओवल में अपने नाम पर बने स्टैंड का अनावरण किया। स्टैंड के अनावरण का समारोह त्रिनिदाद एवं टोबैगो के 64वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में क्वीन्स पार्क क्रिकेट क्लब में आयोजित किया गया। इन तीनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपनी विशेष छाप छोड़ी है।

राष्ट्रीय युवा चैंपियनशिप में तमिलनाडु का जलवा

लुधियाना। तमिलनाडु के धावकों ने राष्ट्रीय युवा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले ही दिन मंगलवार को यहां 100 मीटर स्पर्धा के पुरुष और महिला दोनों वर्गों का स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा कायम किया। समराज आर (10.46 सेकंड) ने पुरुष वर्ग में नया युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, जबकि टी मृदिका (11.78 सेकंड) ने महिला वर्ग में मीट रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। समराज का यह प्रदर्शन 2023 में कोयंबटूर में अंशु रजक द्वारा बनाए गए 10.63 सेकंड के पिछले युवा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। मृदिका ने 2012 में बेंगलुरु में दुती चंद द्वारा बनाए गए 11.80 सेकंड के पिछले मीट रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। वह फाइनल में 12 सेकंड से कम समय में दौड़ पूरी करने वाली इकलौती धाविका रहीं। कर्नाटक की सुचित्रा एस ने महाराष्ट्र की सावरी कुलकर्णी को पीछे छोड़ते हुए 12.03 सेकंड के समय के साथ रजत पदक जीता। सावरी ने 12.09 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक हासिल किया।

प्रीमियर लीग : आर्सेनल की जीत का सिलसिला बरकरार

एजेंसी ▸▸ लंदन

आर्सेनल ने एस्टन विला को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में अपनी जीत का सिलसिला बरकरार रखा, जबकि बार्सिलोना और रोमा ने क्रमशः स्पेन और इटली में शानदार जीत दर्ज की। मौजूदा चैंपियन आर्सेनल ने बुकायो साका के 59वें मिनट में किए गए गोल के दम पर तीन अंक हासिल किए।

ला लिगा में यामल ने दागे गोल

उधर ला लिगा में लामिन यामल और राफिन्हा दोनों ने दो-दो गोल किए, जिससे बार्सिलोना ने रायो वैलेकानो को 5-2 से हराकर अपने घरेलू मैदान पर लगातार 21वीं जीत दर्ज की। इस जीत से बार्सिलोना गोल अंतर के आधार पर रियाल मैड्रिड से आगे निकलकर लीग तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। इटली की लीग सीरी ए में डोनेल मालेन ने दो मैचों में अपने गोल की संख्या पांच तक पहुंचा दी। उनके शानदार प्रदर्शन से रोमा ने लेचे के खिलाफ 4-0 से जीत हासिल की। मालेन ने रोमा की फियोरेंटीना के खिलाफ शुरुआती मैच में जीत में हैट्रिक लगाई थी।

अंडर-23 सीनियर वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप

फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन में 20 खिलाड़ियों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

अंडर-23 सीनियर वर्ल्ड कुश्ती चैंपियनशिप के लिए मंगलवार को चयन ट्रायल आयोजित किए गए। फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन दोनों श्रेणी के ट्रायल आयोजित किए गए। दोनों श्रेणी के लिए भारतीय टीम घोषित हो गई है। दोनों श्रेणी में भारतीय टीम में कुल 20 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों को दबदबा रहा। फ्रीस्टाइल में हरियाणा से तीन और ग्रीको रोमन में चार कुल सात खिलाड़ियों का चयन हुआ। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

अमेरिका के लॉस एंजेलिस शहर में 12 से 18 अक्टूबर तक अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियनशिप आयोजित की जाएगी।

सात हरियाणा के पहलवान

फ्रीस्टाइल वर्ग में 57 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के रोहित, 61 किग्रा में महाराष्ट्र के वैभव नारायण पाटिल, 65 किग्रा में पंजाब के जसकरण सिंह, 70 किग्रा में महाराष्ट्र के सुमित कुमार लक्ष्मण और 74 किग्रा में महाराष्ट्र के अधर्ष युवराज ने चयन हुआ है। इसी तरह 79 किग्रा में एसएससीबी के चंदरमोहन, 86 किग्रा में एसएससीबी के अमित, 92 किग्रा में हरियाणा के निखिल, 97 किग्रा में हरियाणा के शिवम और 125 किग्रा भार वर्ग में दिल्ली के रोनक का भी चयन भारतीय टीम में हुआ है। ग्रीको-रोमन वर्ग की बात करें तो 55 किग्रा में एसएससीबी के विश्वजीत मोरे, 60 किग्रा में महाराष्ट्र के समर्थ, 63 किग्रा में दिल्ली के चेतन, 67 किग्रा में पंजाब के सागर सिंह और 72 किग्रा में उत्तर प्रदेश के सौरभ राणा का चयन हुआ। इसके अलावा 77 किग्रा में हरियाणा के धीरज मलिक, 82 किग्रा में हरियाणा के सचिन कुमार, 87 किग्रा में पंजाब के करण कांबोज, 97 किग्रा में हरियाणा के निखिल और 130 किग्रा भार वर्ग में हरियाणा के हरदीप ने भी भारतीय टीम में जगह बनाई।

आईसीसी रैंकिंग

टी20 कॅरियर की बेस्ट रैंकिंग पर पहुंचीं अट्टापट्टू



एजेंसी ▸▸ दुबई

विमेंस एशिया कप 2026 में शानदार प्रदर्शन के साथ श्रीलंकाई कप्तान चामरी अट्टापट्टू आईसीसी विमेंस टी20 प्लेयर रैंकिंग में तीनों कैटेगरी में अपने करियर की बेस्ट रेटिंग प्वाइंट्स तक पहुंच गई हैं। अट्टापट्टू ने 29 अगस्त को यूएई के खिलाफ ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने 25 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए। बतौर गेंदबाज 3 ओवरों में 10 रन देकर 1 विकेट हासिल किया। कप्तान के इस प्रदर्शन की बदौलत टीम ने 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की।

इस नतीजे से अट्टापट्टू बल्लेबाजों की रैंकिंग में 734 रेटिंग प्वाइंट्स, गेंदबाजों में 552 और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 405 प्वाइंट्स के साथ अपने करियर की सबसे बेहतरीन स्थिति में पहुंच गईं। वह टी20 बल्लेबाजों में छठे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि गेंदबाजी सूची में तीन स्थान ऊपर चढ़कर 33वें स्थान पर पहुंच गई हैं और ऑल-राउंडर्स में तीसरे स्थान पर बरकरार हैं।

नंदिनी ने की बड़ी बढ़त हासिल

भारतीय तेज गेंदबाज नंदिनी शर्मा ने बड़ी बढ़त हासिल की। थाईलैंड के खिलाफ 18 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद वह 38 स्थान ऊपर चढ़कर 112वें नंबर पर पहुंच गईं। विमेंस एशिया कप में खेल रहीं दूसरी टीमों के खिलाड़ियों को भी फायदा हुआ है। भारत के खिलाफ 48 गेंदों में 41 रन बनाने के बाद थाईलैंड की नन्नापत कोंचारोएन्काई महिला बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर 29वें नंबर पर पहुंच गईं, जबकि सुलीपोर्न लाओमी ने 26 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में पांच स्थान की छलांग लगाई और संयुक्त रूप से 63वें नंबर पर आ गईं।

18वीं रैंकिंग पर दुलानी

यूएई के खिलाफ 18 गेंदों पर 25 रन की पारी खेलने वाली दुलानी चार स्थान ऊपर चढ़कर 625 रेटिंग प्वाइंट्स के साथ 18वीं रैंकिंग पर पहुंच गई हैं। वहीं, हर्षिता समरविक्रमा बल्लेबाजों में एक स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर आ गई हैं। श्रीलंकाई गेंदबाजों को भी टूर्नामेंट के अपने शानदार ओपनिंग मैच का फायदा मिला है। मिताली अयोध्या ने 14 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे यूएई का स्कोर 79 रन तक सीमित रहा और वह 18 स्थान ऊपर चढ़कर 70वें स्थान पर पहुंच गईं। साथ ही उनके 444 प्वाइंट्स भी उनके करियर का बेस्ट स्कोर है। बाएं हाथ की स्पिनर सुगंधिका कुमारी ने 18 रन देकर दो विकेट लिए और पांच स्थान ऊपर चढ़कर 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

चीन मास्टर्स : हरिहरन-अर्जुन की जोडी बीच मुकाबले से हटी

पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल उन्नति

एजेंसी ▸▸ शेनजेन

उन्नति हुड्डा चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मंगलवार को महिला एकल के पहले दौर की चुनौती पार करने में विफल रहीं, जबकि पुरुष युगल में हरिहरन अम्साकरुणन और एमआर अर्जुन की जोड़ी ने अपने शुरुआती दौर के मुकाबले में पहले गेम के दौरान ही मैच से हटने का फैसला किया।

विश्व रैंकिंग में 25वें स्थान पर काबिज उन्नति को पहले दौर में दक्षिण कोरिया की 12वीं रैंकिंग वाली किम गा-यून के हाथों 10-21, 18-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

द.कोरिया की किम गा-यून से हारी उन्नति

आज सेन करेंगे अभियान की शुरुआत

भारतीय खिलाड़ियों से जुड़े सात मुकाबले बुधवार को खेले जाने हैं, जिनमें देश के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत भी अपने अभियान का आगाज करेंगे।

पहले गेम में हटी भारतीय जोड़ी

हरिहरन और अर्जुन की जोड़ी पहले गेम में चीन के चेन बो यांग और लियू यी के खिलाफ 8-11 से पीछे चल रही थी तभी उन्होंने मुकाबले से हटने का फैसला किया। उनके मैच से हटने की वजह तत्काल स्पष्ट नहीं हो सकी, लेकिन माना जा रहा है कि यह फिटनेस से जुड़ी हो सकती है।

लय में नजर नहीं आईं उन्नति

उन्नति पहले गेम में लय में नजर नहीं आईं। किम ने 4-0 की बढ़त के साथ शुरुआत की और देखते ही देखते स्कोर 11-3 कर दिया। इसके बाद उन्होंने पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे गेम में बेहतर संघर्ष दिखाया। शुरुआत से ही वह मुकाबले में बनी रहीं और 8-7 तथा 14-13 की मामूली बढ़त भी हासिल की। इसके बाद स्कोर 18-18 से बराबर हो गया। किम ने हालांकि फिर से नियंत्रण हासिल किया और लगातार तीन अंक जुटाकर मुकाबला समाप्त कर दिया।

अग्निवीरों के पहले बैच के रूप में चार साल की सेवा पूरी कर जल्द निकलेंगे नौसैनिक

100% में से 25% को फिर से मिलेगा देश की समुद्री सेना में स्थायी नौकरी का मौका

अग्निपथ भर्ती योजना के मॉडल का होगा पहला सार्वजनिक आकलन

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

वर्ष 2022 में लागू हुई भारतीय सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) में जवानों की भर्ती की सबसे चर्चित या यूं कहें विवादित अग्निपथ योजना के तहत शामिल किए गए कुल करीब 20 हजार युवा अग्निवीरों में से नौसैनिकों (अग्निवीर-नौसेना) का पहला बैच इसी सितंबर महीने में अपनी चार साल की सेवा अवधि पूरी करने के बाद बाहर निकलेगा। जिनकी कुल संख्या लगभग 3 हजार है और उसमें पुरुष तथा महिलाएं दोनों शामिल हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि मौजूदा साल 2026 और उसके बाद आगामी वर्ष 2027 के शुरुआती महीने अग्निवीरों की भर्ती के लिए तय की गई केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के लिए बेहद महत्वपूर्ण होने वाले हैं। क्योंकि यही वो समय होगा जब क्रमवार रूप से तीनों सेनाओं से अग्निवीरों का पहला बैच अपनी चार साल की सेवा पूरी करने के बाद बाहर का रुख करेगा। जिसके बाद अग्निपथ योजना के भर्ती मॉडल का पहला व्यापक आकलन और विश्लेषण सार्वजनिक होगा। सितंबर में सबसे पहले नौसेना और उसके बाद दिसंबर या जनवरी के आसपास वायुसेना और अंत में जनवरी-2027 में सेना के अग्निवीरों का पहला बैच अपनी सेवा अवधि पूरी कर बाहर निकलेगा। नौसेना के बैच में अग्निवीरों की संख्या 3 हजार, वायुसेना में 2 हजार 500 और सेना में 14 हजार के आसपास है।

75% की नोडल एजेंसी गृह मंत्रालय

सूत्रों ने बताया कि शुरुआत में नौसेना से सभी 3 हजार यानी शत-प्रतिशत अग्निवीरों को अपनी सेवा अवधि पूरी होने के बाद एक साथ बाहर कर दिया जाएगा। जिसमें से बाद में 25% को उनके प्रदर्शन, लिखित परीक्षा, फील्ड में तैनाती व अन्य जरूरी सेवा मानकों पर पूरी तरह से खरा साबित होने की पुष्टि होने के बाद ही नौसेना में स्थायी नौकरी करने का

अवसर मिलेगा। जबकि बाकी बचे हुए 75% अग्निवीरों के भविष्य (रोजगार) की व्यवस्था गृह मंत्रालय करेगा। प्राप्त जानकारी के हिसाब से मंत्रालय इस मामले को लेकर केंद्रीय अर्धसैन्यबलों (सीएपीएफ) और असम राइफल्स में भर्ती के लिए एक संरचित मार्ग के मकसद से भर्ती नियमों और पूर्व अग्निवीर श्रेणी पर काम कर रहा है।

आईएनएस चिल्का से शुरू हुआ प्रशिक्षण

3 हजार की संख्या के साथ नौसेना के अग्निवीरों ने तीनों सेनाओं में सबसे पहले 2023 के मध्य में अपने प्रशिक्षण की शुरुआत आईएनएस चिल्का नौसैन्य अड्डे से की थी। जिसकी अवधि 16 हफ्ते की थी और उसके बाद इनका व्यावसायिक और समुद्री प्रशिक्षण शुरु हो गया था।

सभी की पासिंग आउट परेड 23 मार्च 2023 को इसी नौसैन्य अड्डे पर हुई थी। स्थायी नौकरी के लिए चुने जाने वाले अग्निवीरों की चयन प्रक्रिया केंद्रीयकृत, वस्तुनिष्ठ और प्रदर्शन आधारित होगी। जिसमें सेवा की स्वतः निरंतरता जैसी कोई मामला शामिल नहीं होगा।

25% की भर्ती सीमा बढ़ाने की योजना नहीं

सूत्रों ने स्पष्ट किया है कि अग्निपथ योजना के मुताबिक अभी तक चार साल बाद तीनों सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने वाले अग्निवीरों का आंकड़ा 25% ही रहेगा। इसमें किसी तरह की कोई बढ़ोतरी करने की फिलहाल कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। जबकि बाकी बचे हुए 75% को इस बाबत कोई मौका नहीं मिलेगा और वो सीधे बाहर कर दिए जाएंगे। यहां ध्यान देने वाली एक बात यह है कि हालिया समय में सशस्त्र सेनाओं में स्थायी नौकरी पाने वाले अग्निवीरों का आंकड़ा 25% से बढ़ाकर 50% तक किए जाने को लेकर रक्षा मंत्रालय के गलियारों में जोरशोर से चर्चा चल रही थी। लेकिन अभी ऐसे कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। कई राज्यों ने बाहर किए जाने वाले 75% अग्निवीरों के लिए नौकरी में 20% का आरक्षण लागू किया हुआ है। जिसमें उत्तर-प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली जैसे राज्य मुख्य हैं। जबकि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान ने अपनी वर्दीधारी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों को भर्ती में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है।

सेना में सबसे ज्यादा 14 हजार अग्निवीर

नौसेना के अलावा वायुसेना में शामिल हुए अग्निवीरों के पहले बैच की संख्या लगभग 2 हजार 500 है। जिनका चार वर्षीय कार्यकाल दिसंबर या जनवरी-2027 तक पूरा हो सकता है। वहीं, अग्निवीरों की संख्या के मामले में सबसे बड़ा बैच भारतीय सेना का ही है। जिनकी संख्या 14 हजार है। अग्निवीर-सेना का प्रशिक्षण (24 महीने) व चार वर्ष का कार्यकाल जनवरी 2023 में शुरुआत हुआ था। इस हिसाब से इनका बैच अगले साल जनवरी-2027 में बाहर निकलेगा। सूत्रों ने कहा कि तीनों सशस्त्र सेनाओं में आकार में थलसेना सबसे बड़ी है। इसलिए अग्निवीरों की संख्या उसमें सबसे ज्यादा है।

भारत से यूं अलग हैं बाकी देश

- गौरतलब है कि कम समय के लिए सशस्त्र सेनाओं में नौकरी करने की व्यवस्था केवल भारत में ही लागू नहीं है। बल्कि दुनिया के कई ऐसे देश हैं जो अपने नागरिकों को एक तय अवधि तक सेनाओं में सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं। लेकिन वहां पर इसके लिए बाकायदा कानून बना हुआ है। लेकिन अग्निपथ योजना में ऐसा कुछ नहीं है।
- इजरायल-महिला, पुरुषों के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा का प्रावधान करता है। पुरुष 3 साल और महिलाएं 2 साल सेना में सेवा करती हैं।
- दक्षिण कोरिया में सभी पुरुषों को सेना, नौसेना और वायुसेना में अनिवार्य रूप से सेवा देनी पड़ती है। उत्तर कोरिया- पुरुषों को 11 साल और महिलाओं को 7 साल की सेवा देनी पड़ती है।
- स्विट्जरलैंड- 18 से 34 आयु वर्ग के पुरुषों के लिए 21 सप्ताह लंबी सैन्य सेवा का प्रावधान है।
- ब्राजील- पुरुषों के लिए 10 से 12 महीने की सैन्य सेवा का प्रावधान है।
- सीरिया- पुरुषों के लिए 18 महीने की सैन्य सेवा का प्रावधान है।
- जॉर्जिया-1 साल के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा का नियम लागू है।
- लिथुआनिया- 2016 में 5 साल के लिए अनिवार्य सैन्य सेवा का नियम लागू है।

खबर संक्षेप

नॉर्वे सम्राट के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने नई दिल्ली स्थित नॉर्वे दूतावास जाकर सम्राट हेराल्ड पंचम के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने शोक पुस्तिका में भारत सरकार और देश की जनता की ओर से अपनी संवेदनाएं दर्ज कीं। उन्होंने दिवंगत सम्राट की नॉर्वे के प्रति समर्पित सेवाओं और भारत-नॉर्वे संबंधों को मजबूत बनाने में उनके योगदान को भी स्मरण किया। इस दौरान भारत में नॉर्वे की राजदूत मे-एलिन स्टेनर और दूतावास के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

पाकिस्तान में 125 साल पुराना मंदिर गिराया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में एक 125 साल से ज्यादा पुराने हिंदू मंदिर को मदरसा बनाने के लिए गिरा दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान' नाम की एक प्रतिबंधित कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के सदस्यों ने मंदिर को 21 अगस्त कोगिरा दिया था, ताकि इस जमीन को मदरसे में शामिल किया जा सके। सरकार का दावा है कि 100-125 साल पुराना यह मंदिर भारी बारिश की वजह से खुद ढह गया।

26वें शंघाई शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने विश्व को चेताया

आतंकवाद पूरी 'मानवता' के लिए गंभीर खतरा, कट्टरपंथी सोच पर लगाएं लगाम

एससीओ में संबोधित करते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ बिश्केक

पीएम नरेंद्र मोदी ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में 26वें एससीओ समिट में विश्व को आतंकवाद के प्रति सचेत करते हुए आतंकवाद के पूरे इकोसिस्टम को ध्वस्त करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देने वाले तत्वों पर रोक लगानी होगी। इस सम्मेलन में पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ भी शामिल हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले पच्चीस वर्षों में एससीओ ने यूरेशिया के विशाल भूभाग में संवाद और सहयोग की एक मजबूत परंपरा विकसित की है। हमने मिलकर अपने लोगों की भलाई के साथ-साथ मानवता के विकास में भी बहुमूल्य योगदान दिया है। इन पच्चीस वर्षों में हमने सहयोग की मजबूत नींव तैयार की है। अब आने वाले पच्चीस वर्षों में हमारा लक्ष्य इस सहयोग को स्पष्ट परिणामों में बदलने का होना चाहिए।

विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा | तीन बातों सुरक्षा, संपर्क और अवसर का किया उल्लेख

लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना जरूरी

एससीओ सम्मेलन में सदस्य देशों के प्रमुख का समूह चित्र

पीएम मोदी ने कहा कि आज जब विश्व अनिश्चितता और अस्थिरता से गुजर रहा है, हमें अपने साझा भूगोल को साझा अवसरों में बदलना है और हमारे प्रयासों से हमारे लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना हैं। पिछली बैठक में मैंने एससीओ को लेकर भारत की सोच के तीन मुख्य स्तंभों का उल्लेख किया था: एस से सिक्योरिटी (सुरक्षा), सी से कनेक्टिविटी और ओ से ऑप्चुनिटी (अवसर)। अब समय है कि इन तीनों स्तंभों को विजन से आगे बढ़ाकर ठोस आउटकम (उपलब्धि) तक ले जाया जाए। और इसकी पहली आवश्यकता है- शांति और सुरक्षा।

आतंकवाद पर द्विपक्षीय मापदंड नहीं चलेंगे

पीएम मोदी ने आतंकवाद को लेकर भारत की मंशा स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि आतंकवाद आज भी पूरी मानवता के लिए गंभीर चुनौती बना हुआ है। इसके विरुद्ध लड़ाई में हम एक्शन-रिएक्शन की सोच तक सीमित नहीं रह सकते। हमें आतंकवाद के वित्तपोषण, भर्ती, कट्टरपंथ और सुरक्षित पनाहगाहों के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को ध्वस्त करना होगा। हमें एक स्वर में बोलना होगा कि इस गंभीर विषय पर द्विपक्षीय मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

युद्ध का समाधान बातचीत से ही संभव

पीएम ने एक दूसरे से जुड़े रहने को दुनिया के लिए जरूरी करार दिया। उन्होंने कहा कि आज की इंटरकनेक्टेड दुनिया में सुरक्षा की परिधि और भी व्यापक हो चुकी है। पश्चिम एशिया के संकट ने यह दिखाया है कि किसी एक क्षेत्र का संघर्ष वहीं तक सीमित नहीं रहता। उसका प्रभाव पूरे विश्व की एनर्जी सिक्योरिटी, मैरीटाइम ट्रेड और सप्लाई चेन्स पर पड़ता है। इसका सबसे अधिक खामियाजा ग्लोबल साउथ के देशों को भुगतना पड़ता है। इसलिए भारत का आह्वान रहा है कि सभी तनावों और युद्धों का समाधान बैटलफील्ड पर नहीं, डायलॉग और डिप्लोमेसी से ही संभव है।

नशा युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा

पीएम मोदी ने नशीले पदार्थों की तस्करी को भी रोकने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ड्रग ट्रैफिकिंग केवल एक अपराध नहीं है बल्कि हमारी युवा पीढ़ी और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है। एससीओ के अंतर्गत सिक्योरिटी थ्रेट्स, ऑर्गेनाइज्ड क्राइम, इन्फोर्मेशन सिक्योरिटी और नार्कोटिक्स जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए स्थापित किए जा रहे सेन्टर्स एक सकारात्मक कदम है। हमें व्यावहारिक समन्वय और समय पर कार्रवाई कर इन्हें प्रभावी माध्यम बनाना चाहिए।

एस. जयशंकर की रूसी और ईरानी समकक्षों से हुई चर्चा

एससीओ शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने रूसी और ईरानी समकक्षों संग हुई छोटी सी मुलाकात की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए लिखा कि एससीओ समिट 2026 से इतर ईरान और रूस के विदेश मंत्रियों से छोटी सी मुलाकात हुई। जयशंकर रूसी विदेश मंत्री सर्जेई लावरोव और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ दिखाई दे रहे हैं।

समय पर वितरण, आत्मनिर्भरता संग वैश्विक मानकों के हिसाब से गुणवत्ता पर केंद्रित करें अपना ध्यान

रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रमों को राजनाथ सिंह की नसीहत...

यहां राजधानी में मंगलवार को हुई 16 डीपीएसयू की वार्षिक समीक्षा बैठक में बोले रक्षा मंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र के सभी 16 सार्वजनिक उपक्रमों (डीपीएसयू) की वार्षिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें उन्होंने इनके कामकाज का विस्तृत रूप से आकलन करने के अलावा रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन हासिल करने को लेकर किए गए उपक्रमों के प्रयासों की सराहना की है। डीपीएयसू से भविष्य में कुछ जरूरी बातों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करने के लिए भी उन्होंने कहा है। जिसमें समय पर वितरण, आत्मनिर्भरता, निर्यात और अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत गुणवत्ता को बनाए रखना शामिल है। उन्होंने जोर दिया कि मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हमें वैश्विक स्तर की बड़ी और प्रतिस्पर्धी कंपनियों में तब्दील होना पड़ेगा। रक्षा मंत्री के मुताबिक, डीपीएसयू की प्रगति महज देश की आर्थिक और औद्योगिक आवश्यकता नहीं है। बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूत करने के लिए बेहद जरूरी है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला की दरकार: उन्होंने हाल के वैश्विक संघर्षों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन्होंने हमें यह दिखा दिया है कि किसी भी देश के लिए एक भरोसेमंद आपूर्ति श्रृंखला, जरूरत पड़ने पर उत्पादन क्षमता को तेजी से बढ़ाने की क्षमता, जरूरी कलपुर्जों की आवश्यकता, तेज मरम्मत क्षमता और लंबे वक्त तक चलने वाले संघर्षों के दौरान उत्पादन क्षमता को बनाए रखना कितना जरूरी है। समीक्षा बैठक के दौरान रक्षा मंत्री ने चार पुस्तकों (आत्मनिर्भर डीपीएसयू, आत्मनिर्भरता की ओर डीपीएसयू की यात्रा) का विमोचन भी किया।

इनकी रही बैठक में मौजूदगी: समीक्षा बैठक में सभी 16 डीपीएसयू के मुख्य अधिकारियों की मौजूदगी रही। इस अवसर पर 7 डीपीएसयू जैसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, एमडीएल, बीडीएल, बीईएल, जीआरएसई, बीईएमएल और मिधानी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों ने वित्त वर्ष-2025-26 के लिए सरकार की इक्विटी हिस्सेदारी पर कुल 3 हजार 951 करोड़ रुपए के लाभांश के चेक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को सौंपे है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 2025-26 में भारत ने कुल करीब 1.8 लाख करोड़ रुपए का रक्षा उत्पादन किया था। जिसमें डीपीएसयू का योगदान 1.29 लाख करोड़ रुपए रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि को आत्मनिर्भर रक्षा औद्योगिक आधार विकसित करने की दिशा में देश की महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक बताया है।

रूस का यूक्रेन पर हवाई हमला

मारे गए 12 में एक भारतीय भी शामिल, जताई संवेदना

एजेंसी ▶▶ कीव

रूस की ओर से यूक्रेन में रातभर किए गए बड़े हवाई हमले में मारे गए 12 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कुल 12 लोग मारे गए, जिनमें एक भारतीय नागरिक भी शामिल है और हमले में दर्जनों अन्य लोग घायल हुए हैं। जिन लोगों ने अपने परिवार और प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। हमले के बाद कई इलाकों में राहत और बचाव का काम जारी है। जेलेंस्की ने बताया कि कीव और आसपास के क्षेत्र में ही करीब 350 राहतकर्मी हमले के बाद के हालात से निपटने में जुटे हैं।

राष्ट्रपति जेलेंस्की

उन्होंने कहा कि हमले में बड़ी संख्या में जेट से चलने वाले ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। आवासीय इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। बोरिस्पिल में पांच मंजिला आवासीय इमारत क्षतिग्रस्त हुई और 50 लोगों को वहां से निकाला गया। शहर में 4 लोगों की मौत हुई, 13 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि ओडेसा और आसपास के क्षेत्र में भी पिछली शाम से निर्देशित हवाई बमों और ड्रोन से हमले जारी हैं।

मामला तेलंगाना स्थित सिकंदराबाद छावनी से जुड़ा है, जहां से राइफल, पिस्टल और गोला बारूद हुआ चोरी

चार साल में दूसरी बार सेना के किसी ठिकाने से चोरी हुए हथियार, जांच जारी

सूत्रों ने कहा, मामला बेहद गंभीर, दोषियों को मिलेगी कड़ी सजा, नपेंगे छावनी से जुड़े कुछ अधिकारी व अन्य लोग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना के तेलंगाना स्थित मद्रास रेजिमेंट परिसर में शामिल सिकंदराबाद छावनी से हथियारों की चोरी का एक बड़ा गंभीर और सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें 4 से 5 एके सीरीज की राइफलें, 1 इंसास राइफल, 7 पिस्टल के अलावा बड़ी मात्रा में गोलाबारूद और एक पैसिव नाइट विजन दूरबीन (19 हजार राउंड और 21 मैगनीज शामिल) चोरी हो गया है। मामले को लेकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर अपनी व्यापक जांच शुरू कर दी है। वहीं, सेना ने भी अपनी आंतरिक जांच-पड़ताल यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही घटना से जुड़े हुए असली कारणों का पता लग सकेगा। छावनी के पूरे इलाके को सेना ने एहतियातन हाईअलर्ट पर रखा है। अधिकारियों के आवासीय परिसरों की निगरानी भी बढ़ा दी गई है। जबकि जवानों के लिए सुरक्षा एस्कॉर्ट में बढ़ोतरी की गई है। गौरतलब है कि यह पहला मामला नहीं है। जब सेना के किसी ठिकाने से यूं हथियारों की चोरी की गई है। इससे पहले वर्ष 2023 में पंजाब स्थित बठिंडा मिलिट्री स्टेशन से भी ऐसी ही एक घटना सामने आ चुकी है। जिसके बाद लगभग चार साल में यह दूसरा मामला हो जाता है। जिसमें किसी सैन्य ठिकाने से हथियारों की चोरी की गई है।

कई लोगों पर गिरेगी गाज

सेना के सूत्रों ने बताया कि उसकी किसी छावनी या अन्य ठिकाने से हथियारों की चोरी होना एक सामान्य नहीं बल्कि बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला होता है। हथियारों के नुकसान को हमेशा से ही सेना में एक बड़े

मामले के रूप में देखा जाता है। इस मामले में भी हमारा रुख कुछ ऐसा ही है। जिसमें निश्चित रूप से दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्हें किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कोर्ट ऑफ इंक्वायरी की रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद रेजिमेंट परिसर से जुड़े कुछ सैन्य अधिकारियों या अन्य लोगों पर भी इस गंभीर चूक को लेकर गाज गिर सकती है।

हथियारों की बैरक तोड़कर चुराए हथियार

तेलंगाना की पुलिस के मुताबिक, यह मामला बीते 31 अगस्त को सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर उस वक्त सामने आया। जब बैरक क्षेत्र को खोला गया। तब दरवाजे के ताले टूटे मिले। सेना द्वारा की गई शिकायत के दौरान की गई पुलिस की पूछताछ में बताया गया कि क्षेत्र की आखिरी बार भौतिक रूप से जांच 30 अगस्त की शाम लगभग 6 बजे की गई थी। पुलिस का यह भी कहना है कि इस घटना में कम से कम दो से ज्यादा लोग शामिल हो सकते हैं। जिन्होंने हथियार रखने वाली बैरक का ताला तोड़कर वहां प्रवेश किया और फिर हथियारों की चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। जिससे यह लगता है कि इन लोगों को बैरक के इलाके और उसमें रखे हुए हथियारों के बारे में पहले से स्पष्ट रूप से जानकारी थी। पुलिस ने संदिग्धों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का भी गठन किया है। पुलिस सूत्रों ने हालांकि बैरक के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम न होने को लेकर चिंता व्यक्त की है। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर सामरिक गलियारों में ऐसी अपुष्ट जानकारी भी सामने आ रही है। जिसमें यह बताया जा रहा है कि हथियारों की चोरी में किसी बाहरी के बजाय सैन्य ठिकाने के किसी अंदरूनी व्यक्ति (अग्निवीरों) का हाथ हो सकता है।

बठिंडा में चुराए हथियारों से ली 4 की जान

यहां बता दें कि यह पहला मामला नहीं है। जब सेना के किसी ठिकाने से हथियारों की चोरी की गई है। इससे पहले वर्ष 2023 में पंजाब के बठिंडा मिलिट्री स्टेशन से भी ऐसी ही एक घटना सामने आई थी। जिसमें तोपखाना यूनिट (आर्टिलरी) में तैनात एक गनर देसाई मोहन ने हथियार डिपो से एक इंसास और 28 कारतूसों से भरी मैगजीन चुरा ली थी। बाद में उसने अधिकारियों के भोजनस्थल (मेस) के पास बैरक में सुबह के वक्त सो रहे अपनी ही यूनिट के 4 जवानों की चुराई गई इंसास राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109